RNI NO.: MAHHIM/2010/41894

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net | वर्ष 14 ■ अंक 153 ■ पुणे, रविवार 20 अप्रैल 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00 | संरक्षक : आरएन सिंह



एनडीए में नीतीश सीएम 'फेस' पेज-4



परिवारवादियों को स्वीकार्य नहीं, सबका साथ-सबका विकास : सीएम योगी पेज-6



दान करना सबसे पुण्य कार्य पेज-8



स्वर्ण पदक विजेता सुरुचि ने खोले सफलता के राज पेज-9

## Short News एक नजर

### सऊदी अरब के दौरे पर जाएंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन की सऊदी अरब की यात्रा पर रवाना होने वाले हैं। वह मंगलवार को सऊदी अरब रवाना होंगे। इस दौरान उनकी मुलाकात सऊदी के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान अल सऊद से होगी। पीएम की इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच कई अहम समझौते होने की उम्मीद है। इस यात्रा में ऊर्जा, व्यापार और रक्षा सहित कई प्रमुख क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने की दिशा में चर्चा होगी। दोनों पक्षों के बीच कई समझौतों पर हस्ताक्षर भी किए जाएंगे।

### जयपुर में 4 दिन रुकेंगे अमेरिकी उप राष्ट्रपति

**जयपुर।** अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस के जयपुर दौरे को लेकर कार्यक्रम में थोड़ा बदलाव हुआ है। पहले वे 22 अप्रैल को जयपुर आने वाले थे जबकि अब 21 अप्रैल को ही जयपुर आने का कार्यक्रम बना है। पहले तीन दिन तक जयपुर में रुकने का कार्यक्रम था जो कि अब 4 दिन ठहरने का हो गया है। यानी वेंस 21 अप्रैल को भारत पहुंचेंगे। पहले वे दिल्ली उतरेंगे। वहां पीएम नरेंद्र मोदी के साथ अहम बैठक करेंगे और फिर 21 अप्रैल की शाम को ही जयपुर आएंगे। 24 अप्रैल को वापस उड़ान भरेंगे। अर्थात वेंस 21, 22, 23 और 24 अप्रैल तक जयपुर ही रहेंगे। इस दरमियान कुछ घंटों के लिए वे आगरा जाकर भी आएंगे।

### मलयालम एक्टर शाइन टॉम चाको गिरफ्तार

**कोच्चि।** केरल के मशहूर मलयालम अभिनेता शाइन टॉम चाको को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शाइन पर ड्रग्स लेने और नशीले पदार्थों का सेवन करने का आरोप है। केरल के एर्नाकुलम टाउन के नॉर्थ पुलिस स्टेशन में चार घंटे तक उनसे पूछताछ की गई, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। शाइन टॉम चाको को 2015 में ही एक ड्रग केस में गिरफ्तार किया गया था। इस साल की शुरुआत में उन्हें रिहा कर दिया गया। हालांकि बुधवार यानी 16 अप्रैल की देर रात पुलिस ने कोच्चि के एक होटल में छापेमारी की। इस दौरान शाइन को वहां से भागते हुए देखा गया था।

### रेप के आरोपी चाचा को 20 दिन में सजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने 16 साल की नाबालिग बच्ची से रेप कर उसे गर्भवती करने वाले 45 साल के व्यक्ति को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने सिर्फ 20 दिन में इस गंभीर केस का फैसला सुनाया और कहा कि दोषी को जिंदगी भर जेल में रहना होगा। यह मामला POCSO एक्ट की धारा 6 के तहत दर्ज हुआ था। अदालत ने पीड़िता को 19 .5 लाख रुपए का मुआवजा दिलाने का आदेश भी दिया। अदालत ने कहा कि जब आरोपी ने लड़की का यौन शोषण करना शुरू किया, तब उसकी उम्र 45 साल थी और लड़की सिर्फ 16 साल की थी।

## सांसद निशिकांत दुबे का विवादित बयान

# सीमाएं लांघ रहा सुप्रीम कोर्ट

### देश में गृह युद्ध के लिए CJI संजीव खन्ना जिम्मेदार





**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने शनिवार को विवादित बयान देते हुए कहा है कि इस देश में जितने भी गृह युद्ध हो रहे हैं, उसके जिम्मेदार सिर्फ चीफ जस्टिस (CJI) संजीव खन्ना हैं। राष्ट्रपति और राज्यपाल को लेकर आए सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले पर भी निशिकांत दुबे ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि अगर सुप्रीम कोर्ट से ही सारे कानून बनेंगे तो संसद के दरवाजे बंद कर दिए जाने चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि सुप्रीम कोर्ट अपनी सीमा से बाहर जा रहा है और देश में धार्मिक युद्ध भड़काने का भी जिम्मेदार वही है।

बीजेपी सांसद ने सुप्रीम कोर्ट के अतीत के फैसलों का भी जिक्र करते हुए निशाना साधा। उन्होंने कहा, "एक आर्टिकल 377 था, जिसमें होमो-सैक्सुअल्टी बड़ा अपराध था। अभी ट्रंप प्रशासन ने कहा है कि इस दुनिया में दो ही सेक्स- पुरुष या महिला हैं। ट्रांसजेंडर की बात नहीं की। सभी धर्म मानते हैं कि होमो-सैक्सुअल्टी अपराध है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह आर्टिकल खत्म करते हैं। हमने आईटी ऐक्ट बनाया, जिसमें बच्चे, महिलाएं सबसे ज्यादा दुखी थे, क्योंकि उनके पॉर्न आते हैं, उनके लिए था। एक दिन सुप्रीम कोर्ट खड़ा होता है और 66-ए आईटी एक्ट को खत्म कर देता है।"

निशिकांत दुबे ने आगे कहा, "मैंने आर्टिकल-141 का काफी अध्ययन किया है। यह कहता है कि हम जो कानून बनाते हैं, वह लोअर कोर्ट से सुप्रीम कोर्ट तक लागू है। आर्टिकल-368 कहता है कि इस देश के संविधान के तहत संसद को सभी कानून बनाने का अधिकार है। सुप्रीम कोर्ट राष्ट्रपति, राज्यपाल से कह रहा है कि तीन महीने में क्या काम करना है। यह देश राम, कृष्ण, सीता, राधा, सनातन आदि की परंपरा है। जब राम मंदिर का विषय होता है तो कहते हो कि कागज दिखाओ। ज्ञानवापी, मथुरा में कागज मांगते हैं, लेकिन मुगलों के बाद जो मस्जिद बनी हैं, उस पर कहते हैं कि आप कागज कहां से दिखाएंगे?"

बीजेपी सांसद ने आरोप लगाया कि देश में धार्मिक युद्ध भड़काने के लिए सिर्फ सुप्रीम कोर्ट जिम्मेदार है।

शेष पेज 7 पर

# उद्धव और राज होंगे साथ!

### उद्धव बोले- मैं साथ आने के लिए तैयार हूं







"कोई भी बिछड़े लोग साथ में आते हैं और किसी का विवाद समाप्त होता है तो यह अच्छी बात है, इसमें बुरा मानने की कोई बात नहीं। मुझे खुशी होगी।
-देवेंद्र फडणवीस

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

क्या महाराष्ट्र की राजनीति की दशकों तक धुरी रहे ठाकरे परिवार में एकता होने वाली है? राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे ने मराठी भाषा और महाराष्ट्र की अस्मिता के नाम पर जैसा रुख दिखाया है, उससे ऐसी ही चर्चाएं शुरू हो गई हैं। यही नहीं शनिवार को दोनों ने ही अलग-अलग जगहों पर कहा कि महाराष्ट्र और मराठी लोगों के हित में वे अपने मतभेद भुलाकर साथ भी आ सकते हैं। राज ठाकरे ने कहा- जब मैं शिवसेना में था तो मुझे उद्धव के साथ काम करने में कोई आपत्ति नहीं थी। सवाल यह है कि क्या दूसरा व्यक्ति चाहता है कि मैं उसके साथ काम करूं? मैं कभी भी अपने अहंकार को ऐसी छोटी-छोटी बातों में नहीं लाता।

**उद्धव ने रखी शर्त?**

उद्धव ने आगे कहा कि हमने अपने मतभेद सुलझा लिए हैं, लेकिन पहले यह तय कर लें कि किसके साथ जाना है। मराठी हित में आप किसके साथ जाएंगे, यह तय कर लीजिए। फिर बिना शर्त समर्थन दीजिए या विरोध कीजिए, मुझे कोई आपत्ति नहीं है। मेरी एकमात्र शर्त महाराष्ट्र का हित है। लेकिन बाकी लोगों को, इन चोरों को, उनसे न मिलने की शपथ लेनी चाहिए, जाने-अनजाने में उनका समर्थन या प्रचार नहीं करना चाहिए। उद्धव ठाकरे ने राज ठाकरे को इस तरह जवाब दिया है।

# 'जो हुआ वो बर्बर है, ऐसा दोबारा नहीं होना चाहिए'

### मुर्शिदाबाद पीड़ितों से मिलकर बोले राज्यपाल



**महानगर नेटवर्क**
**कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने मुर्शिदाबाद हिंसा में मारे गए व्यक्ति और उसके बेटे के परिजनों से शनिवार को मुलाकात की। उन्होंने हरसंभव मदद का आश्वासन भी दिया। हरगोविंद दास और चंदन दास के शव शमशेरगंज के जाफराबाद इलाके में उनके घर में पाए गए थे और शरीर पर चाकू से वार के कई निशान थे। राज्यपाल बोस ने मृतकों के परिजन से मुलाकात के बाद कहा, 'जो हुआ वो बर्बर है। ऐसा दोबारा कभी नहीं होना चाहिए। लोग डरे हुए हैं। हमें वहां सामान्य स्थिति बहाल करने की जरूरत है। लोगों के अंदर ये भरोसा जगाना चाहिए कि उनकी रक्षा के लिए कोई है। साथ ही, भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए हर कदम उठाना चाहिए। पीड़ितों की कई मांगों में से एक प्रमुख मांग यह थी कि स्थायी बीएसएफ कैंप बनाया जाए।'

बंगाल के राज्यपाल ने कहा, 'मैं अनुरोधों पर गौर करूंगा। तीन से चार सुझाव मिले हैं। उन्होंने इलाके में बीएसएफ की तैनाती की मांग की है। मैं इस मामले को उचित अधिकारियों के समक्ष उठाऊंगा। निश्चित रूप से कुछ ठोस कार्रवाई की जाएगी। मैंने उनके साथ राजभवन की हेल्पलाइन भी साझा किया है।' मृतकों के गमगीन परिवार के सदस्य राज्यपाल के पैरों में गिरकर न्याय की गुहार लगाते देखे गए।

### कनाडा में पंजाबी छात्रा की गोली मारकर हत्या

**जालंधर।** पंजाब की रहने वाली एक छात्रा की गुरुवार को कनाडा के हैमिल्टन में बस स्टॉप पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने कहा कि वह हमलावरों के टारगेट पर नहीं थी। हैमिल्टन पुलिस के अनुसार गोलीबारी शाम करीब 7.30 बजे हुई। पीड़िता की पहचान मोहॉक कॉलेज की 21 वर्षीय छात्रा हरसिमरत रंधावा के रूप में हुई है।

लड़की बस स्टैंड पर सार्वजनिक परिवहन का इंतजार कर रही थी। उसे सीने में गोली लगने के घाव के साथ पाया गया और बाद में अस्पताल में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि एक काली मर्सिडीज एसयूवी में सवार यात्री ने एक सफेद सेडान में बैठे लोगों पर गोलियां चलाईं और लड़की बीच में आ गई। उन्होंने कहा कि गोलीबारी के बाद दोनों कारें तुरंत घटनास्थल से भाग गईं।

# 13 आतंकी गिरफ्तार

### भारी मात्रा में हथियारों की खेप बरामद




**महानगर नेटवर्क**
**चंडीगढ़**

पंजाब पुलिस ने दो 2 आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश करते हुए 13 आतंकियों को गिरफ्तार किया है, जिसमें एक नाबालिग भी शामिल है। खुफिया इनपुट के आधार पर अंजाम दिये गए ऑपरेशन के दौरान भारी मात्रा में हथियारों की खेप बरामद हुई है। गिरफ्तार आतंकियों ने कई थानों और लोगों की टारगेट किलिंग करनी थी। बब्बर खालसा इंटरनेशनल द्वारा विदेश से संचालित किए जा रहे पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई समर्थित दो आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ कर पंजाब पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने यह जानकारी दी है। पकड़े गए आतंकियों से पुलिस ने आरपीजी (एक लॉन्चर सहित), 2.5 किलोग्राम की दो 2 आईईडी, डेटोनेटर के साथ 2 हथगोले, रिमोट कंट्रोल के साथ 2 किलोग्राम आरडीएक्स, 5 पिस्तौल, 6 मैगजीन, 44 जिंदा कारतूस, 1 वायरलेस सेट और 3 वाहन बरामद किए हैं।

# दिल्ली में इमारत गिरी,11 की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुस्तफाबाद इलाके में शुक्रवार देर रात ढाई बजे 4 मंजिला बिल्डिंग ढह गई। हादसे में अब तक 11 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि अभी भी 10 से ज्यादा लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। पुलिस के मुताबिक, हादसे में 22 से ज्यादा लोग मलबे में दब गए थे। 14 लोगों को रेस्क्यू कर जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने 4 को मृत घोषित कर दिया। डिविजनल फायर ऑफिसर राजेंद्र अटवाल ने बताया कि देर रात करीब 2:50 बजे एक मकान ढहने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचे तो पता चला कि पूरी बिल्डिंग ढह गई है और लोग मलबे में फंसे हुए हैं। पुलिस के साथ मिलकर बचाव अभियान चलाया गया। तेज बारिश और आंधी-तूफान के चलते कई इलाकों में नुकसान हुआ। माना जा रहा है कि इसी वजह से मुस्तफाबाद की इमारत भी ढह गई।



# शाह ने दिया फिटनेस मंत्र

### दो घंटे एक्सरसाइज, छह घंटे की नींद जरूरी

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि देश के युवाओं को अगर स्वस्थ्य और फिट रहना है तो उन्हें अपने रूटीन में बदलाव करना होगा। यह बात मैं अपने पर्सनल एक्सपीरियंस से बोल रहा हूं।

अमित शाह ने नई दिल्ली में वर्ल्ड लिवर डे पर इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज (ILBS) के एक कार्यक्रम में ये बातें कहीं।

शाह ने कहा कि देश के युवाओं को अभी 40-50 साल और जीना है और देश की प्रगति में योगदान देना है। मैं उनसे अनुरोध करता हूं कि वे अपने शरीर के लिए दो घंटे व्यायाम और अपने दिमाग के लिए छह घंटे की नींद रिजर्व करें।



**शाह बोले- आज किसी भी तरह की दवा की जरूरत नहीं**

अमित शाह ने कहा, 'मई 2020 से लेकर आज तक मैंने अपने जीवन में बहुत बड़ा बदलाव किया। आवश्यक मात्रा में नींद, पानी और आहार और नियमित व्यायाम ने मुझे बहुत कुछ दिया है। आज मैं आपके सामने किसी भी तरह की एलोपैथिक दवा और इंसुलिन से मुक्त होकर खड़ा हूं। यह मेरा अपना अनुभव है। मैं आज यहां इस अनुभव को साझा करने आया हूं।'

### दिल्ली-NCR और जम्मू-कश्मीर में भूकंप

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान में शनिवार को दोपहर 12:17 बजे रिक्टर पैमाने पर 5.8 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का असर जम्मू-कश्मीर और दिल्ली-NCR तक महसूस किया गया। हालांकि जान माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक भूकंप का असर जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में भी महसूस किया गया। श्रीनगर में एक स्थानीय व्यक्ति ने बताया- मैंने भूकंप महसूस किया। मैं दफ्तर में था, तभी मेरी कुर्सी हिली। कुछ इलाकों से लोगों को घरों और ऑफिस से बाहर भागते देखा गया।



# मंदिर तोड़ने के खिलाफ जैन समुदाय का प्रदर्शन

### लोग बोले- हम कमजोर नहीं, मंदिर वहीं बनाएंगे

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

विले पार्ले पूर्व के कांबलीवाड़ी में 30 साल पुराना पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर को BMC की टीम ने 16 अप्रैल को तोड़ दिया। इस कार्रवाई से पहले बीएमसी ने मंदिर को नोटिस भेजा था। जिसके खिलाफ जैन समाज ने एक याचिका भी दायर की थी। इस पर 17 अप्रैल को सुनवाई होनी थी।

बीएमसी की टीम की कार्रवाई सुनवाई से पहले ही की गई। इसके कारण जैन समुदाय के लोग आक्रामक हो गए हैं। उन्होंने शनिवार को अहिंसक तरीके से अपना गुस्सा जाहिर किया। हजारों की तादाद में महिलाएं-पुरुष सड़कों पर नारे लगाते हुए नजर आए। सभी ने काली पट्टी बांधकर बीएमसी का विरोध किया। लोग नारे लगा रहे थे- हम कमजोर नहीं हैं, मंदिर वहीं बनाएंगे। मंदिर ट्रस्ट का आरोप है कि पास के एक होटल को विस्तारित करने के लिए मनपा ने यह कार्रवाई की है।



**सहायक आयुक्त नवनाथ घाडगे का तबादला**

शनिवार को मनपा आयुक्त भूषण गगरानी ने के ईस्ट वॉर्ड के सहायक आयुक्त नवनाथ घाडगे का जैन मंदिर तोड़े जाने मामले में तबादला कर दिया। उनकी जगह पर मनपा एच पूर्व वॉर्ड की सहायक आयुक्त स्वप्नजा क्षीरसागर को अतिरिक्त प्रभार सौंपा। स्वप्नजा क्षीरसागर ने शनिवार शाम को यह अतिरिक्त प्रभार संभाला।

**मंगलप्रभात लोढ़ा बोले- धर्म की रक्षा हम सबकी जिम्मेदारी**

मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा ने भी जैन समुदाय के प्रदर्शन में भाग लिया। लोढ़ा ने BMC की इस कार्रवाई की निंदा की थी। उन्होंने X पोस्ट लिखा- 'धर्म की रक्षा करना हम सबकी जिम्मेदारी है। विले पार्ले में हमारे पूज्य भगवान पार्श्वनाथ जैन मंदिर को ध्वस्त कर दिया गया है, यह सिर्फ एक इमारत नहीं बल्कि हमारी आस्था, संस्कृति और धर्म पर हमला है। यह रैली हमारी एकजुटता दिखाने के लिए है।

विभिन्न राजनीतिक दलों, स्थानीय लोगों और जैन मुनियों ने मनपा की कार्रवाई के खिलाफ मार्च निकाला। इस मोर्चे में कई मंत्री और भाजपा विधायको के अलावा मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष और उत्तर मध्य मुंबई की सांसद वर्षा गायकवाड़ और विधायक मुरजी पटेल ने भी हिस्सा लिया।

# 'जरूरत पड़ी तो नीतिगत कदम उठाने से पीछे नहीं हटेंगे'

### टैरिफ वार के बीच RBI गवर्नर का बड़ा बयान

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

टैरिफ वार के बीच आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि केंद्रीय बैंक तेजी से बदल रही वैश्विक परिस्थितियों पर नजर रखे हुए और वह जरूरत पड़ने पर नीतिगत कदम उठाने से पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था और वित्तीय बाजारों ने उल्लेखनीय लचीलापन दिखाया है। हालांकि, उन्होंने आगाह किया कि अर्थव्यवस्था और वित्तीय बाजार अस्थिर वैश्विक वातावरण की अनिश्चितताओं से अछूते नहीं हैं। बाली में आयोजित 24वें एफआइएमएमडीए-पीडीएआई वार्षिक सम्मेलन में मल्होत्रा ने कहा, 'तेजी से बदल रही वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए हम लगातार आर्थिक परिदृश्य की निगरानी और आकलन कर रहे हैं। हम हमेशा की तरह नीतिगत मोर्चे पर अपनी कार्रवाई में सक्रिय और तत्पर रहेंगे।'



उन्होंने कहा कि विकास दर और मुद्रास्फीति संतुलन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और मुद्रास्फीति भी सहनशील दायरे के भीतर है।

गवर्नर ने कहा कि इसके बावजूद वैश्विक अनिश्चितताएं और मौसम की गड़बड़ी मुद्रास्फीति के लिहाज से जोखिम पैदा कर सकती है।

# अफेयर ने लगा दी शहर में आग

### लव जिहाद के आरोप में सागर में बवाल

**महानगर नेटवर्क**
**सागर**

मध्य प्रदेश के सागर जिले में भारी बवाल की खबर है। बताया जाता है कि लव जिहाद का आरोप लगा कर एक समुदाय के लोग दूसरे समुदाय से उलझ गए। देखते ही देखते विवाद हिंसक हो गया। घटना से आक्रोशित लोगों ने जमकर तोड़फोड़ की। भीड़ ने कुछ घरों और दुकानों को आग के हवाले भी कर दिया। जैसे ही घटना की जानकारी लगी पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मौजूदा वक्त में पूरे इलाके में भारी फोर्स तैनात है।



प्राप्त जानकारी के मुताबिक, सागर जिले के सानौधा थाना क्षेत्र के ग्राम सानौधा की एक युवती शुक्रवार रात घर से भाग गई। उसका समुदाय विशेष के एक लड़के से प्रेम प्रसंग की बात सामने आई है। सुबह लड़की के घर वालों ने समुदाय विशेष के लड़के की खोजबीन की। जब उनको पता चला कि लड़का भी घर से गायब है तो लोगों में आक्रोश बढ़ गया। घटना से गुस्साए एक समुदाय लोगों ने लव जिहाद का आरोप लगाते हुए हंगाम खड़ा कर दिया।

देखते ही देखते इलाके में लोगों का भारी जमावड़ा लग गया। इसके बाद भड़की भीड़ ने घरों में तोड़फोड़ करनी शुरू कर दी। घटना से गुस्साए लोगों ने घरों और कुछ वाहनों को आग के हवाले कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस की टीमें मौके पर पहुंची। तब तक बवाल काफी बढ़ गया था। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। आसपास के थानों की फोर्स भी बुला ली गई। घरों में लगी आग को बुझाया गया।

# मिथुन ने फिर कहा-बंगाल में लगे राष्ट्रपति शासन



**महानगर नेटवर्क**
**कोलकाता**

बीजेपी नेता और एक्टर मिथुन चक्रवर्ती ने एक बार फिर केंद्र सरकार से पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है। उनका कहना है कि राज्य में कानून व्यवस्था ठीक नहीं है। खासकर मुर्शिदाबाद जिले में जो हिंसा हुई, उससे वो बहुत चिंतित हैं। यह हिंसा वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के कारण हुई। मिथुन ने कहा कि मैंने कई बार अनुरोध किया है और मैं अभी भी गृह मंत्री से अनुरोध कर रहा हूं। कम से कम, कृपया चुनाव के दौरान दो महीने के लिए अंदर सेना तैनात करें। अगर उन्हें तैनात किया जाता है, तो निष्पक्ष चुनाव होंगे। मिथुन की यह टिप्पणी 8 से 12 अप्रैल के बीच शमशेरगंज, सुती, धूलियान और जंगीपुर जैसे कई मुस्लिम बहुल कस्बों में हुई सांप्रदायिक झड़पों के बीच आई है। हिंसा में तीन लोगों की मौत हो गई, सैकड़ों लोग गिरफ्तार हुए और हजारों लोग विस्थापित हुए।

# नकली पनीर पर अब एफडीए की नजर

## धोखाधड़ी करने वालों का लाइसेंस होगा रद्द

## एफडीए मंत्री नरहरि झिरवाल की चेतावनी

महानगर संवाददाता
मुंबई



नकली पनीर या पनीर एनालॉग का उपयोग करने वालों के खिलाफ खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग (एफडीए) कठोर कार्रवाई करेगा। एफडीए मंत्री नरहरि झिरवाल ने चेतावनी दी है कि यदि कोई व्यापारी पनीर जैसे नकली उत्पाद बेचते पाया गया तो उसका लाइसेंस रद्द कर दिए जाएगा।

मंत्री झिरवाल ने कहा कि पनीर एक पसंदीदा खाद्य पदार्थ है और बाजार में इसकी भारी मांग है। पनीर का क्रेज विशेष रूप से छोटे बच्चों में अधिक है। हालांकि,खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की जांच में पाया गया है कि कुछ स्थानों पर नकली पनीर या पनीर एनालॉग का उपयोग करके उपभोक्ताओं को धोखा दिया जा रहा है। इस तरह से उपभोक्ताओं को गुमराह करने वाले पनीर विक्रेताओं के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के साथ-साथ 2011 और 2022 के नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

खाद्य सुरक्षा एवं मानक (लेबलिंग और प्रदर्शन विनियम) नियम 2020 के अनुसार उपभोक्ताओं को बेचे जाने वाले खाद्य पदार्थों के सभी अवयवों एवं पोषण मूल्यों के बारे में जानकारी प्रदर्शित करना अनिवार्य है। रेस्तरां, होटल, कैटरर्स और फास्ट फूड विक्रेताओं के लिए अपने मेनू कार्ड, डिस्प्ले बोर्ड और ऑर्डर मशीनों पर सटीक जानकारी देना अनिवार्य है। मंत्री ने कहा कि खाद्य एवं औषधि प्रशासन उपभोक्ताओं के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। भोजन की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि यह पाया गया कि रेस्तरां, होटल और फास्ट फूड संचालक ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी कर रहे हैं तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के आदेश जारी किए गए हैं। खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने सभी खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को अपने क्षेत्राधिकार में पनीर एनालॉग वितरकों के क्रय एवं विक्रय बिलों की जांच करने का निर्देश दिया है। साथ ही कम से कम 10 प्रतिष्ठानों का गहन निरीक्षण करने, खाद्य पदार्थों के नमूने लेने तथा होटल, रेस्टोरेंट, फास्ट फूड विक्रेताओं और कैटरर्स के खरीद बिलों में पनीर के स्थान पर एनालॉग का उपयोग कर ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी करने की बात पाए जाने पर खाद्य पदार्थ जब्त करने की कार्रवाई करने के आदेश दिए गए हैं। उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों के लाइसेंस खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006, नियम एवं विनियम 2011 तथा खाद्य सुरक्षा एवं मानक (खाद्य व्यवसाय लाइसेंसिंग एवं पंजीकरण) विनियम 2011 के प्रावधानों के अनुसार तत्काल निलंबित कर दिए जाएंगे।

### क्या है पनीर एनालॉग?

नकली पनीर या पनीर एनालॉग दिखने और स्वाद में पनीर की तरह होता है, लेकिन इसे दूध से नहीं, बल्कि वनस्पति तेल,स्टार्च का उपयोग करके बनाया जाता है। पनीर एनालॉग असली पनीर से सस्ता होता है, जिससे यह रेस्तरां और अन्य खाद्य व्यवसायों के लिए एक आकर्षक विकल्प बन जाता है। इसे खाने से हृदय रोग और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। असली पनीर का टेक्सचर सख्त और ठोस होता है, जबकि पनीर एनालॉग का टेक्सचर रबड़ जैसा या सॉफ्ट होता है।

# मुंबई में अवैध नल कनेक्शन से पानी चोरी

## डेढ़ साल में मनपा ने 3,616 अवैध नल कनेक्शन काटे



मुंबई की रोजाना पानी की जरूरत 4,200 मिलियन लीटर है,जबकि वर्तमान में सात तालाब से केवल 3,900 मिलियन लीटर पानी की आपूर्ति हो रही है। प्रतिदिन लगभग 30% पानी की चोरी या लीकेज के कारण नुकसान हो रहा है। इससे मुंबईकरों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। वर्षों पहले यह प्रतिशत 25% था जिसमे और अधिक बढ़ोत्तरी हो गई है। मनपा अभी तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाल पाई है।

महानगर संवाददाता
मुंबई

मनपा प्रशासन सभी को पानी का अधिकार के तहत नल कनेक्शन दे रही है,इसके बावजूद पानी चोरी रुकने के नाम नहीं ले रही है। मनपा ने पिछले डेढ़ साल के साल के दौरान 3616 अवैध नल कनेक्शन काटे हैं। बता दें कि सभी को जल योजना की शुरुआत जून 2022 में की गई थी। इसका उद्देश्य निजी जमीन पर बसे अनधिकृत झोपड़पट्टी वासियों,प्रकल्प पीड़ितों,बिना मंजूरी के बने भवनों और दुकानों, फैक्ट्रियों आदि को वैध पानी कनेक्शन देना है। उच्च न्यायालय ने कुछ साल पहले आदेश दिया था कि 2000 के बाद बनी झोपड़पट्टियों को भी पानी मिलना चाहिए। इसके बाद मनपा ने 2022-23 के बजट में इस नीति की घोषणा की और जल अभियंता विभाग ने इसे लागू किया। इस नीति का लाभ न उठाकर कई झोपड़ी वाले,दुकानदार, होटल,गोदाम और फैक्ट्री मालिक अवैध रूप से नल कनेक्शन लेकर पानी चुरा रहे हैं। पिछले सवा साल में 3,616 अवैध कनेक्शन सामने आए और काटे गए। इनमें से 2024 में ही 2,983 कनेक्शन काटे गए, जिनमें जनवरी में 326 और फरवरी 2025 में 307 कनेक्शन शामिल हैं। इनमें से 665 नल कनेक्शन दादर, माहिम और धारावी के जी उत्तर वार्ड से थे। एम पश्चिम वार्ड (चेंबूर) में 326 और कुर्ला के एल वार्ड में 307 अवैध कनेक्शन काटे गए। कुर्ला में जनवरी 2025 से विशेष कार्रवाई शुरू की गई है।

# ठाणे में 96 इमारतें खतरनाक

## जर्जर इमारतों में रहते हैं 2075 परिवार



महानगर संवाददाता
ठाणे

ठाणे शहर में मानसून से पहले एक बार फिर जर्जर इमारतों का खतरा मंडराने लगा है। मनपा द्वारा जारी की गई रिपोर्ट के अनुसार, शहर की 96 इमारतें अत्यंत खतरनाक स्थिति में पहुंच चुकी हैं और इन इमारतों में रहने वाले 2075 परिवारों पर जान का खतरा मंडरा रहा है। मनपा ने इन इमारतों को तत्काल खाली कराने के लिए नोटिस जारी कर दिया हैं, लेकिन सबसे बड़ी चुनौती इन परिवारों के लिए वैकल्पिक आश्रय की व्यवस्था करना है। बता दें कि ठाणे मनपा हर साल मानसून से पहले खतरनाक इमारतों की सूची जारी करता है और इस बार की सूची पहले से भी अधिक भयावह है। इन 96 खतरनाक इमारतों में से 25 में अभी भी लोग रह रहे हैं,जबकि 15 इमारतों को गिरा दिया गया है और 10 इमारतों का पुनर्निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। आंकड़ों के मुताबिक,शहर में कुल 4,407 इमारतें खतरनाक घोषित की गई हैं, जिनमें से नौपाड़ा वार्ड समिति क्षेत्र में सबसे ज्यादा 63 इमारतें हैं। मुंब्रा,वागले, लोकमान्यनगर, वर्तकनगर और मजीवाड़ा जैसे इलाकों में भी खस्ताहाल इमारतों की संख्या चिंताजनक है। मुंब्रा में ही 1343 खतरनाक इमारतें मौजूद हैं।

# ठाणे में चेन स्नैचिंग गैंग का भंडाफोड़

## अपराध की श्रृंखला पर वर्तकनगर पुलिस की करारी चोट | 15 वारदातों का हुआ खुलासा

महानगर संवाददाता
ठाणे



सुबह की सैर पर निकली महिला की चेन छीनकर फरार होने वाले शातिरों को वर्तकनगर पुलिस ने आखिरकार दबोच ही लिया। लेकिन मामला केवल एक चोरी तक सीमित नहीं रहा— पूछताछ में जो खुलासा हुआ,उसने पुलिस को भी चौंका दिया। पकड़े गए आरोपी न केवल ठाणे बल्कि आसपास के क्षेत्रों में चेन स्नैचिंग की एक पूरी श्रृंखला चला रहे थे।

बता दें कि मामला 12 मार्च की सुबह का है,जब वंदना प्रकाश माने नामक महिला अपने पति के साथ टहलने निकली थीं। यशोधनगर स्थित तमन्ना बिल्डिंग के पास दो अज्ञात युवकों ने झपट्टा मारते हुए उनके गले से सोने की चेन छीन ली और फरार हो गए। शिकायत मिलते ही वर्तकनगर पुलिस हरकत में आई और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर एक विशेष टीम गठित की गई। सीसीटीवी फुटेज, सटीक खुफिया सूचना और तकनीकी जांच के सहारे पुलिस ने महज कुछ ही दिनों में दो आरोपियों—जाफर यूसुफ जाफरी उर्फ चव्हाण (26) और संदीप गिरीशचंद्र प्रसाद (20)— को कल्याण क्षेत्र से गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने न सिर्फ वंदना माने की चेन छीनी होने की बात कबूली, बल्कि पूरे 15 अपराधों की पोल खोल दी। आरोपियों ने मानपाडा, मुंब्रा, अंबिवली, चितलसर और नवघर तक कई क्षेत्रों में सोने की चेन व मंगलसूत्र झपटने की घटनाओं को अंजाम दिया था। उनके पास से कुल 5.25 लाख मूल्य का माल बरामद किया गया है, जिसमें छह तोले सोने की चेन और भारी भरकम मंगलसूत्र शामिल हैं।

यह पूरी कार्रवाई पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे, संयुक्त आयुक्त डॉ. ज्ञानेश्वर चव्हाण और वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राजकुमार वाघचवारे के मार्गदर्शन में की गई। वर्तकनगर पुलिस की इस कामयाबी से न केवल इलाके की महिलाओं ने राहत की सांस ली है, बल्कि एक संगठित चेन स्नैचिंग गैंग की कमर भी तोड़ दी गई है।

# मनपा द्वारा पानी उबाल कर पीने की अपील

महानगर संवाददाता
भायंदर



मीरा-भायंदर मनपा के जल विभाग द्वारा जनता से पीने के पानी को उबालने का आह्वान किया गया है। मनपा द्वारा जारी सूचना के आधार पर बताया गया है कि उल्हास नदी से आने वाले पानी की शुद्धता की गुणवत्ता में कमी नहीं हैं,परन्तु पाइप लाइन दुरूस्तीकरण एवं अन्य कामों को देखते हुए सावधानी रखना भी जरूरी है। उल्हास नदी से मि-रा-भायंदर शहर के अलावा ठाणे, भिवंडी तथा 34 ग्राम पंचायतों में पानी की आपूर्ति की जाती है। हालांकि महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा इस पर ध्यान दिया जा रहा है , स्टेम प्राधिकरण इस जल शुद्धीकरण प्रकिया की पूरी निगरानी कर रही है। मिरा - भायंदर मनपा के जल विभाग द्वारा सभी नागरिकों को आह्वान किया गया है की शहर में आने वाले पानी की शुद्धता में कमी नहीं हैं फिर भी सावधानी के लिए पीने के पानी को छान कर एवं उबाल कर उपयोग करे।

# भाई ने सात साल की बहन को उतारा मौत के घाट

महानगर संवाददाता
नालासोपारा




वसई में हुए दिल दहला देने वाले हत्याकांड ने अब चौंकाने वाला मोड़ ले लिया है। खुलासा हुआ है कि सात साल की अंजलि मिथुन शर्मा की मौत कोई हादसा नहीं थी, बल्कि उसके 13 साल के भाई ने ही उसकी हत्या की थी। मध्यवर्ती अपराध शाखा के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अविनाश कुराडे ने जानकारी दी है कि मामूली विवाद के चलते यह दिल दहलाने वाली घटना हुई। घटना गुरुवार 17 अप्रैल को दोपहर करीब 3 बजे नालासोपारा पूर्व के पेल्हार इलाके में हुई। अंजलि घर पर अकेली थी, शुरुआती जांच में पता चला है कि उसके माता-पिता काम पर गए थे, जबकि उसका भाई बाहर खेल रहा था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार अंजलि ने रसोई काउंटर पर रखे सामान को हटाने के लिए स्टूल पर चढ़ने की कोशिश की। लेकिन वह स्टूल से फिसलकर नीचे गिर गई और उसकी गर्दन रसोई के कटर से टकराने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई। शुरुआत में इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पड़ोसियों ने तुरंत अंजलि को वसई-विरार महानगरपालिका के तुलिंज अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन डॉक्टरों ने उपचार से पहले ही उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने अज्ञात मौत का मामला दर्ज किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए मुंबई के जे.जे. अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस ने जब अंजलि के 12 वर्षीय भाई से गहनता से पूछताछ की तो उसने अपना अपराध कबूल कर लिया। उसने बताया कि मामूली विवाद पर गुस्से में आकर उसने अपनी बहन पर धागा काटने वाले कटर से वार किया था।

# अवैध कनेक्शन से बिजली चोरी

## टोरेट पॉवर को लाखों की चपत

**भिवंडी।** भिवंडी शहर में बिजली चोरी के दो मामलों का खुलासा हुआ है, जिसमें पांच लोगों ने अवैध तरीके से कनेक्शन जोड़कर बिजली की आपूर्ति ली। यह बिजली टोरेट पॉवर कंपनी की थी, जिसे इन घटनाओं में भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। दोनों मामलों में शांतिनगर पुलिस स्टेशन में केस दर्ज कर लिया गया है। टोरेट पॉवर कंपनी के एक्सीक्यूटिव अधिकारी विकास राजेश प्रजापति ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराया है कि शेख इरफान उर्फ मुन्ना और उस्मान शाह ने मिलकर टिपू सुलतान चौक,गौरीपाडा स्थित घर नंबर 73/1 रूम नंबर 8 में अवैध रूप से मिनी सेक्शन पीलर कनेक्शन कर और बिजली मीटर से छेड़छाड करते हुए 4258 यूनिट बिजली का उपयोग किया। जांच में सामने आया कि कुल 1,03,478 रुपये की बिजली चोरी की गई.एक अन्य मामले में टोरेंट पॉवर कंपनी के सहा. व्यवस्थापक कृष्णानंद शिवराम वैश्य ने शिकायत दर्ज कराया है कि रहमत कॉम्प्लेक्स, सलाउद्दीन स्कूल के पास, पिरानी पाडा के रहने वाले फिरोज उर्फ मुन्ना भाई, राजू और तीन व्यक्तियों ने अवैध रूप से बिजली का कनेक्शन जोड़ा और बिजली नेटवर्किंग से छेड़छाड़ की। इस मामले में कंपनी को 10 हजार रुपये का नुकसान हुआ।

# 10 जून से कर्नाक ब्रिज पर शुरू हो जाएगा वाहनों का आवागमन

महानगर संवाददाता
मुंबई



मस्जिद बंदर रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर स्थित पी. डी'मेलो मार्ग को जोड़ने वाला कर्नाक रेलवे ओवरब्रिज 10 जून से यातायात के लिए खोल दिया जाएगा। मनपा अतिरिक्त आयुक्त अभिजीत बांगर ने शुक्रवार की रात चल रहे कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने जानकारी दी कि तय समय सीमा में 53 दिनों में पुल का संपूर्ण कार्य पूरा होगा और पुल को वाहनों के आवागमन के लिए खोल दिया जाएगा।

बता दें कि दक्षिण मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, मस्जिद बंदर और मोहम्मद अली रोड क्षेत्र की यातायात के लिए कर्नाक पुल अत्यंत महत्वपूर्ण है। लोकमान्य टिलक मार्ग पर स्थित यह पुल खतरनाक स्थिति में पहुंचने के कारण मनपा ने इसका पुनर्निर्माण कार्य शुरू किया। रेलवे मार्ग पर गर्डर स्थापित किए जाने के बाद आगे के कार्यों के लिए चरणबद्ध सूक्ष्म नियोजन किया गया है। पुल विभाग के अनुसार पूर्व और पश्चिम दिशा में कार्य प्रगति पर है। पुल को 10 जून तक यातायात के लिए खोलने की योजना है इसलिए आगामी 53 दिनों में शेष सभी कार्य पूर्ण करना आवश्यक है। पश्चिम दिशा का कार्य लगभग पूरा हो गया है जबकि पूर्व दिशा में कार्य की गति बढ़ाना आवश्यक है।

# पाइप लाइन पर महिला और पहाड़ी पर युवक का शव मिलने से मचा हड़कंप

## अपराध की बढ़ती वारदातों से शहर में दहशत का माहौल



महानगर संवाददाता
भिवंडी

भिवंडी शहर में लगातार आपराधिक घटनाएं सामने आ रही हैं। एक ओर कोनगांव इलाके में पाइप लाइन के पास अज्ञात महिला का मृत शव मिला है, तो दूसरी ओर नारपोली पुलिस थाना क्षेत्र में एक युवक का शव बरामद होने से सनसनी फैल गई है। कोनगांव पुलिस स्टेशन में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, सहायक पुलिस निरीक्षक सुशील रविंद्र सपकाल ने शिकायत दी कि 18 अप्रैल की सुबह करीब पौने ग्यारह बजे मामा कंपाउड, ठाकुरगांव गेवी बिजनेस पार्क के सामने,पाइप लाइन रोड़ के पास 30 से 35 वर्षीय अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ है। इस महिला की ओढ़नी से घोटकर हत्या की गई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके वारदात पुलिस पहुँचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए उप जिला अस्पताल आई जी एम में भेज दिया है। वहीं दूसरी घटना में नारपोली थाना क्षेत्र के वराला देवी मंदिर के पास की पहाड़ी पर करीब 25 वर्षीय युवक का शव पुलिस ने बरामद किया गया।

# कल्याण के सबसे व्यस्त चौराहे पर घूमते ट्रैफिक सिग्नल का अनूठा प्रयोग

## एक महीने के अध्ययन के बाद स्थायी सिग्नल प्रणाली स्थापित की जाएगी

**कल्याण।** कल्याण - डोंबिवली में यातायात की समस्या को ध्यान में रखते हुए और इसके समाधान के लिए उपाय खोजने के उद्देश्य से,कल्याण पश्चिम के व्यस्ततम सहजानंद चौक पर महानगरपालिका और यातायात पुलिस प्रशासन द्वारा यातायात सिग्नल को स्थानांतरित करने का एक अनूठा प्रयोग किया जा रहा है। सहजानंद चौक स्थित 5 सड़कों को ध्यान में रखते हुए यहां पायलट आधार पर सौर आधारित पोर्टेबल स्टैंड-अलोन सिग्नल प्रणाली शुरू की गई है। नगर निगम के विद्युत



विभाग के अधिशासी अभियंता प्रशांत भागवत ने बताया कि नगर निगम इस सिग्नल प्रणाली को अगले एक महीने तक चालू रखेगा तथा निष्कर्षों के आधार पर अध्ययन करने के बाद यहां स्थायी सिग्नल प्रणाली स्थापित की जाएगी। आगरा रोड कल्याण पश्चिम का एक प्रमुख मार्ग है और प्रतिदिन हजारों वाहन इससे गुजरते हैं। इस मार्ग पर दुर्गादी चौक, लाल चौकी, सहजानंद चौक, छत्रपति शिवाजी महाराज चौक, बैल बाजार आदि हैं। प्रमुख चौराहों पर यातायात नियंत्रण एक बड़ी चुनौती है।

# 8 मई को 6 घंटे के लिए बंद रहेगा CSMIA

**मुंबई।** मुंबई छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट (CSMIA) में 8 मई 2025 को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक, निर्धारित प्री-मानसून रखरखाव के कारण रनवे अस्थायी रूप से नॉन ऑपरेशनल योग्य रहेगा. सभी एयरलाइनों और हितधारकों के साथ छह महीने पहले एक NOTAM (एयरमैन को नोटिस) साझा किया गया था, जिससे योजना बनाने के लिए पर्याप्त समय मिल सके. सक्रिय समन्वय के कारण, उड़ान की आवाजाही प्रभावित नहीं होगी, जिससे यात्रियों के लिए एक सहज और निर्बाध यात्रा का अनुभव संभव होगा. यह निर्धारित प्री-मानसून रखरखाव CSMIA की वार्षिक तैयारी का एक हिस्सा है ताकि हवाई अड्डे के बुनियादी ढांचे की निरंतर अखंडता सुनिश्चित की जा सके।

# ठाणे-बोरीवली सुरंग का समर्थन

## लेकिन निवासियों की तीन बड़ी मांगें सामने आईं

महानगर संवाददाता
ठाणे

हम ठाणे-बोरीवली सुरंग परियोजना का विरोध नहीं कर रहे, लेकिन हमारे सवाल अनदेखे नहीं होने चाहिए, यह कहना है मुल्लाबाग, मानपाड़ा के सैकड़ों निवासियों का, जिन्होंने शनिवार को एमएमआरडीए द्वारा आयोजित बैठक में अपनी तीन प्रमुख मांगें स्पष्ट रूप से रखीं। पहली मांग थी कि यूनीएबेक्स कंपनी तक की पुरानी सड़क को फिर से चालू किया जाए, दूसरी कि टोल प्लाज़ा को आगे शिफ्ट किया जाए और तीसरी कि पेड़ों की कटाई पर तत्काल रोक लगे।

सांसद नरेश म्हस्के की मौजूदगी में हुई इस बैठक में एमएमआरडीए अधिकारियों और ठेकेदारों को भी आमंत्रित किया गया था। म्हस्के ने सुझाव दिया कि सभी हाउसिंग सोसायटियों को मिलकर एक संयुक्त समिति बनानी चाहिए,ताकि आवाज एकजुट होकर एमएमआरडीए तक पहुंचे और मांगों पर ठोस कार्रवाई हो सके। एमएमआरडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विशाल जांभले ने दावा किया कि निवासियों की चिंता को ध्यान में रखते हुए सुरंग का मार्ग 92 मीटर आगे बढ़ा दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि भले ही 2,500 मीटर तक हरित क्षेत्र नष्ट हुआ हो, लेकिन परियोजना स्थल पर दो चरणों में कुल 5,300 मीटर हरित पट्टी विकसित की जाएगी।

# पश्चिम रेलवे उधना और सूबेदारगंज के बीच चलाएगी समर स्पेशल ट्रेन

महानगर संवाददाता
मुंबई



पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा विशेष रूप से ग्रीष्मकाल के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से उधना और सूबेदारगंज के बीच विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस स्पेशल ट्रेन का विवरण निम्नानुसार है।

**ट्रेन संख्या 04156/04155 उधना-सूबेदारगंज साप्ताहिक स्पेशल [22 फेरे]**

ट्रेन संख्या 04156 उधना-सूबेदारगंज स्पेशल प्रत्येक मंगलवार को उधना से 16.30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 21.00 बजे सूबेदारगंज पहुंचेगी। यह ट्रेन 22 अप्रैल से 01 जुलाई तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 04155 सूबेदारगंज-उधना स्पेशल प्रत्येक सोमवार को सूबेदारगंज से 11.40 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 13.30 बजे उधना पहुंचेगी। यह ट्रेन 21 अप्रैल से 30 जून तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में चलथान, नंदुरबार, अमलनेर, भुसावल, इटारसी, रानी कमलापति, बीना, ललितपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ओराई, पुखरायां, गोविंदपुरी और फतेहपुर स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास के कोच होंगे। ट्रेन संख्या 04156 की बुकिंग 20 अप्रैल से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। ट्रेनों के ठहराव, समय और संरचना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# श्री प्रयागराज सेवा फाउंडेशन द्वारा किया गया बच्चों का सत्कार



**दिवा।** दिवा पूर्व श्लोक नगर स्थित बालवाड़ी वर्ग में एक हर्षोल्लासपूर्ण सत्कार समारोह का आयोजन किया गया,जिसमें कक्षा के नन्हे-मुन्ने बच्चों का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य शिक्षिका रेशमा शेलार के मार्गदर्शन में यह आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कुल 30 बच्चों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। समारोह की गरिमा को बढ़ाने के लिए प्रयागराज सेवा फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष एवं फाउंडेशन के महामंत्री महेंद्र मणि पांडेय की विशेष उपस्थिति रही। दोनों गणमान्य अतिथियों ने बच्चों को शुभाशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सभी अभिभावकों की सक्रिय उपस्थिति और सहयोग ने आयोजन को और भी सार्थक बना दिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक गतिविधियों ने कार्यक्रम में रंग भर दिए और सभी उपस्थितजनों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाना एवं उनके प्रारंभिक प्रयासों को सम्मान देना था, जिसे सभी ने सराहा।

# ब्लॉक के कारण पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनें प्रभावित

**मुंबई।** मुंबई सेंट्रल मंडल के बिलिमोरा और अमलसाड स्टेशनों के बीच पुल संख्या 372 पर पीएससी स्लैब लॉन्च करने के लिए मंगलवार एवं बुधवार, 22 और 23 अप्रैल, 2025 को ब्लॉक लिया जाएगा। यह ब्लॉक अप एवं डाउन मेन लाइनों पर लिये जाएंगे, जिसके कारण पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनें प्रभावित होंगी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 22 और 23 अप्रैल, 2025 को प्रभावित होने वाली ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है।

**22 अप्रैल को रिशेड्यूल/रेगुलेट होने वाली ट्रेनें:-**

1. 21 अप्रैल की ट्रेन संख्या 22195 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी–बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट एक्सप्रेस 03 घंटे 30 मिनट रिशेड्यूल होगी।
2. 22 अप्रैल की ट्रेन संख्या 20968 पोरबंदर–सिकंदराबाद सुपरफास्ट एक्सप्रेस 02 घंटे 30 मिनट रिशेड्यूल होगी।
3. 21 अप्रैल की ट्रेन संख्या 19016 पोरबंदर–दादर एक्सप्रेस 02 घंटे रिशेड्यूल होगी।
4. ट्रेन संख्या 09056 उधना–बांद्रा टर्मिनस स्पेशल 30 मिनट रेगुलेट होगी।

**23 अप्रैल को रेगुलेट होने वाली ट्रेनें:-**

1. ट्रेन संख्या 19015 दादर-पोरबंदर एक्सप्रेस 01 घंटा रेगुलेट होगी।
2. ट्रेन संख्या 09075 मुंबई सेंट्रल-काठगोदाम स्पेशल 01 घंटा रेगुलेट होगी।
3. ट्रेन संख्या 09055 बांद्रा टर्मिनस-उधना स्पेशल 50 मिनट रेगुलेट होगी।
4. ट्रेन संख्या 09035 बांद्रा टर्मिनस-बीकानेर स्पेशल 01 घंटा रेगुलेट होगी।
5. ट्रेन संख्या 12925 मुंबई सेंट्रल-अमृतसर सुपरफास्ट एक्सप्रेस 20 मिनट रेगुलेट होगी।
6. ट्रेन संख्या 12216 बांद्रा टर्मिनस-दिल्ली सराय रोहिल्ला गरीब रथ 20 मिनट रेगुलेट होगी।

# ठाकरे बंधु साथ आए तो स्वागत करेंगे: फडणवीस

महानगर संवाददाता
मुंबई

महाराष्ट्र की राजनीति में ठाकरे बंधुओं (उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे) के बीच सुलह होने के संकेत मिल रहे हैं। दो अलग-अलग जगह बोलते हुए उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने कहा कि महाराष्ट्र के हित के लिए वे छोटे-मोटे विवाद को दरकिनार कर सकते हैं। ठाकरे बंधुओं की सुलह के संकेत पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बयान दिया है। उन्होंने कहा कि वे साथ में आएंगे तो खुशी होगी। कोई भी बिछड़े लोग साथ में आते हैं और किसी का विवाद समाप्त होता है तो यह अच्छी बात है, इसमें बुरा मनाने की क्या बात है। मुख्यमंत्री ने कहा, इंतजार कीजिए, वे साथ आए तो हम स्वागत करेंगे। मुंबई में मुख्यमंत्री फडणवीस ने

**मुंबई मनपा में महायुति की होगी जीत**



लाइव एंडोस्कोपी 2025 पुरस्कार वितरण समारोह के बाद पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा कि वे (उद्धव-राज) साथ में आते हैं तो खुशी की बात है। कोई भी बिछड़े लोग साथ में आते हैं और किसी का विवाद समाप्त होता है तो अच्छी बात है,यह बुरा मनाने की बात नहीं है। इस पर इससे अधिक क्या बोला जा सकता है। एक ने ऑफर दिया है, दूसरे ने शर्त रखी है। फडणवीस ने कहा कि इस पर मीडिया ज्यादा विचार करती है। इंतजार कीजिए, साथ में आए तो हम स्वागत करेंगे। यह पूछे जाने पर कि मनसे-यूबीटी के साथ आने से मुंबई महानगरपालिका चुनाव का गणित प्रभावित होगा? इस सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व में महायुति महानगरपालिका चुनाव में जीत हासिल करेगी। इस मामले पर शिवसेना यूबीटी सांसद संजय राउत ने कहा कि हम राज ठाकरे की भूमिका को नकारेंगे नहीं। हमें मुंबई और मराठी लोगों के लिए एक साथ आना होगा। राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे दोनों भाई है और उनमें खून का रिश्ता है। राउत ने कहा कि उन्होंने इस बारे में उद्धव ठाकरे से चर्चा की है। हम कुछ बेहतर होने का इंतजार करेंगे।

# महाराष्ट्र में हिंदी को अनिवार्य नहीं बनने देंगे: उद्धव

- हिंदी से परहेज नहीं, थोपा क्यों जा रहा है?
- महायुति सरकार पर निशाना साधा

महानगर संवाददाता
मुंबई

शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि उनकी पार्टी महाराष्ट्र में हिंदी को अनिवार्य नहीं बनने देगी। ठाकरे का यह बयान राज्य सरकार द्वारा कक्षा एक से पांचवीं तक के छात्रों के लिए हिंदी को तीसरी भाषा के तौर पर अनिवार्य करने के फैसले के बाद आया है। शिवसेना यूबीटी की श्रमिक शाखा भारतीय कामगार सेना के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ठाकरे ने कहा कि उनकी पार्टी को हिंदी भाषा से कोई परहेज नहीं है, लेकिन उन्होंने सवाल उठाया कि इसे क्यों थोपा जा रहा है? ठाकरे ने दावा किया कि सत्तारूढ़ भाजपा का मिशन लोगों को एकजुट नहीं होने देना और उन्हें लगातार दबाव में रखना है ताकि वे इन चिंताओं में उलझे रहें। उन्होंने कहा कि हम महाराष्ट्र में हिंदी को अनिवार्य नहीं बनने देंगे। उन्होंने कहा कि आप हमसे स्नेह



से कहेंगे तो हम सब कुछ करेंगे, लेकिन अगर आप कुछ थोपेंगे तो हम उसका विरोध करेंगे। हिंदी (सीखने) के लिए यह दबाव क्यों? पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने ही राज्य में मराठी सीखना अनिवार्य करने का फैसला किया था। ठाकरे ने कहा कि अगर आप राज्य में रहना चाहते हैं तो आपको जय महाराष्ट्र कहना होगा। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली महायुति पर निशाना साधते हुए उन्होंने सवाल उठाया कि क्या राज्य सरकार उन लोगों के लिए काम कर रही है, जो महाराष्ट्र और मराठी को खत्म करना चाहते हैं।

# मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष में धोखाधड़ी

- मरीजों का फर्जी कागजात बनाकर कोष से ली मदद
- कक्ष प्रमुख रामेश्वर नाईक का बयान, दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा

महानगर संवाददाता
मुंबई

राज्य के जरूरतमंद मरीजों के लिए संजीवनी साबित होने वाली मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष के लाखों रुपए का धोखाधड़ी का गंभीर मामला उजागर हुआ है। उल्हासनगर के तीन डॉक्टरों द्वारा फर्जी दस्तावेज और मरीजों का रिकॉर्ड तैयार कर 4 लाख 75 हजार रुपए की राशि लेने का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। इस मामले में मुख्यमंत्री सहायता कोष के प्रभारी सहायक निदेशक देवानंद धनावड़े की शिकायत पर 17 अप्रैल को खड़कपाड़ा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की बात कही है। इस धोखाधड़ी




मामले में डॉ. अनुदुर्ग ढोणे (उम्र 45, निवासी कल्याण, ठाणे), डॉ. ईश्वर पवार (निवासी धुले) और डॉ. प्रदीप पाटिल (उम्र 41, निवासी गौरीपाड़ा, ठाणे) तीनों आरोपियों ने 26 मई 2023 से 10 जुलाई 2023 के बीच 13 फर्जी मरीज आवेदन जमा किए। इनमें से 6 मामलों में आर्थिक मदद के नाम पर 4 लाख 75 हजार रुपए की ठगी की गई। पुलिस की जांच में पता चला कि मरीजों का फर्जी कागजात बनाकर मदद के लिए आवेदन किया गया था। मरीजों के नाम पर आरोपी ने बैंक ऑफ बड़ौदा में खाता संख्या 10000/- रुपए में खाता खुलवाया जिसमें चिकित्सा सहायता कोष की तरफ से मदद की राशि जमा की गई। मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष में कार्यरत एक अधिकारी ने बताया कि मामला सामने आने के बाद 17 जुलाई 2023 को डॉ. धोत्रे को पूछताछ के लिए मुख्यमंत्री सचिवालय में बुलाया गया था,लेकिन वे नहीं आए। जांच में यह पता चला कि आवेदनों में मरीजों या रिश्तेदारों के संपर्क नंबरों के बजाय पवार और पाटिल के नंबरों का उल्लेख किया गया था।

# मेट्रो कार्य के चलते फूटी पानी की पाइप लाइन

**आधी मुंबई के लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ा**



महानगर संवाददाता
मुंबई

पानी की सप्लाई के कमी से मुंबई के लोग पहले ही परेशान हैं। इस बीच शुक्रवार की रात चेंबूर अमर महल जंक्शन के पास मेट्रो के काम की वजह से पानी सप्लाई करने वाली 1200 मिली व्यास की पाइपलाइन फूट गई। इसकी वजह से हजारों लीटर पानी बर्बाद हो गया। पाइप लाइन फूटने के कारण मनपा ने अमर महल जंक्शन की 1800 मिमी व्यास की पाइपलाइन को बंद कर दिया। मनपा के एक अधिकारी ने बताया कि मरम्मत कार्य शुरू हो गया है, जिसके चलते शनिवार को पूरे दिन पानी सप्लाई नहीं हो पाई। जिससे लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ा। मनपा अधिकारियों ने जानकारी दी की पानी की सप्लाई रविवार को दोबारा पूर्ववत होगी। इस दौरान लोगों को पानी की तकलीफों का सामना करना पड़ा। रविवार को कितने बजे से पानी छोड़ा जाएगा यह अभी तय नहीं है। अधिकारी ने बताया कि पाइप लाइन फूटने के कारण गोवंडी, मानखुर्द, घाटकोपर, कुर्ला, साकीनाका, वडाला, माटुंगा और सायन इलाकों में शनिवार को 24 घंटे पानी आपूर्ति बंद रही।

# मुस्लिम मतदाताओं को साधेगी भाजपा

**पार्टी मुस्लिम समाज में जाकर वक्फ बोर्ड संशोधन कानून का फायदा बताएगी**

जितेन्द्र मिश्रा
मुंबई

मराठा ओबीसी और दलित समाज के बाद मुस्लिम वोटरों में भाजपा सेंध लगाने में जुट गई है। वक्फ बोर्ड संशोधन कानून के माध्यम से भाजपा पसमांदा,बोहरा और शिया मुस्लिमों मतदाताओं को अपनी तरफ आकर्षित करने में लग गई है। 22 अप्रैल मंगलवार को गरवारे क्लब में प्रदेश भाजपा ने अपने सभी मंत्रियों,सांसदों,विधायकों,जिलाध्यक्ष और प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक बुलाई है। अल्पसंख्यक मामले में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की प्रमुख उपस्थिति में होने वाली प्रदेश भाजपा की बैठक में मंत्रियों,सांसदों और विधायकों को वक्फ बोर्ड संशोधन कानून के बारे में बताया जाएगा। मुस्लिम वोटर



में सेंध लगाने के लिए रणनीति के तहत वक्फ बोर्ड संशोधन कानून का उपयोग कर पसमांदा,बोहरा और शिया मुस्लिम मतदाताओं को अपनी तरफ आकर्षित करने के लिए भाजपा ने नया दांव चला है। मुस्लिम मतदाताओं का विश्वास जीतने के लिए वक्फ बोर्ड संशोधन कानून को लेकर भाजपा देशव्यापी अभियान चलाएगी। इस अभियान के तहत भाजपा के नेता,पदाधिकारी और कार्यकर्ता हिन्दू के साथ -साथ खासकर मुस्लिम समाज में जाकर वक्फ बोर्ड संशोधन के बारे में विस्तृत जानकारी देंगे,केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू की उपस्थिति में होने वाली भाजपा प्रदेश की बैठक में सांसदों,विधायकों और नेताओं को मुस्लिम मतदाताओं में जाकर वक्फ बोर्ड संशोधन होने के बाद समाज को क्या फायदा हुआ है यह बताने के लिए निर्देश दिया जा सकता है। भाजपा के एक नेता ने बताया कि लोकसभा और राज्यसभा में लंबी बहस के बाद वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक पास कराना हमारे पार्टी के लिए एक चुनौती था, अब जब दोनों सदन में पास होने और राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद कानून लागू हो गया है,तो मुस्लिम जो पुराने कानून के विरोध में थे उन्हें नए कानून के बारे में बताया जाएगा।

**मुस्लिम नेताओं के साथ किरेन रिजिजू की बैठक**

वक्फ बोर्ड संशोधन कानून को लेकर अल्पसंख्यक मामले में मंत्री किरेन रिजिजू ने पार्टी के अल्पसंख्यक नेताओं और पदाधिकारियों की बैठक बुलाई है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में होने वाली इस बैठक में सिर्फ भाजपा के सिर्फ मुस्लिम नेताओं और पदाधिकारियों को बुलाया गया है,सूत्रों का कहना है कि वक्फ बोर्ड संशोधन कानून को लेकर यह बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में रिजिजू मुस्लिम नेताओं का मार्गदर्शन करेंगे। जिसमे वे मुस्लिम नेताओं और पदाधिकारियों को समाज में जाकर वक्फ बोर्ड के नए कानून के बारे में बताने के लिए निर्देश दे सकते हैं। इस बैठक में रिजिजू के साथ - साथ भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिव प्रकाश जी के साथ अन्य नेता भी हो सकते हैं।

# भ्रष्टाचार करने वाले ठेकेदार 10 साल के लिए हो प्रतिबंधित : भाजपा

महानगर संवाददाता
मुंबई

आरे कॉलोनी में सड़क के कांक्रीटीकरण कार्य में लापरवाही बरतने पर मनपा प्रशासन ने ठेकेदार पर जुर्माना लगाया है और उसे अगले दो वर्षों तक किसी भी टेंडर प्रक्रिया में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया गया है। मनपा को इस कार्रवाई के लिए धन्यवाद देते हुए, मुंबई में चल रहे सड़क निर्माण कार्यों की जांच करने के लिए विशेष टीम का गठन करने की मांग भाजपा नेता रविराजा ने की है। रवि राजा ने कहा यह समस्या केवल आरे कॉलोनी तक सीमित नहीं है। उन्होने कहा की ठेकेदार को दो साल नहीं दस साल के लिए प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। मुंबई के अन्य इलाकों में भी कांक्रीटीकरण के कार्यों में भारी लापरवाही देखी जा रही है। मनपा प्रशासन को एक विशेष जांच टीम बनानी चाहिए, जो सभी सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा कर भ्रष्टाचार और लापरवाही की जांच करे। दोषी ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए और उन्हें केवल दो साल के लिए नहीं, बल्कि कम से कम दस वर्षों के लिए टेंडर प्रक्रिया से बाहर किया जाना चाहिए। यदि प्रशासन सच में सड़कों की गुणवत्ता को लेकर गंभीर है, तो उसे पूरे शहर में सख्ती से जांच कर ठेकेदारों पर कार्रवाई करनी चाहिए। केवल एक ही जगह कार्रवाई करके रुकने से यह संदेश नहीं जाएगा कि प्रशासन गंभीर है। जब तक सभी जगहों पर कठोर कदम नहीं उठाए जाते, तब तक हालात नहीं सुधरेंगे।

# पार्किंग में बनाए गए मकानों को तोड़ रही मनपा

**मुंबई।** मनपा के बी. वार्ड में आने वाले डोंगरी इलाके में अवैध निर्माण की भरमार है। मनपा ने डोंगरी परिसर में नोबेल टावर नामक इमारत के पार्किंग स्लॉट में बनाए गए 45 रूमों की तोड़क कार्रवाई शुरू की है, जबकि इकोनॉमिक हाउस जो कि कोरोना काल में 16 मंजिला इमारत खड़ी कर दी गई थी उसके 12 मंजिला अवैध हैं इस इमारत को तोड़ने के लिए मनपा पुलिस बंदोबस्त का इंतजार कर रही है। बता दें कि मनपा बी. वार्ड में आने वाले डोंगरी इलाके के जकरिया मस्जिद स्ट्रीट में नोबेल नामक 22 मंजिला इमारत बनकर तैयार हुई। इस इमारत में



रहवासियों के लिए पार्किंग की सुविधा दी गई थी। बिल्डर ने पार्किंग स्थल में 45 अवैध रूम बना दिए । मनपा ने बिल्डर को पार्किंग में रूम बनाने को लेकर एमआर टीपी के तहत अगस्त 2024 में नोटिस देते हुए अवैध निर्माण को निष्काशित करने के लिए कहा। बिल्डर द्वारा अवैध निर्माण नहीं हटाए जाने पर बिल्डर पर 10 दिसंबर को मामला दर्ज कराया गया। मनपा ने 28 फरवरी में सभी रूम मालिकों को नोटिस देते हुए 10 दिन में घर खाली करने का निर्देश दिया। इस बीच मनपा ने इमारत के पार्किंग में बने सभी घरों के पानी और बिजली के मीटर काटने की कार्रवाई शुरू की। मनपा बी. वार्ड ने अवैध रूम के पानी और बिजली कनेक्शन काटने के बाद इमारत में बने अवैध रूम की तोड़क कार्रवाई शुरू की।

# आधुनिक तकनीक से लैस यातायात विभाग

**मिरारोड।** मिरा-भायंदर शहर की यातायात सेवा को आधुनिक तकनीक द्वारा और दुरूस्त किया गया है । मिरा - भायंदर, वसई - विरार पुलिस आयुक्तालय के पुलिस आयुक्त मधुकर पांडेय ने कल पत्रकार परिषद में इस विषय में जानकारी दी। इस पत्रकार परिषद में पुलिस आयुक्त मधुकर पांडेय के साथ परिमंडल 1 के पुलिस उप आयुक्त प्रकाश गायकवाड़ अन्य पुलिस अधिकारी एवं पुलिस कर्मी मौजूद थे । पुलिस आयुक्त मधुकर पांडेय ने बताया की शहर में अब मल्टी वोल्यूएशन डेडीकेशन सिस्टम द्वारा स्मार्ट ट्रैफिक तकनीकी के आधार पर अब सभी वाहन सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रहेंगे । यह एक कृत्रिम बुद्धिमता प्रणाली है। शहर में दो पहिया वाहनों पर बिना हेलमेट के वाहन चलाना , तीन सवारी बैठाना, वाहन तेज गती से चलाना जैसे अन्य नियमों का उल्लंघन करने वाले दो पहिया एवं अन्य वाहन चालकों पर अब कार्रवाई करने में आसानी होगी।

# राज्य के सभी 57 बालू डिपो को नोटिस

**जल्द ही पेश होगी कृत्रिम रेत नीति**

महानगर संवाददाता
मुंबई

राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने राज्य के बालू डिपो में अनियमितताएं, कदाचार और नियमों के उल्लंघन को देखते हुए सख्त रुख अपनाया है और राज्य के सभी 57 बालू डिपो को नोटिस जारी किया है। मंत्री ने विभागीय आयुक्तों के माध्यम से राज्य के बालू डिपो पर तीन दिनों में तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी है और नियमों का पालन न करने वाले डिपो को रद्द करने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि नदी की रेत पर निर्भरता कम करने के लिए कृत्रिम रेत (एम सैंड) नीति जल्द ही कैबिनेट के समक्ष पेश की जाएगी।



बालू डिपो में अनियमितता और जन शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। रेत परिवहन नियमों का पालन न करने, सीसीटीवी प्रणाली की कमी और डिपो से प्राप्त रेत में चोरी के संबंध में शिकायतें सामने आई हैं। इस पृष्ठभूमि में, संबंधित विभागीय आयुक्तों को सभी डिपो के कामकाज की समीक्षा के लिए तीन दिनों के भीतर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। जो डिपो नियमों के अनुसार काम नहीं करेंगे, उन्हें रद्द कर दिया जाएगा। रेत पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इसके लिए उपमंडल अधिकारियों को डिपो का भौतिक निरीक्षण कर तीन दिन के भीतर जिला कलेक्टर को रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है। विशेष रूप से नियमों का उल्लंघन करने के कारण नागपुर में 10 डिपो को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। मंत्री बावनकुले ने यह भी कहा कि इन डिपो को सात दिन के भीतर सुधार करने के निर्देश दिए गए हैं, अन्यथा इन्हें स्थायी रूप से बंद करने का निर्णय लिया जाएगा। बावनकुले ने कहा कि राज्य सरकार ने हाल ही में बालू नीति लागू की है, जिसके तहत रेत के लेन-देन पर सख्त नियंत्रण लगाया जा रहा है। इस नीति के तहत अब कृत्रिम रेत के लिए अलग नीति लाने की तैयारी चल रही है।

# न्यूरोलॉजिस्ट ने की आत्महत्या

**मुंबई।** प्रसिद्ध न्यूरोलॉजिस्ट शिरीष वलसंगकर ने शुक्रवार को कथित तौर पर अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को गोली मार ली और उनकी मौत हो गई। सोलापुर के पुलिस आयुक्त एम राजकुमार ने इस घटना की पुष्टि की। राजकुमार ने कहा कि घटना रात 8.45 बजे हुई और इलाज कर रहे डॉक्टरों ने बाद में उन्हें मृत घोषित कर दिया। वलसंगकर ने सोलापुर के मोदी निवास स्थित आवास पर आत्महत्या कर लिया। वलसंगकर के परिवार में उनकी पत्नी, एक बेटा और एक बेटी है। बता दें कि डॉ. शिरीष वलसंगकर सोलापुर में एक सम्मानित न्यूरोलॉजिस्ट थे। वे मराठी, कन्नड़, अंग्रेजी और हिंदी बोलते थे, जो रोगियों के साथ संवाद को आसान बनाता था।

# तलवार निकालकर बेस्ट बस पर हमला

महानगर संवाददाता
मुंबई

भांडुप स्थित मिनिलैंड सोसायटी के पास एक सनसनीखेज घटना में, एक 16 वर्षीय नाबालिग ने बेस्ट बस चालक पर तलवार से जानलेवा हमला कर दिया। घर में हुए झगड़े के बाद नाबालिग ने तलवार निकाला और उसे भाजना शुरू कर दिया। आरोपी बालक की पहचान होने के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। वह भांडुप का ही रहने वाला है।

भांडुप पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक घटना शुक्रवार दोपहर करीब 3:10 बजे की है जब बस नंबर MH 01 AP 0882, विक्रोली डिपो से निकली थी,वह मिनिलैंड सोसायटी के पास पहुंची। बस

**नाबालिग को भेज गया रिमांड होम**



चालक ज्ञानेश्वर सवाईराम राठोड (42) अपने नियमित मार्ग पर थे जब अचानक आरोपी नाबालिग ने बस के आगे आकर उसे रोकने की कोशिश की। बालक ने हाथ में तलवार था और वह लेकर वो चालक को धमका रहा था और बस को आगे ले जाने से रोका।

इसके बाद उसने तलवार से बेस्ट बस पर हमला भी किया और गालियां दी। हमले में उसने बस के कांच को तोड़ा इसके अलावा उसने आस-पास खड़ी रिक्शाओं और गाड़ियों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, कुल नुकसान करीब 70 हजार रुपये का हुआ है। भांडुप पुलिस स्टेशन में इस घटना को लेकर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है, जिनमें बीएनएस की धारा 109(1), 324(5), 351(3), 352, सार्वजनिक संपत्ति नुकसान अधिनियम की धारा 3 और शस्त्र अधिनियम की धारा 4, 25 शामिल हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, आरोपी पर पहले से ही तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी का मोबाइल फोन चोरी

महानगर संवाददाता
मुंबई

वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए आईपीएल मुकाबले के दौरान एक वरिष्ठ न्यायिक अधिकारी का महंगा आईफोन 14 चोरी हो गया। यह घटना चर्चगेट इलाके में स्थित स्टेडियम के बाहर उस समय हुई जब अधिकारी अपने परिवार के साथ मैच देखने पहुंचे थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित अधिकारी मुंबई की एक अदालत में कार्यरत मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी हैं। वर्ष 2023 में उन्होंने व्यक्तिगत उपयोग के लिए नीले रंग का एपल आईफोन 14 खरीदा था। चोरी की यह घटना 17 अप्रैल को मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेले जा रहे मैच के दौरान घटी। शाम करीब 7:15 बजे, दंडाधिकारी अपनी पत्नी, बेटे और अन्य परिवारजनों के साथ वानखेड़े स्टेडियम के गेट नंबर 14 पर पहुंचे थे। तभी किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके पैंट की जेब से उनका मोबाइल फोन चुरा लिया। फोन गायब होने का एहसास होते ही अधिकारी ने तत्काल आसपास के क्षेत्र में उसकी तलाश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। उन्होंने संदेह जताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने जानबूझकर धोखाधड़ी की नीयत से उनका फोन चुराया है। इसके बाद उन्होंने मुंबई पुलिस की ऑनलाइन शिकायत पोर्टल पर ई-शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर मरीन ड्राइव पुलिस थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 303(2) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

# छुट्टी के दिन बंद ED दफ्तर के सामने कांग्रेस का प्रदर्शन




छाया : कुणाल कासार

**मुंबई।** छुट्टी के कारण बंद पड़े प्रवर्तन निदेशालय यानी कि ED के मुंबई दफ्तर के सामने शनिवार दोपहर करीब 3 बजे कांग्रेस युवा मोर्चा के 15-20 कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। यह आंदोलन कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी और सोनिया गांधी के खिलाफ ED द्वारा दाखिल की गई चार्जशीट के विरोध में था। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की और एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर सर्कुलेट किया। मुंबई पुलिस ने इस घटना का संज्ञान लेते हुए एमआरए मार्ग पुलिस स्टेशन में FIR दर्ज करने की तैयारी शुरू कर दी है।

# शिवसेना (उबाठा) और कांग्रेस को बड़ा झटका

**प्रमुख पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थामा**

महानगर संवाददाता
ठाणे

विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा की राजनीतिक पकड़ लगातार मजबूत होती जा रही है और इसका असर ठाणे में भी साफ नजर आने लगा है। शनिवार को ठाणे में शिवसेना (उबाठा) और कांग्रेस को उस वक्त बड़ा झटका लगा जब उनके कई प्रमुख पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया।

भाजपा विधायक संजय केलकर, विधायक निरंजन डावखरे और जिलाध्यक्ष संजय वाघुले की उपस्थिति में आयोजित पक्ष प्रवेश कार्यक्रम में शिव आरोग्य सेना के जिलाध्यक्ष और ठाणे कांग्रेस के सचिव अमित रॉय, जनता दल के शहर अध्यक्ष सुनील विश्वकर्मा, श्री स्वामी समर्थ प्रतिष्ठान के अध्यक्ष संतोष घंटे, राजन चिपलूनकर, दिलीप खरवार, विवेक द्विवेदी, प्रदीप पांडे, रमेश सिंह, संतोष यादव, अनुप विश्वकर्मा और नीरज यादव सहित वर्तक नगर, मानपाड़ा, आजाद नगर व अन्य विभागों के कई कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए। भाजपा प्रवेश के बाद अखिलेश पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के विकासवादी दृष्टिकोण से प्रेरित होकर उन्होंने भाजपा की सदस्यता ली है। उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में शिवसेना (उबाठा) के कई और नेता भाजपा में शामिल होंगे।

# पत्नी से परेशान युवक ने की आत्महत्या

महानगर संवाददाता
मुंबई

कुर्ला रेलवे स्टेशन और सायन के बीच एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां 38 वर्षीय युवक मारुफ मोहम्मद खान ने लोकल ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। यह घटना 11 अप्रैल को हुई थी, जिसकी सूचना कुर्ला रेलवे पुलिस को मिली थी। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने आकस्मिक मृत्यु (एडीआर) दर्ज किया गया था।

पुलिस के अनुसार,मृतक मारुफ के हाथों पर आत्महत्या से पहले पेन से लिखा हुआ सुसाइड नोट मिला, जिसमें उसने अपनी पत्नी, सास और

**पति से तलाक के लिए मांग रही थी 20 लाख**



अन्य कुछ लोगों को अपनी मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया। उसने आरोप लगाया उसकी पत्नी को अवैध कार्य करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। पुलिस ने मारूफ की बहन के शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच के दौरान मारुफ की बहन ने पुलिस को बताया कि उसकी भाभी (हसीना खातून) के अन्य पुरुषों से अनैतिक संबंध थे और वह व उसके ससुरालवाले लगातार मारुफ को प्रताड़ित कर रहे थे। उससे तलाक के लिए 20 लाख रुपये भी मांग रहे थे। इन सब कारणों से तंग आकर मारुफ ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया। जिसके बाद कुर्ला रेलवे पुलिस ने हसीना खातून और अन्य चार के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। मामला भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 108 और 3(5) के अंतर्गत एफआईआर दर्ज किया है।

**पश्चिम रेलवे**
**विभिन्न कार्य**

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, 6ठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400 008 द्वारा निम्नलिखित निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं. **अ.क्र. : 1. ई-निविदा सूचना क्र. : बीसीटी/25-26/19, दिनांक : 17.04.2025. कार्य एवं स्थान : (i)** जोरावासन – सूरत अनुभाग : विरार – सूरत – टीआरआर (पी) – 3.416 टीकेएम तथा टीएसआर (पी) – 9.882 टीकेएम के संबंध में ट्रैक का अनुरक्षण. (ii) जोरावासन – उकाई अनुभाग : वरि. डीईएन/सेंट्रल अनुभाग अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर मानसून के पानी के निष्कासन हेतु जज डीजल पम्प्स प्रदान करना. **कार्य की अनुमानित लागत :** ₹2,56,17,621.12. **ईएमडी :** ₹ 2,78,100/-. **अ.क्र. : 2. ई-निविदा सूचना क्र. : बीसीटी/25-26/20, दिनांक : 17.04.2025. कार्य एवं स्थान :** विरार – उकाई सोनगढ अनुभाग : विरार से उकाई – सोनगढ अनुभाग के बीच ट्रैक – आधारित रेल गेज फेस लुब्रिकेटर्स (इलेक्ट्रॉनिक टाइप तथा 1 किमी तक कैरी डाउन इफेक्ट ) की आपूर्ति, अधिष्ठापन, क्रियान्वयन और संचालन (5 वर्ष). **कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 1,92,16,458/-. **ईएमडी :** ₹ 2,46,100/-. **दोनों निविदा जमा करने की तिथि एवं समय :** 13.05.2025 को 15.00 बजे तक. **दोनों निविदा खुलने की तिथि एवं समय :** 13.05.2025 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0065

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

## वक्फ जमीनों की सच्चाई

1947 में भारत को काट कर जब पाकिस्तान का निर्माण खालिस हिन्दू-मुसलमान के आधार पर किया गया तो यह समझा गया कि भारत में मुसलमानों की समस्या अब वैसी नहीं रहेगी जैसी कि बंटवारे से पूर्व थी। पाकिस्तान का निर्माण मुस्लिम लीग ने केवल मुसलमानों के लिए चाहा था और कहा था कि हिन्दू व मुस्लिम दो राष्ट्रीयताएं हैं जिनका आपस में कुछ भी सांझा नहीं है। तत्कालीन अंग्रेज सरकार ने जिन्ना का यह तर्क स्वीकार किया और पाकिस्तान का निर्माण पंजाब व बंगाल को बांट कर कर दिया। परन्तु भारत ने 15 अगस्त, 1947 को आजाद होने के बाद भारत में बचे 9.8 प्रतिशत मुसलमानों के लिए उनकी धार्मिक आजादी को पूरी तरह कायम रखा जिसकी व्याख्या इसके संविधान में की गई। भारत का संविधान पूरी तरह मानवतावाद पर टिका हुआ है जिसमें हिन्दू-मुसलमानों के बराबर के अधिकार हैं। परन्तु तर्क दिया जा सकता है कि पाकिस्तान का निर्माण विशुद्ध मजहब के आधार पर हुआ तो स्वतन्त्र भारत में मुसलमानों की संस्थाओं का क्या औचित्य रहता है? इस बहस को अगर आगे बढ़ाया जाये तो तर्क दिया जा सकता है कि भारत में सबसे पहले 1913 में बने मुस्लिम वक्फ कानून का भी क्या औचित्य हो सकता है, जिसे 1923 में संशोधित किया गया। इसके बाद 1954 में इसमें स्वतन्त्र भारत में संशोधन हुआ और 1984 में भी और बाद में 1995 व 2013 में भी। अंग्रेज हर सूरत में हिन्दू-मुसलमानों में बंटवारा करके अपना राज पुख्ता करना चाहते थे और ऐसा उन्होंने किया भी। अंग्रेजों के बनाये कानून को स्वतन्त्र भारत अपने ऊपर लाद कर चलता रहा और 1950 में भारत के प्रधानमन्त्री पं. जवाहर लाल नेहरू व पाकिस्तान के तत्कालीन वजीरे आजम लियाकत अली खां के बीच समझौता हुआ कि दोनों देश अपने-अपने अल्पसंख्यकों के धार्मिक अधिकारों की रक्षा करेंगे और इस बाबत अल्पसंख्यक आयोगों का गठन करेंगे। इस पर भारत ने तो पूरी स्वेच्छा के साथ अमल किया परन्तु पाकिस्तान में इसके बावजूद हिन्दू व सिखों का धर्म परिवर्तन कराया जाता रहा। केवल सिन्ध को छोड़ कर पश्चिमी पाकिस्तान से हिन्दू व सिखों का सफाया पहले ही हो चुका था। अतः सवाल उठना लाजिमी है कि जिस जमीन पर पाकिस्तान का निर्माण हुआ वह जमीन किसकी थी? जिन्ना ने लड़कर यह जमीन हथियाई और इसका नाम पाकिस्तान रख दिया। इसीलिए पाकिस्तान को एक नाजायज मुल्क कहा जा सकता है जो भारत के हिन्दुओं की जमीन पर ही तामीर किया गया। अतः सर्वोच्च न्यायालय में मुस्लिम वक्फ संशोधन कानून पर जो बहस चल रही है उस पर भारत के गांवों से लेकर शहरों तक के नागरिकों की कड़ी नजर है। जब यह कानून केवल मुसलमानों के लिए ही है तो सवाल पैदा हो सकता है कि वक्फ की जमीनें आखिरकार मूल रूप से किस समुदाय की हैं। भारत पर आठ सौ साल तक मुस्लिम सुल्तानों व शहंशाहों का शासन रहा है अतः हमारे ही घर में घुसकर हम पर राज करने वाले लोग हमारी ही जमीनों के मालिक हो गये और वक्फ में जमीने देने लगे। वक्फ कानून जो 1923 में बना पूरे संयुक्त भारत के लिए था अतः जब धर्म के आधार पर भारत का बंटवारा हमेशा के लिए हो गया तो फिर इस कानून का क्या औचित्य बनता है। भारत ने संसदीय लोकतन्त्र अपनाया और इसे गणराज्य घोषित किया। 1947 में भारत एक भौगोलिक सीमा मूलक देश (टेरीटोरियल स्टेट) बना जिसके किसी भू-भाग में रहने वाला किसी भी धर्म का व्यक्ति इसका नागरिक कहलाया। ऐसा केवल इसीलिए हो पाया कि भारत में हिन्दू धर्म के मानने वाले लोगों की बहुलता 80 प्रतिशत के लगभग थी। इसका कारण यह था कि हिन्दू धर्म जातिवादी कुव्यवस्था के बावजूद बहुत उदार व सहिष्णु था। भारत की हिन्दू जनता ने कभी इस बात का बुरा नहीं माना कि स्वतन्त्र भारत में बचे हुए मुसलमानों को उनकी धार्मिक स्वतन्त्रता न दी जाये। हिन्दुओं ने खुले दिल से भारतीय संविधान के धर्मनिरपेक्ष स्वरूप को स्वीकार किया मगर इसका मतलब यह नहीं था कि मुस्लिमों का तुष्टिकरण करने के लिए सरकारें किसी भी हद तक आगे चली जाएं। अतः कांग्रेस सरकारों के जमाने में धार्मिक स्वतन्त्रता के नाम पर मुस्लिम समाज में कठमुल्लावाद जमकर फला-फूला और हद यह हो गई कि पूरा मुस्लिम समाज ही अच्छी शिक्षा-दीक्षा से वंचित रह गया। उसे धर्म की चारदीवारी में ही कैद रहने दिया गया। अतः फिलहाल वक्फ पर उठे विवाद को हम इस दृष्टि से भी देखेंगे। मुस्लिम उलेमाओं को सोचना होगा कि भारत अब 21वीं सदी के वैज्ञानिक युग में रह रहा है। अतः वह मुगलकाल में नहीं जी सकता इसलिए अंग्रेजों के जमाने के कानूनों का कोई औचित्य नहीं हो सकता। मुस्लिम वक्फ बोर्डों को यह अधिकार कैसे दिया जा सकता है कि वे जिस जमीन पर हाथ धर दें वह जमीन वक्फ की हो जाये और वक्फ बोर्डों के ट्रिब्यूनलों का रुतबा अदालतों से भी ऊपर हो जाये। यह सरासर तुष्टिकरण के अलावा और कुछ नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय ने फिलहाल संशोधित वक्फ कानून की संवैधानिक वैधता को लेकर जो चुनौती दी गई है उसे न्यायालय ने अगली सुनवाई तक के लिए टाल दिया है और यथा स्थिति बनाये रखने का आदेश दिया है। इस मामले में भारत सरकार के वकीलों ने न्यायालय को आश्वस्त किया है कि इस पर अमल होगा। असल मुद्दा वक्फ बोर्डों में हिन्दू सदस्यों का होना है। वक्फ एक प्रशासनिक अधिकरण होता है और उसमें यदि हिन्दू नागरिक भी शामिल होते हैं तो इसमें क्या हर्ज हो सकता है। इससे क्या साम्प्रदायिक सौहार्द और नहीं बढ़ेगा। हमें ध्यान रखना चाहिए कि हिन्दू-मुसलमानों के बीच लकीरें खींच कर हम साम्प्रदायिकता को ही बढ़ावा देते हैं। भारत में ऐसा कोई भी सार्वजनिक हिन्दू धार्मिक आयोजन नहीं होता जिसमें मुस्लिमों की भागीदारी न होती हो। दूसरा मुद्दा वक्फ बाई यूजर (पहले से ही चले आ रहे वक्फ की जमीन का मसला) क्या ऐसी जमीनों के कागजात नहीं होने चाहिएं। किसी भी जमीन पर मजार बनाकर उसे पुश्तैनी बता देना भारत में आम बात है। ऐसा हिन्दू मन्दिरों के बारे में भी कहा जा सकता है। अतः सरकार को कागजात तो देखने ही होंगे।

**कटाक्ष** | सुरेश मिश्र

*हिंदी के सम्मान में, फड़नवीस श्रीमान*
*आओ हम मिलकर करें, भाऊ का सम्मान*
*भाऊ का सम्मान, फूल पथ पर पट जाएं*
*जितने धूर्त-कुशाग्र, रास्ते से हट जाएं*
*कह सुरेश भारत मां के माथे की बिंदी*
*एक सूत्र में सबको बांधे, वह है हिंदी*

# एनडीए में नीतीश सीएम 'फेस'

> बिहार विधानसभा चुनाव के प्रारंभिक चरण में सीएम फेस के नाम पर इन दिनों चर्चा चल रही है। एनडीए के प्रमुख घटक भाजपा ने जहां एक बार फिर से नीतीश कुमार की कमान में ही चुनाव लड़ने का निर्णय करते हुए उन्हें ही सीएम फेस बनाने का एलान किया है। जबकि इसके उलट महागठबंधन में अभी भी सीएम फेस के नाम पर सहमति नहीं बनाने से घमासान चल रहा है।




देश और दुनिया में प्राचीन "मगध" के नाम से चर्चित बिहार में इस साल के आखिर में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए रणभेरी बज चुकी है। चुनावी समर के लिए रणनीति के योद्धाओं ने भी अपनी तलवार निकल ली हैं। बिहार चुनाव में जनता दल यूनाइटेड एक बार फिर से भाजपा के साथ एनडीए गठबंधन में रहकर चुनावी तैयारी में जुटी है। वहीं, बिहार के मुख्य विपक्षी दल के रूप में राष्ट्रीय जनता दल अपनी सहयोगी कांग्रेस तथा अन्य पार्टियों के साथ महा गठबंधन के तले चुनावी समर की तैयारी में है। बिहार विधानसभा चुनाव के प्रारंभिक चरण में सीएम फेस के नाम पर इन दिनों चर्चा चल रही है। एनडीए के प्रमुख घटक भाजपा ने जहां एक बार फिर से नीतीश कुमार की कमान में ही चुनाव लड़ने का निर्णय करते हुए उन्हें ही सीएम फेस बनाने का एलान किया है। जबकि इसके उलट महागठबंधन में अभी भी सीएम फेस के नाम पर सहमति नहीं बनाने से घमासान चल रहा है। एक जमाना था जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भाजपा के लिए जरूरी हुआ करते थे। लेकिन वर्तमान हालात में अब ऐसा लगता है कि नीतीश कुमार भाजपा सहित समूचे एनडीए गठबंधन के लिए एक "मजबूरी" बन गए हैं। इसी कथित मजबूरी के चलते नीतीश कुमार एक बार फिर से सीएम फेस बन गए हैं। हाल के दिनों में बिहार के दौरे पर आए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नाम पर ही चुनाव लड़ने का संकेत दिया था। इसके बाद बिहार के उप मुख्यमंत्री एवं बिहार की राजनीति के दिग्गज सम्राट चौधरी ने भी नीतीश कुमार के नाम पर ही भाजपा के चुनाव में उतारने का ऐलान किया है। एनडीए के एक अन्य घटक दल लोक जनशक्ति पार्टी के नेता चिराग पासवान ने भी मीडिया में बतौर सीएम फेस नीतीश के नाम पर ही मोहर लगा दी है। यही नहीं राष्ट्रीय लोक मोर्चा पार्टी के नेता उपेंद्र कुशवाहा तथा इसके बाद अब यह तय जा रहा है कि बिहार विधानसभा का चुनाव एनडीए वर्तमान एवं नौ बार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के चेहरे पर ही लड़ेगी। बिहार की चुनावी राजनीति में जनता दल यूनाइटेड और बीजेपी वाले एनडीए का मुकाबला राष्ट्रीय जनता दल की अगुवाई वाले महागठबंधन से होगा। चारा घोटाले में लालू यादव के सजायाफ्ता होने के बाद उनके पुत्र तेजस्वी यादव ने पार्टी की बागडोर संभाली है। लालू यादव अब पार्टी में महज मार्गदर्शक की भूमिका में हैं। वर्ष 2015 में ही राजनीति में तेजस्वी यादव की एंट्री हो गई थी तथा साल 2020 में बिहार विधानसभा के चुनाव के समय से तेजस्वी लाइमलाइट में आए थे। उन्होंने लालू की मदद लिए बिना बिहार में महागठबंधन बना कर चुनाव लड़ा और खासा कामयाबी हासिल की। तेजस्वी की अगुवाई में आरजेडी को 75 सीटें मिली थी। अब एक बार फिर बिहार विधानसभा चुनाव के लिए तेजस्वी की कमान में राष्ट्रीय जनता दल पूरी तरह तैयार है। यही नहीं राष्ट्रीय जनता दल सहित लालू परिवार भी तेजस्वी को बिहार का सीएम देखना चाहता है। लेकिन तेजस्वी यादव की बिहार का मुख्यमंत्री बनने की राह में सबसे बड़ा "रोड़ा" कांग्रेस ने ही डाल दिया है। महागठबंधन की बैठक में कांग्रेस ने सीएम फेस के लिए महागठबंधन की तरफ से तेजस्वी के नाम पर सहमति जताने से इनकार कर दिया है। यही नहीं बिहार चुनाव में महा गठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर आयोजित इस बैठक में सीटों के बारे में भी कोई अंतिम चर्चा भी नहीं हो सकी। महागठबंधन की बैठक के बाद तेजस्वी यादव की अध्यक्षता में गठबंधन की समन्वय समिति जरूर बन गई है, जो महागठबंधन के घटक दलों के साथ सीटों के बंटवारे सहित अन्य सभी फैसला करेगी। महागठबंधन की बैठक में कांग्रेस जहां अधिक से अधिक सीट लेने के मूड में दिखी है। वही, राष्ट्रीय जनता दल की कोशिश है की महागठबंधन की ओर से तेजस्वी यादव का नाम बतौर सीएम चुनाव से पहले ही घोषित कर दिया जाए। इसके लिए राष्ट्रीय जनता दल कांग्रेस को बंटवारे में कम सीट देकर उसे पर प्रेशर बनाने की पॉलिटिक्स पर काम कर रही है। विधानसभा की कुल 243 सीटों वाले बिहार में महागठबंधन में शामिल कांग्रेस अपने स्वतंत्र अस्तित्व के बजाय महागठबंधन के जरिए ही कांग्रेस अपनी उपस्थिति दर्ज कर रही है। वर्ष 2019 में सीपीआई से कांग्रेस में गए कन्हैया कुमार इन दोनों बिहार में कांग्रेस के पोस्टर बॉय हैं। कुल मिलाकर बिहार चुनाव से पूर्व एनडीए में सीएम के नाम को लेकर फिलहाल कोई मतभेद नहीं है और जनता दल यूनाइटेड तथा भाजपा सहित एनडीए के अन्य घटक दाल नीतीश कुमार के नाम पर एक बार फिर से सहमत है। वही, महागठबंधन में अभी सीएम फेस के नाम पर घमासान के हालात है। चुनाव पूर्व तैयारी और रणनीति के हिसाब से फिलहाल एनडीए माहागठबंधन की तुलना में आगे दिखाई पड़ रहा है। बिहार में वर्ष 2020 में हुए विधानसभा चुनाव के बाद नीतीश कुमार की अगुवाई में एनडीए ने राज्य में अपनी सरकार बनाई थी। इसके दो साल बाद अगस्त 2022 में नीतीश कुमार ने एनडीए से नाता तोड़ लिया और आरजेडी के नेतृत्व वाले महागठबंधन के साथ सरकार बना ली। फिर दो बाद घटे एक राजनीतिक घटनाक्रम में जनवरी 2024 में नीतीश कुमार एक बार फिर से राष्ट्रीय जनता दल से नाता तोड़ लिया और भाजपा की अगुवाई वाले एनडीए के साथ सरकार बना ली। बिहार की राजनीति में "पलटू राम" के नाम से चर्चित हुए नीतीश कुमार के मन में क्या है यह अभी भी कोई नहीं जानता। हालांकि वर्तमान संकेत एनडीए के साथ ही चुनाव लड़ने के हैं। यही वजह है कि इस साल के आखिर में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार को फिर से सीएम फेस बनाकर यदि एनडीए की रणनीति सटीक रही,तो बिहार के पटना इंजीनियरिंग कॉलेज से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की डिग्री लेने वाले नीतीश कुमार दशवीं बार मुख्यमंत्री के रूप में बिहार की कमान संभालेंगे।

**- प्रदीप कुमार वर्मा**

## संवैधानिक नियमों का दुरूपयोग

भारतीय लोकतंत्र में विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका, खबरपालिका और समाजपालिका में पारस्परिक टकराव कोई नई बात नहीं है, लेकिन यह जनहित में होना और दिखाई देना चाहिए। लेकिन अब जिस तरह से अपनी नाकामियों और चरित्रहीनता को छिपाने के लिए ये लोग संवैधानिक नियमों का दुरूपयोग कर रहे हैं, वह किसी वैचारिक त्रासदी से कम नहीं है। देश के प्रबुद्ध लोगों को इन संवैधानिक कमियों को पहचानना चाहिए और उसपर अविलंब लीगल सर्जिकल स्ट्राइक करने का दबाव भारतीय संसद और सुप्रीम कोर्ट दोनों पर बनाना चाहिए। इस बात में कोई दो राय नहीं कि राष्ट्रीय संसाधनों के न्यायपूर्ण बंटवारे, विधि-व्यवस्था को बनाए रखने और उसे तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और सबको समान रूप से गुणवत्तापूर्ण जन सुविधाएं मुहैय्या करवाने में हमारी संसद और सर्वोच्च न्यायालय दोनों असफल साबित हुए हैं और इनके ऊलजलूल तर्कों से देश इस्लामिक चरमपंथियों के नापाक मंसूबों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ता हुआ प्रतीत हो रहा है! राष्ट्रपति शासन, आरक्षण विवाद, भाषा विवाद, धर्मनिरपेक्षता आदि सुलगते सवालों पर राष्ट्र का सही मार्गदर्शन करने में भी ये संस्थाएं विफल प्रतीत हो रही हैं। ऐसे में इनकी नकेल कसने के लिए भारतीय संविधान कभी कारगर साबित हो ही नहीं सकता, क्योंकि यह खुद साम्राज्यवादी मानसिकता वाले विरोधाभासों से भरा पड़ा है। ऐसे में देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की यह टिप्पणी वाजिब है कि न्यायपालिका द्वारा राष्ट्रपति के निर्णय लेने के लिए समयसीमा तय करने, और 'सुपर संसद' के रूप में काम करने की इजाजत नहीं दी जा सकती है, इसलिए उन्होंने इस विषय को लेकर महत्वपूर्ण सवाल उठाए हैं, जो उनके प्रबुद्ध होने का परिचायक है। देश के विश्वविद्यालयों और अन्य पेशेवर संगठनों को इन पर गौर फरमाते हुए आम राय कायम करने की जरूरत है। उन्होंने ठीक ही कहा है कि सुप्रीम कोर्ट लोकतांत्रिक ताकतों पर 'परमाणु मिसाइल' नहीं दाग सकता! उपराष्ट्रपति धनखड़ ने आरोप लगाया है कि भारतीय संविधान





का अनुच्छेद-142 लोकतांत्रिक ताकतों के खिलाफ एक परमाणु मिसाइल बन गया है जो न्यायपालिका के लिए चौबीसों घंटे उपलब्ध है। बता दें कि संविधान का अनुच्छेद 142 सुप्रीम कोर्ट को अपने समक्ष किसी भी मामले में 'पूर्ण न्याय' सुनिश्चित करने के लिए आदेश जारी करने की शक्ति देता है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया है और कहा है कि, 'हमारे पास ऐसे जज हैं जो कानून बनाएंगे, जो कार्यपालिका के काम करेंगे और उनकी कोई जवाबदेही नहीं होगी, क्योंकि देश का कानून उन पर लागू नहीं होता है।' उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 17 अप्रैल 2025 दिन गुरुवार को कहा कि हाल ही में जूडिशरी के एक फैसले में राष्ट्रपति को निर्देश दिये जाने की पनपी नई प्रवृत्ति पर ठीक ही सवाल किया कि हम किस दिशा में जा रहे है? हमने इस दिन के लिए लोकतंत्र की कभी उम्मीद नहीं की थी। राष्ट्रपति को समयबद्ध तरीके से निर्णय लेने के लिए कहा जाता है। धनखड़ ने यह टिप्पणी राज्यसभा के ट्रेनीज को संबोधित करते हुए की। उन्होंने ठीक ही कहा कि हम ऐसी स्थिति नहीं बना सकते जहां आप भारत के राष्ट्रपति को निर्देश दें। उन्होंने कहा कि यह निर्देश किस आधार पर दिए जा रहे हैं? संविधान के तहत आपके पास एकमात्र अधिकार अनुच्छेद 145(3) के तहत संविधान की व्याख्या करना है। उन्होंने शक्तियों के पृथक्करण पर कहा कि जब सरकार जनता द्वारा चुनी जाती है, तो सरकार संसद के प्रति तथा चुनावों में जनता के प्रति जवाबदेह होती है। उन्होंने कहा कि समय आ गया है जब विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका फले-फूलें। किसी एक के द्वारा दूसरे के क्षेत्र में हस्तक्षेप चुनौती पैदा करता है, जो अच्छी बात नहीं है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने हाई कोर्ट के जज यशवंत वर्मा के घर से बड़े पैमाने पर नकदी की बरामदगी से जुड़े मामले में एफआईआर दर्ज न किए जाने पर सवाल उठाया है। उन्होंने ठीक ही कहा कि अगर यह घटना आम आदमी के घर पर हुई होती, तो मामले में रॉकेट की रफ्तार से एफआईआर दर्ज की जाती। जबकि न्यायपालिका की स्वतंत्र जांच या पूछताछ के खिलाफ किसी तरह का सुरक्षा कवच नहीं है। उन्होंने ठीक ही कहा है कि किसी संस्था या व्यक्ति को पतन की ओर धकेलने का सबसे पुख्ता तरीका उसे जांच से सुरक्षा की पूर्ण गारंटी प्रदान करना है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने दिल्ली हाइकोर्ट के एक जज के घर मिले कथित कैश की ओर इशारा करते हुए उस पर लीपापोती की नाजायज प्रवृत्ति पर भी सवाल उठाए। धनखड़ ने दो टूक शब्दों में कहा कि हाई कोर्ट के एक जज के घर से मिले कैश से जुड़े मामले में एफआईआर न होना आमलोगों के सवालों के घेरे में है। इसलिए सवाल उठाया कि क्या 'कानून से परे एक श्रेणी' को अभियोजन से छूट है। उन्होंने ठीक ही कहा कि जूडिशरी की स्वतंत्र जांच या पूछताछ के खिलाफ किसी तरह का 'सुरक्षा कवच' नहीं है। एक पत्रकार के रूप मेरी भी व्यक्तिगत राय है कि न्यायिक भ्रष्टाचार की जांच के लिए न्यायिक पुलिस और पत्रकारिता के भ्रष्टाचार की जांच के लिए मीडिया पुलिस का अविलंब गठन किया जाए। प्रशासनिक व्यवस्था के किसी भी क्षेत्र को स्वनियमन बनाने और लागू करने की छूट नहीं दी जाए। इसलिए यहां पर सवाल उठता है कि आखिर न्यायपालिका को 'सुपर संसद' के रूप में काम करने की इजाजत किसने दी? मेरा स्पष्ट मानना है कि देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से लेकर मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्राप्त भारी जनसमर्थन का रणनीतिक दुरूपयोग किया, जिससे न्यायपालिका को विधायिका को दुरुस्त करने का मौका मिल गया, जो अनुचित नहीं है।

**- कमलेश पांडेय**

## पाक में चीनी सेना की तैनाती

चीन ने पाकिस्तान में बढ़ते आतंकी हमले के बीच अपनी परियोजनाओं और चीनी नागरिकों की सुरक्षा के लिए पहली बार पाकिस्तान में निजी सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया है। खबर यह आ रही है कि पाकिस्तान में चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर के नाम से चीन ने निवेश किया है जिसकी कीमत 50 मिलियन डॉलर है। चीन के काश्गर से लेकर पाकिस्तान के ग्वादार तक कॉरिडोर बनाया गया है। मजे की बात यह है कि इस कार्य को करने के लिए चीन अपने यहां से ही श्रमिक ले आया है। सामान्यतः होता यह है कि जब कोई देश किसी दूसरे देश में निवेश करता है तो श्रमिक स्थानीय ही होते हैं, लेकिन पाकिस्तान में इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने में जो राजस्व उत्पादित होगा, वह चीन को ही मिलेगा अर्थात चीनी कंपनी, चीनी श्रमिक, चीनी मशीनरी और चीन के पैसे से जो भी कार्य होना था, वह चीन खुद वापस ले जाएगा। चीन के 30 हजार नागरिक पाकिस्तान में कार्य कर रहे हैं और उन्हें बलूच लोग निशाना बना रहे हैं क्योंकि ग्वादार बलूचिस्तान में आता है और बलूचिस्तान के खनिज भंडार पर चीन की नज़रें टिकी हुई है जिसे बलूचिस्तान के लोग बचाना चाहते हैं। इसलिए बलूचिस्तान के लोग चीनियों को पकड़-पकड़ कर मार रहे हैं। वर्ष 2025 में ही लगभग 20 ऐसे मामले हैं, जहां पर चीनियों की जान भी जा चुकी है। चीन इस विषय पर पाकिस्तान के साथ लगातार चर्चा भी कर रहा है कि कम से कम हमारे नागरिकों की सुरक्षा ही कर दो। पाकिस्तान ने कहा कि अब हम क्या करें जब अपने श्रमिक अपने यहां से लाए हैं। आप कम से कम हमारे यहां के लोगों को रोजगार तो दीजिए। अब चीन ने अपनी तीन निजी सुरक्षा कंपनियों डेवे सिक्योरिटी फ्रंटियर सर्विस ग्रुप, चाइना ओवरसीज सिक्योरिटी ग्रुप और हुआक्सीन झांगशान सिक्योरिटी सर्विस को संयुक्त सुरक्षा व्यवस्था के लिए नियुक्त किया है। अब पाकिस्तान में चीनियों की सुरक्षा व्यवस्था भी चीनी सुरक्षा एजेंसियों की हो गई है, तो प्रश्न यह उठता है कि चीनी सुरक्षा में पाकिस्तानी सेना अपने को कहां देखती है? यह परिस्थिति उनके लिए कितनी अपमानजनक है कि वह दुनिया भर में ढिंढोरा पीटते हैं कि हम भारत से लोहा मोल लेते हैं और हर बार हारते हैं, हमारी सेनाएं बहुत अच्छी हैं लेकिन ऐसी नाकारा परिस्थिति उत्पन्न हो गई है कि चीन को भी अब इन पर विश्वास नहीं है। यहां पर भारत के लिए चिंता का विषय यह है कि काश्गर से होकर ग्वादार तक का जो रूट बन रहा है, वह पाक अधिकृत कश्मीर से होकर गुजर रहा है और जब चीन सुरक्षा के नाम पर अपनी सेना पाक अधिकृत कश्मीर में ले आएगा और पाकिस्तान को भारत के खिलाफ चीन भी सहयोगी के रूप में मिल जाएगा और भारत से लड़ने के लिए दो बड़े-बड़े फ्रंट खुल जाएंगे। भविष्य में जब भी भारत पाक अधिकृत कश्मीर को स्वतंत्र करने का प्रयास करेगा तो चीन और पाकिस्तान मिलकर तीन दिशाओं से भारत के लिए खतरा बन सकते हैं। बलूचिस्तान पाकिस्तान का सबसे बड़ा राज्य है और खनिज संपन्न भी है।

**- नर्मदेश्वर प्रसाद चौधरी**

आज का कार्टून

साभार





## हिंदू धर्म के अवशेषों की खोज

भारत में ऐसा कोई शहर नहीं बताया जाता जहां मस्जिद के नीचे मंदिर होने का दावा सामने न आए। इस विवाद को लेकर हालात इतने नाजुक हो गए हैं कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी इससे चिंतित दिखाई दे रहा है। आरएसएस ने पहले अयोध्या, मथुरा और काशी जैसे बड़े मंदिर-मस्जिद विवादों में ही हिंदू पक्ष के दावों का समर्थन किया था। लेकिन अब बताया जा रहा है कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कई बार मस्जिदों के नीचे मंदिरों की खोज को रोकने की अपील की है। संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने भी इसी तरह की चिंता जताई है। इससे यह स्पष्ट है कि संध नहीं चाहता कि यह विवाद आगे चलकर किसी विकट समस्या का कारण बने। होसबाले के अनुसार कि अगर हम 30,000 मस्जिदों को खोदना शुरू कर दें, यह दावा करते हुए कि वे मंदिरों को तोड़कर बनाई गई हैं तो भारत किस दिशा में जाएगा? क्या इससे समाज में और अधिक शत्रुता और नाराजगी नहीं पैदा होगी? क्या हमें एक समाज के रूप में आगे बढ़ना चाहिए या अतीत में फंसे रहना चाहिए? कथित तौर पर नष्ट किए गए मंदिरों को पुनः प्राप्त करने के लिए हमें इतिहास में कितना पीछे जाना चाहिए?'' शताब्दी वर्ष के मौके पर हुए एक इंटरव्यू में होसबाले ने कई विषयों पर संगठन के विचार स्पष्ट किए। इनमें से कई विचार भारतीय जनता पार्टी और संघ से जुड़े अन्य संगठनों के विचारों से मेल नहीं खाते हैं। मस्जिदों के नीचे मंदिरों की खोज पर होसबाले ने कहा कि राम जन्मभूमि आंदोलन आरएसएस ने शुरू नहीं किया था। आरएसएस के स्वयंसेवक सांस्कृतिक महत्व के कारण इस आंदोलन में शामिल हुए थे। उन्होंने कहा, ''उस समय, विश्व हिंदू परिषद और धार्मिक नेताओं ने तीन मंदिरों का उल्लेख किया था। अगर कुछ आरएसएस स्वयंसेवक इन तीन मंदिरों को फिर से प्राप्त करने के प्रयासों में शामिल होना चाहते थे, तो आरएसएस ने इसका विरोध नहीं किया। लेकिन अब स्थिति बहुत अलग है। देश में 30,000 मस्जिदों के नीचे मंदिरों के दावे हैं। अगर हम इतिहास को पलटने के लिए उन सभी को खोदना शुरू कर दें तो क्या इससे समाज में और अधिक दुश्मनी और नफरत नहीं पैदा होगी?''होसबाले ने कहा कि मस्जिदों के नीचे मंदिरों की खोज करने से हम अस्पृश्यता को खत्म करने, युवाओं में जीवन मूल्यों को स्थापित करने, संस्कृति की रक्षा करने और भाषाओं को संरक्षित करने जैसे अधिक महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान देने से वंचित रह जाएंगे। उन्होंने कहा, ''जब मंदिरों की बात आती है, तो क्या किसी इमारत में जो अब एक मस्जिद है, कोई दिव्यता है? क्या हमें इमारत में हिंदू धर्म की तलाश करनी चाहिए, या हमें उन लोगों में हिंदू धर्म को जगाना चाहिए जो खुद को हिंदू नहीं मानते हैं? इमारतों में हिंदू धर्म के अवशेषों की खोज करने के बजाय अगर हम समाज में हिंदू धर्म की जड़ों को जगाते हैं तो मस्जिद का मुद्दा अपने आप हल हो जाएगा।'' होसबाले ने दावा किया कि भारत में लोग एक ही नस्ल के हैं और हिंदू धर्म अनिवार्य रूप से मानवतावाद है। भारतीय मुसलमानों ने अपनी धार्मिक प्रथाओं को बदल दिया होगा, लेकिन उन्हें अपनी राष्ट्रीय और सांस्कृतिक जड़ों को नहीं छोड़ना चाहिए। यह आरएसएस का रुख है।'' हालांकि, उन्होंने कहा कि मुसलमानों या ईसाइयों को हिंदू होने के लिए अपना धर्म छोड़ने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, ''हमें दूसरों की पूजा के तरीकों से कोई विरोध नहीं है, जब तक कि यह इस देश की संस्कृति के खिलाफ न हो।'' होसबाले के अनुसार आएसएस ने हमेशा शिक्षा के माध्यम के रूप में अपनी मातृभाषा को बढ़ावा दिया है। हम मानते हैं कि बच्चों के लिए सीखना आसान और अधिक स्वाभाविक है जब उन्हें उनकी मातृभाषा में पढ़ाया जा रहा हो। उन्होंने कहा कि शिक्षा में क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देने को न केवल एक व्यक्तिगत स्वतंत्रता के रूप में देखा जाना चाहिए बल्कि संस्कृतियों को संरक्षित करने के साधन के रूप में भी देखा जाना चाहिए। अंग्रेजी के प्रति आकर्षण समझ में आता है। लेकिन हमें एक स्थायी समाधान की आवश्यकता है।'' होसबाले ने ऐसी आर्थिक योजनाएं बनाने का भी आह्वान किया जो क्षेत्रीय भाषाओं में शिक्षित लोगों के लिए नौकरियां प्रदान करें। उन्होंने कहा, ''बुजुर्गों, न्यायाधीशों, शिक्षा विशेषज्ञों, लेखकों, राजनेताओं और धार्मिक नेताओं को इस पर सकारात्मक रुख अपनाना चाहिए।

**- रामस्वरूप रावतसरे**


# पुणे जिले में 51 स्कूल अवैध घोषित

## शिक्षा विभाग ने की अभिभावकों से सतर्क रहने की अपील

**महानगर नेटवर्क**

**पुणे**

महाराष्ट्र में शिक्षा विभाग द्वारा की गई जांच में राज्यभर में 800 फर्जी स्कूलों का पर्दाफाश हुआ है, जिनमें से 100 स्कूलों को स्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। पुणे महानगरपालिका और जिला क्षेत्र में कुल 51 स्कूल अवैध घोषित किए गए हैं। हालांकि, शिक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञों का मानना है कि जिले में 100 से अधिक अवैध स्कूल होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए शिक्षा विभाग ने अभिभावकों से सतर्क रहने की अपील की है। विशेषज्ञों ने सलाह दी है कि अपने बच्चों के सुरक्षित शैक्षणिक भविष्य के लिए अभिभावक केवल सरकार से



मान्यता प्राप्त स्कूलों में ही प्रवेश दिलाएं और किसी भी झूठे संस्थान संचालक के झांसे में न आएं। अवैध स्कूलों से न केवल आर्थिक धोखाधड़ी होती है, बल्कि विद्यार्थियों का शैक्षणिक भविष्य भी अंधकारमय हो जाता है। इसी कारण स्कूल शिक्षा आयुक्त ने सभी अवैध स्कूलों को तुरंत बंद करने और वहां पढ़ रहे विद्यार्थियों का समायोजन मान्यता प्राप्त स्कूलों में करने के निर्देश दिए हैं। अभिभावकों को स्कूल में प्रवेश लेते समय इन जरूरी दस्तावेजों की जांच करनी चाहिए- नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (ना-हरकत प्रमाणपत्र),शिक्षा बोर्ड से मान्यता पत्र,राज्य सरकार का इरादा पत्र,यू-डायस रजिस्ट्रेशन नंबर (UID Portal),इन दस्तावेजों की जांच से स्कूल की वैधता की पुष्टि हो सकती है। विशेषज्ञों का कहना है कि जैसे घर खरीदते समय दस्तावेजों की जांच जरूरी होती है, वैसे ही बच्चों के स्कूल के लिए भी यह प्रक्रिया जरूरी है। राज्य में कुल 1300 स्कूलों की जांच की गई, जिसमें से 800 स्कूलों में गंभीर अनियमितताएं पाई गई हैं। शिक्षा विभाग ने यू-डायस पोर्टल की मदद से स्कूल की वैधता जांचने की अपील की है, ताकि अभिभावक किसी भी प्रकार की ठगी से बच सकें।

### अभिभावक सरकार से मान्यता प्राप्त स्कूलों में ही प्रवेश दिलाएं

| पुणे जिले में अवैध स्कूलों का आंकड़ा | |
|---|---|
| **पुणे जिला क्षेत्र** | |
| अवैध स्कूल | 8 |
| अवैध इरादा पत्र प्राप्त स्कूल | 5 |
| अवैध रूप से स्थानांतरित स्कूल | 15 |
| **पुणे महानगरपालिका क्षेत्र** | |
| अवैध स्कूल | 9 |
| अवैध इरादा पत्र प्राप्त स्कूल | 5 |
| अवैध रूप से स्थानांतरित स्कूल | 9 |

# कांग्रेस में बड़ा राजनीतिक भूचाल

## भोर के पूर्व विधायक संग्राम थोपटे BJP में होंगे शामिल

**महानगर नेटवर्क**

**पुणे**

महाराष्ट्र की राजनीति में एक बड़ा उलटफेर होने जा रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ और निष्ठावान नेता तथा भोर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक संग्राम थोपटे जल्द ही भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने वाले हैं। कांग्रेस नेतृत्व द्वारा लगातार उपेक्षा किए जाने, विधानसभा अध्यक्ष या मंत्री पद न मिलने और राजगढ़ सहकारी साखर कारखाना को कर्ज न मिलने जैसी समस्याओं से नाराज होकर उन्होंने यह बड़ा निर्णय लिया है। सूत्रों के मुताबिक, संग्राम थोपटे जल्द ही अपने समर्थकों से चर्चा कर कांग्रेस से इस्तीफा देंगे और मुंबई में भाजपा में शामिल होंगे। कहा जा रहा है कि उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की है और एक वरिष्ठ भाजपा नेता के प्रयासों से उनका भाजपा में शामिल होना लगभग तय हो चुका है। फेसबुक पर उन्होंने अपना कवर फोटो भी बदला है, जिससे चर्चाओं को और बल मिला है। 20 अप्रैल को भोर तालुका में कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाई गई है, जिसमें वे कांग्रेस छोड़ने और भाजपा में शामिल होने की



औपचारिक घोषणा कर सकते हैं। 2019 विधानसभा चुनावों के बाद जब नाना पटोले ने विधानसभा अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया था, तब संग्राम थोपटे का नाम अध्यक्ष पद के लिए सबसे आगे था। लेकिन उन्हें नजरअंदाज कर दिया गया। इसके बाद जब महाविकास आघाडी सरकार बनी, तो मंत्रिपद के लिए भी उनका नाम लगभग तय था, परंतु अंतिम क्षणों में उन्हें फिर दरकिनार कर दिया गया।

### संग्राम थोपटे का भाजपा में जाना निश्चित

संग्राम थोपटे के पिता अनंतराव थोपटे भी कांग्रेस के दिग्गज नेता रह चुके हैं। एक समय वे मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार थे, लेकिन 1999 में शरद पवार ने उनके विरोध में पूरी ताकत झोंक दी और उन्हें पीछे हटना पड़ा। अब संग्राम थोपटे का भाजपा में जाना निश्चित माना जा रहा है, जिससे पुणे जिले के राजनीतिक समीकरण पूरी तरह बदल सकते हैं। आने वाले समय में भोर विधानसभा क्षेत्र महाराष्ट्र की राजनीति का केंद्र बिंदु बनने जा रहा है।

# साहूकार की प्रताड़ना से परेशान होकर युवक ने लगाई फांसी

**यह घटना हडपसर के हंडेवाडी रोड इलाके में घटी**

**महानगर नेटवर्क**

**पुणे**

ब्याज पर लिए गए पैसों के लिए अवैध साहूकार द्वारा परेशान किए जाने से तंग आकर एक युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना गुरुवार (17) तड़के घटी। यह घटना हडपसर के हंडेवाडी रोड इलाके में घटी।

इस मामले में साहूकार के साथ युवक की पत्नी को भी गिरफ्तार किया गया है। आत्महत्या करने वाले युवक का नाम सचिन सतीश गिरी (उम्र 37, निवासी सिद्धिविनायक विहार, हंडेवाड़ी, हडपसर) है। इस मामले में सचिन गिरी की बहन सविता संतोष भारती (उम्र 39, निवासी उरुली देवाची, हडपसर-सासवाड़ रोड) ने कालेपदल पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। इसके आधार पर रविन्द्र मारुति मेमाने (उम्र 45, निवासी सत्यनारायण कॉलोनी, फुरसुंगी) और गिरी की पत्नी कोमल (उम्र 30) को गिरफ्तार किया गया। सचिन ने आरोपी रविन्द्र मेमाने से ब्याज पर पैसे उधार लिए थे। कोमल और आरोपी रविन्द्र का परिचय ब्याज पर लिए गए पैसों के लेन-देन के जरिए हुआ था। इस बीच, रविन्द्र सचिन से ब्याज पर लिए गए पैसे मांग रहा था। सचिन रविन्द्र की परेशानियों और उसकी पत्नी के साथ उसके अनैतिक संबंधों के बारे में जानकर उदास हो गया।

# पुणे मंडल में विश्व धरोहर दिवस 2025 हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**धरोहर के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन**

**महानगर नेटवर्क**

**पुणे**

विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर मध्य रेल के पुणे मंडल में भारतीय रेल की समृद्ध धरोहर के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर यांत्रिक विभाग (सीएंडडब्ल्यू) के EnHM विभाग द्वारा पुणे स्टेशन पर स्टेशन अधीक्षक कार्यालय से DRM कार्यालय स्थित ऐतिहासिक नैरोगेज भाप इंजिन "अनुराधा" तक एक धरोहर जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को स्टेशन अधीक्षक, पुणे द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर मंडल वाणिज्य प्रबंधक, सहायक वाणिज्य प्रबंधक,



ADEME (DEMU), स्टेशन प्रबंधक, CHI, CCI, SSE (EnHM), सफाई कर्मचारी, तकनीशियन व कुलीगण उपस्थित थे। इसके साथ ही पुणे स्टेशन, DRM कार्यालय, ताडीवाला रोड कॉलोनी एवं BTC, GICC में कार्यरत सफाई कर्मचारियों हेतु रेलवे धरोहर पर आधारित प्रश्नमंच प्रतियोगिता आयोजित की गई। विजेताओं को DRM व ADRM द्वारा विशेष कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। इसी क्रम में लोको ऑपरेशन विभाग द्वारा पुणे लोको लॉबी में विश्व धरोहर दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक श्री राजेश कुमार वर्मा, अपर मंडल रेल प्रबंधक, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (ऑपरेशन्स एवं सीएंडडब्ल्यू), DME (ऑपरेशन्स), ADME (DEMU), ADME (ऑपरेशन्स) सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

भाप इंजन से लेकर वंदे भारत एक्सप्रेस तक पर एक विशेष वीडियो प्रस्तुति दिखाई गई। इस अवसर पर सेवानिवृत्त लोको पायलट श्री आर.के. डिनीस ने अपने अनुभव साझा किए, जिन्होंने भाप इंजन से मेल/एक्सप्रेस इंजन तक की प्रेरणादायक यात्रा बताई। उन्हें और अन्य सेवानिवृत्त लोको पायलटों को विभाग की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस आयोजन ने भारतीय रेलवे की गौरवशाली विरासत के प्रति पुणे मंडल की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया।

# हिसार-हडपसर-हिसार के बीच ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों का संचालन




**महानगर नेटवर्क**

**पुणे**

गर्मी की छुट्टियों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए, मध्य रेल द्वारा हिसार और हडपसर के बीच ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। विवरण इस प्रकार है :

1. हिसार – हडपसर ग्रीष्मकालीन विशेष (गाड़ी संख्या 04725)

गाड़ी संख्या 04725 हिसार – हडपसर ग्रीष्मकालीन विशेष हर रविवार को 20.04.2025 से 25.05.2025 तक हिसार से सुबह 05:50 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 10:45 बजे हडपसर पहुंचेगी। (कुल 6 फेरे)

2. हडपसर – हिसार ग्रीष्मकालीन विशेष (गाड़ी संख्या 04726)

गाड़ी संख्या 04726 हडपसर – हिसार ग्रीष्मकालीन विशेष 21.04.2025 एवं 28.04.2025 को हर सोमवार दोपहर 15:20 बजे हडपसर से प्रस्थान करेगी और अगले दिन रात 22:25 बजे हिसार पहुंचेगी। (2 फेरे)

इसके बाद, 05.05.2025 से 26.05.2025 तक गाड़ी हडपसर से शाम 17:00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन रात 22:25 बजे हिसार पहुंचेगी। (4 ट्रिप)

**संरचना :** 2 एसी 2-टियर, 4 एसी 3-टियर, 8 स्लीपर क्लास, 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी, और 2 लगेज-कम-गार्ड ब्रेक वैन (कुल 20 ICF कोच)

**ठहराव :** सादुलपुर, लोहारु, चिड़ावा, झुंझुनू, नवलगढ़, सीकर, रींगस, जयपुर, दुर्गापुरा, सवाई माधोपुर, डकनिया तालाव, भवानी मंडी, नागदा, रतलाम, गोधरा, वडोदरा, भरूच, सूरत, वलसाड, वापी, वसई रोड, कल्याण, लोणावला, चिंचवड, पुणे।

**आरक्षण :** गाड़ी संख्या 04726 के लिए आरक्षण 19.04.2025 से सभी कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केंद्रों और वेबसाइट www.irctc.co.in पर शुरू होगा।

यात्रियों से अनुरोध है कि वे इस विशेष ट्रेन सेवा का लाभ उठाएं। यह प्रेस विज्ञप्ति मध्य रेल, पुणे मंडल के जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी की गई है।

# हाथ गोला रखने के मामले में युवक को दो माह की कैद

**पुणे।** हाथ गोला (देसी बम) रखने के आरोप में पुणे की एक अदालत ने युवक को दोषी करार देते हुए दो महीने की साधारण कैद और 1000 के जुर्माने की सजा सुनाई है। यह फैसला अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश जे. जी. डोरले ने सुनाया। दोषी युवक का नाम विक्की अशोक सावंत (24) है, जो शिव कृपा कॉलोनी, नढ़ेनगर, कालेवाड़ी का निवासी है। वाकड़ पुलिस थाने की टीम ने उसे 9 सितंबर 2015 को गिरफ्तार किया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, विक्की सावंत थोपटे लान परिसर में संदिग्ध अवस्था में खड़ा था।

# बाबुरावजी घोलप महाविद्यालय द्वारा 'सृजन–द क्रिएटिव विंग्स 2024–25' फैशन शो संपन्न

**महानगर नेटवर्क**

**चिंचवड़**

पुणे जिला शिक्षा मंडल अंतर्गत बाबुरावजी घोलप महाविद्यालय के फैशन टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा विद्यार्थियों के बनाए गए वस्त्र और डिजाइनों को प्रदर्शित करने के लिए एक भव्य फैशन शो 'सृजन– द क्रिएटिव विंग्स 2024-25' का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य सामान्य परिवारों से आने वाले विद्यार्थियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के फैशन शो का अनुभव देना और फैशन, वस्त्र तथा डिजाइन क्षेत्र के विशेषज्ञों से सीधे संवाद साधने का अवसर प्रदान करना था। एलप्रो सिटी स्क्वेयर मॉल ऑडिटोरियम,




चिंचवड़, पुणे में आयोजित इस शो में प्रमुख अतिथि के रूप में सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय के प्रो-कुलगुरु डॉ. पराग, कुलसचिव ज्योति भाकरे, परीक्षा नियंत्रक प्रभाकर देसाई, विश्वविद्यालय अधिसभा सदस्य तथा पीडीईए के मानद सचिव अॅड. संदीप कदम, प्राचार्या डॉ. संगीता व्ही. जगताप, विभागप्रमुख प्रा. प्रीती सदाशिव जोशी, ज्युरी सदस्य दीपाली जोशी, पूजा वाघ, प्राजक्ता सालवे, व्यवस्थापन परिषद सदस्य बागेश्री मंथळकर, डॉ. नितीन घोरपडे, डॉ. देविदास वायदंडे, डॉ. डी.बी. पवार, संदीप पालवे, प्राचार्य पंडित शेळके, डॉ. तुषार शितोळे, डॉ. शर्मिला चौधरी, डॉ. अंजली कालकर, सरोज पांडे, योगेश पवार आदि मान्यवर उपस्थित थे।

# गढ़चिरौली में महिला की हत्या कर फरार आरोपी गिरफ्तार

**महानगर नेटवर्क**

**पुणे**

शिवाजीनगर पुलिस ने नरवीर तानाजीवाड़ी क्षेत्र के गढ़चिरो में एक पुलिस उपनिरीक्षक की बहन की हत्या कर फरार हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान विशाल ईश्वर वाल्के (उम्र 40, निवासी सुयोगनगर, नवेगांव, गढ़चिरौली) के रूप में हुई है। हत्या की शिकार महिला का नाम कल्पना केशव उंदिरवाडे (उम्र 64, निवासी कल्पना विहार, सुयोगनगर, नवेगांव, जिला गढ़चिरौली) है। पुलिस उपनिरीक्षक मोहन काशीनाथ सोनकुसरे (उम्र 57, निवासी इंदिरानगर, लांझेड़ा, जिला गढ़चिरौली) ने इस संबंध में गढ़चिरौली पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, मोहन सोनकुसरे गढ़चिरौली पुलिस मुख्यालय में पुलिस उपनिरीक्षक हैं। उनकी बड़ी बहन कल्पना उंदिरवाडे गढ़चिरौली जिला परिषद में सेल अधिकारी थीं। वह 2018 में सेवानिवृत्त हुईं। उनके पति का 2022 में निधन हो गया। कल्पना अपने बेटे उत्कल (उम्र 25) के साथ रहती थीं। 13 अप्रैल को कल्पना के भाई पुलिस उपनिरीक्षक मोहन सोनकुसरे गढ़चिरौली पुलिस मुख्यालय गये। उसी समय उन्हें सूचना मिली कि वह बेडरूम में खून से लथपथ पड़े हैं।

# चरित्र संदेह के चलते पत्नी की गला घोंटकर हत्या

**पूछताछ के लिए बुलाए गए पति ने पुलिस थाने में की आत्महत्या**

**महानगर नेटवर्क**

**पिंपरी**

चरित्र पर संदेह के चलते पत्नी की गला घोंटकर हत्या करने के बाद पति ने खुद भी फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालांकि, पुलिस समय रहते घटनास्थल पर पहुंच गई और पति को अस्पताल में भर्ती कराया। पता चला है कि उपचार के बाद पूछताछ के लिए बुलाए गए पति ने चिखली पुलिस थाने में पेशाब करने के बहाने शौचालय जाते समय फर्श साफ करने वाला लिक्विड पीकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या करने वाले व्यक्ति का नाम शरद रूपचंद चितले (उम्र 35, निवासी रूपीनगर, तलवडे) है। इसलिए उसने अपनी पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। उनकी एक छह साल की बेटी है। पुलिस उपायुक्त शिवाजी पवार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार शरद को अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह था। प्रारंभिक जानकारी से पता चलता है कि उसने 13 अप्रैल को अपनी पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी थी।

# पुणे में TAB टेरा कासा और फैशन टीवी की लग्जरी रियल एस्टेट परियोजना का शुभारंभ

**महानगर नेटवर्क**

**पुणे**

पौड-मुलशी क्षेत्र में TAB टेरा कासा और फैशन टीवी के संयुक्त लग्जरी आवासीय परियोजना का शुभारंभ पुणे के जे डब्ल्यू मैरियट होटल में अत्यंत भव्यता के साथ संपन्न हुआ। यह परियोजना तेजस अरुण बहिरट पाटिल समूह की एक अनोखी पहल है। इस उद्घाटन समारोह में प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री सोहा अली खान, फैशन टीवी के प्रबंध निदेशक काशिफ खान और फैशन टीवी इंडिया की निदेशक रुक्मणी सिंह हुड्डा विशेष रूप से



उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में उद्योग जगत की प्रमुख हस्तियों, पर्यावरणविदों ने भी भाग लिया। यह परियोजना पर्यावरण-सम्मत और वास्तुशास्त्र पर आधारित एनए स्वीकृत विला प्लॉट्स की पेशकश करती है। डिज़ाइन में भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों और आधुनिक जीवनशैली का सुंदर समन्वय किया गया है।

# हम संगठन को नई दिशा और ऊर्जा देने के लिए काम करेंगे : डॉ. भूषण

**मंचर।** डॉक्टरों और मरीजों के बीच विश्वास और सद्भाव का माहौल बनाने और उन्हें अद्यतन और त्वरित सेवाएं प्रदान करने के लिए आंबेगांव तालुका मेडिकल प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन के माध्यम से एक विशेष अभियान चलाया जाएगा। संगठन को नई दिशा, ऊर्जा और प्रेरणा देने के लिए काम किया जाएगा," अम्बेगांव तालुका मेडिकल प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. भूषण साली ने कहा। शुक्रवार (18) को एकलहरे (अम्बेगांव) में अध्यक्ष के रूप में डॉ. भूषण साली एवं कार्यकारिणी (वर्ष 2025-26) का पदभार ग्रहण हुआ। जीजाजी बोल रहे थे। इस अवसर पर डॉ. भरत घोलप, डॉ. अरविंद टोडकर, डॉ. मोहन साली, डॉ. सतीश गुजराती, डॉ. रसिक काले, डॉ. सुदाम खिलारी, डॉ. सदानंद राऊत, डॉ. सुनील खिंवसरा, डॉ. अशोक शेटे, डॉ. वर्षारानी गाडे, डॉ. सुहास कहदाने उपस्थित थे। उपाध्यक्ष डॉ. शिवाजीराव थिटे, सचिव डॉ. बालकृष्ण थोरात, संयुक्त सचिव डॉ. सोमेश्वर टेके और कोषाध्यक्ष डॉ. दीपाली मंधारे और कार्यकारी सदस्यों को सम्मानित किया गया।

# नाबालिग लड़की से दुष्कर्म कर हत्या

**पुणे।** पुणे अपराध समाचार । मांजरेवाड़ी धर्मा (खेड़) गांव की नाबालिग लड़की से दुष्कर्म और उसकी बेरहमी से हत्या के मामले में अज्ञात लोगों ने आरोपी के घर में आग लगाने की कोशिश की। पुलिस के समय पर हस्तक्षेप के कारण एक बड़ी दुर्घटना टल गई। इस बीच गांव में तनावपूर्ण माहौल पैदा हो गया है और आरोपियों को फांसी देने की मांग हो रही है। आगे मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार (18 तारीख) रात करीब 10 बजे अज्ञात लोगों ने हत्या के आरोपी के घर के सामने ट्रैक्टर में आग लगा दी।

# आस्पेक्ट हॉस्पिटैलिटी ने मुंबई और पुणे में नोम नोम एक्सप्रेस के 25 आउटलेट लांच किए

**महानगर नेटवर्क**

**पुणे**

आस्पेक्ट हॉस्पिटैलिटी ने मुंबई और पुणे में अपने पैन-एशियन क्यूएसआर ब्रांड, नोम नोम एक्सप्रेस के 25 नए आउटलेट्स लांच करने का लक्ष्य हासिल कर लिया है। आस्पेक्ट ग्लोबल वेंचर्स की कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती अक्षा कम्बोज ने सभी 25 लोकेशनों पर आउटलेट्स का एक साथ विजुअल अनावरण किया। इस इनोवेटिव और हाई-इम्पैक्ट वाली उपलब्धि के वक्त उनके साथ आस्पेक्ट हॉस्पिटैलिटी के प्रबंध निदेशक श्री




हितेश केसवानी, आस्पेक्ट हॉस्पिटैलिटी के सीईओ श्री संदीप सिंह और एक्जीक्यूटिव कॉर्पोरेट शेफ राहुल भी शामिल हुए। अब 25 लाइव किचन के साथ, नोम नोम एक्सप्रेस पूरे शहर में हाई-ऐनर्जी, हाई-फ्लेवर वाले पैन-एशियन भोजन की डिलिवरी शुरु कर दी है। नई पीढ़ी को खुश करने के लिए तैयार है-वन बाइट ऐट अ टाइम। लेकिन इस सबकी रीढ़ है-नोम नोम सेंट्रल किचन है।

# पहली कक्षा से हिंदी अनिवार्य का साहित्य महामंडल ने किया विरोध

**महानगर नेटवर्क**

**पुणे**

अखिल भारतीय मराठी साहित्य महामंडल ने राज्य सरकार द्वारा पहली कक्षा से हिंदी को अनिवार्य विषय के रूप में लागू किए जाने के निर्णय का तीव्र विरोध किया है। महामंडल ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने यह निर्णय तुरंत रद्द नहीं किया तो राज्यभर में जोरदार आंदोलन छेड़ा जाएगा।

ज्ञात हो कि प्राथमिक शिक्षण विभाग ने हाल ही में एक आदेश जारी किया है, जिसके अनुसार शैक्षणिक वर्ष 2025-26 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करते हुए पहली कक्षा से पाँचवीं कक्षा तक मराठी और अंग्रेजी के साथ हिंदी को भी अनिवार्य रूप से पढ़ाया जाएगा। इस निर्णय का शैक्षिक एवं राजनीतिक क्षेत्रों में तीव्र विरोध शुरू हो चुका है। महामंडल का कहना है कि पाठ्यक्रम की रूपरेखा तय करने के लिए नियुक्त सुकनु समिति ने हिंदी की अनिवार्यता की सिफारिश नहीं की थी, शिक्षण विभाग ने समिति की सिफारिशों की अनदेखी करते हुए हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में अनिवार्य कर दिया है।

# शिव-फुले-आंबेडकर संयुक्त जयंती पर व्याख्यान एवं नृत्य प्रतियोगिता

**विजेताओं को ट्रॉफी देकर किया सम्मानित**

**महानगर नेटवर्क**

**पुणे**

शिव-फुले-आंबेडकर संयुक्त जयंती महोत्सव अखिल बी.टी. कवडे रोड, घोरपडी पुणे की ओर से हर साल की तरह इस वर्ष भी छत्रपति शिवाजी महाराज, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर और महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर बी.टी.कवडे रोड पर संयुक्त जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व न्यायमूर्ति बी. जी. कोलसे पाटिल एवं अन्य द्वारा संविधान जागरूकता अभियान के अंतर्गत आधुनिक भारत के



वास्तुकार विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्याता-निश्चय साक्षात साधना, एडवोकेट मोनाली और उनकी टीम ने शानदार प्रस्तुति दी और स्कूल के लड़के-लड़कियों के लिए भव्य नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेताओं को छोटे समूहों, बड़े समूहों और समूह नृत्य में विभाजित किया गया। विजेताओं को मुख्य अतिथियों द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

**महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड** के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड ऑफिस नं. 12, अ और ब, सी.टी.एस. नं. 40/1, बी 2, संगम प्रोजेक्ट फेस 1, डॉ आंबेडकर रोड, आर.टी.ओ के पास पुणे-411001, से प्रकाशित एवं **डांगट मीडिया प्रा.लि.**, 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित. ● फोन नंबर: 020-26059198 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# परिवारवादियों को स्वीकार्य नहीं, सबका साथ-सबका विकास : सीएम योगी आदित्यनाथ

महानगर संवाददाता
गोरखपुर



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को विपक्ष के कई नेताओं का नाम लिए बिना उन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के अंतःकरण में तानाशाही और अधिनायकवादी भाव है वह विकास को पनपते हुए, आगे बढ़ते हुए नहीं देखना चाहते हैं। ऐसे लोग अपना और अपने परिवार का विकास चाहते हैं और इन लोगों को "सबका साथ-सबका विकास" स्वीकार्य नहीं है। ऐसी विचारधारा के लोगों ने 1975 में आपातकाल लागू कर मीडिया पर सेंसर लगाया था और आज भी समय-समय पर मीडिया के विरोध लेकर फतवे जारी करते रहते हैं।

गोरखपुर के रामगढ़ताल क्षेत्र स्थित एक होटल के सभागार में सीएम योगी शनिवार सुबह एक प्रमुख मीडिया समूह के 'उत्सव अभिव्यक्ति का' कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों ने खुद को परिवार तक सीमित रखा। अपना और परिवार का ही विकास किया। उन्होंने प्रदेश के समग्र विकास को प्राथमिकता नहीं दी। इसका नतीजा यह हुआ कि यूपी के नागरिकों के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया। पिछली सरकारों में किसान आत्महत्या करने को मजबूर रहे, गरीब भूख से मरते रहे, महिलाओं और व्यापारियों को असुरक्षा का शिकार होना पड़ा था।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यना ने साल 2017 के पहले के उत्तर प्रदेश की चर्चा करते हुए कहा कि तब पहचान का संकट इस कदर था कि यूपी के कई जिलों के नाम पर बाहर धर्मशाला में कमरा तक नहीं मिलता था। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकार में यूपी के एक मंत्री विदेश दौरे पर गए थे। यूपी के नाम पर जांच-तलाशी के लिए एयरपोर्ट पर उन्हें नंगा करके खड़ा कर दिया गया। उन्हें बैरंग वापस आना पड़ा था।

### गोरखपुर अब बदनाम नहीं, सशक्त पहचान वाला जिला

सीएम योगी ने कहा कि 2017 के पूर्व के गोरखपुर के सामने पहचान का संकट था। कनेक्टिविटी का अभाव था, युवाओं के सामने पलायन की मजबूरी थी, अव्यवस्था का दौर था, उद्योग बंद हो रहे थे, जिला बाढ़ और मलेरिया-इंसेफेलाइटिस जैसी तमाम बीमारियों की चपेट में था। एक दौर वह भी था जब गोरखपुर और पूर्वी उत्तर प्रदेश माफिया के गैंगवार की चपेट में था। जबकि 2017 के बाद इसकी पहचान इतनी सशक्त हो चुकी है कि आज कोई भी गोरखपुर को माफिया से जोड़कर बदनाम नहीं कर सकता है। कोई अब गोरखपुर को बीमारी का अड्डा नहीं बोलता है। यहां अब नौजवानों के पलायन की बात नहीं होती है। आज गोरखपुर और पूर्वी उत्तर प्रदेश के नौजवान पहचान के मोहताज नहीं हैं। आज के गोरखपुर की पहचान देश और दुनिया में है।

# लखनऊ में सांसद खेल महाकुंभ का आगाज

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने किया उद्घाटन

महानगर संवाददाता
लखनऊ



राजधानी लखनऊ स्थित केडी सिंह बाबू स्टेडियम में शनिवार को सांसद खेल महाकुंभ का धमाकेदार आगाज हुआ। रक्षामंत्री एवं सांसद राजनाथ सिंह ने इसका उद्घाटन किया। इस मौके पर रक्षामंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से कई सांसदों ने अपने क्षेत्र में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित कर समाज के विकास के लिए एक नई राह तैयार की है। इस कड़ी में अब लखनऊ का नाम भी जुड़ गया है। किसी भी समाज के विकास के लिए यह जरूरी है कि खेल और खिलाड़ियों को महत्व दिया और उन्हें समझा जाए।

रक्षामंत्री ने आगे कहा कि लखनऊ शहर अपने स्पोर्टिंग कल्चर के लिए उत्तर प्रदेश में ही नहीं, देश विदेश में भी जाना जाता रहा है। जिन महान हॉकी खिलाड़ी केडी सिंह बाबू के नाम से यह स्टेडिमय जाना जाता है, उन्होंने यहां पर काफी लंबा समय बिताया है। हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद ने भी लखनऊ को खासा समय दिया है। यहां की खेल संस्कृति को उन्होंने संवारा और निखारा है। उनके बेटे अशोक कुमार और ओलंपियन जमन लाल शर्मा की भी यह कर्मभूमि रही है। अपने संबोधन में उन्होंने आगे कहा कि एक समय था जब इसी केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर शीशमहल ट्रॉफी के नाम पर क्रिकेट टूर्नामेंट होता था। टीम इंडिया के बड़े-बड़े खिलाड़ी यहां खेलते नजर आते थे।

# यूपी के कई जिलों में बारिश और तूफान का 'येलो अलर्ट'



महानगर संवाददाता
लखनऊ

वेस्टर्न डिस्टर्बेंस की वजह से उत्तर भारत के कई राज्यों में मौसम बदल गया है। यूपी समेत कई राज्यों में इन दिनों आंधी तूफान, बारिश और बिजली कड़कने की गतिविधियां देखने को मिल रही हैं। मौसम विभाग ने बताया है कि आज भी बारिश, आंधी की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग के अनुसार 20 अप्रैल से इसमें कमी आ सकती है। इसके अलावा, पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में 20 अप्रैल को आंधी तूफान का अलर्ट है। पूर्वोत्तर भारत में 22 अप्रैल को बारिश का नया दौर आने वाला है।

पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी राजस्थान, मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय में आंधी तूफान आया। जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और विदर्भ में ओले गिरे। इसके अलावा, उत्तरी आंतरिक कर्नाटक, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल में भारी बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार, जम्मू कश्मीर, लद्दाख में 20 और 21 अप्रैल, हिमाचल प्रदेश में 21, उत्तराखंड में 20 और 21 अप्रैल, हिमाचल प्रदेश में 20 अप्रैल को बारिश, आंधी तूफान व बिजली कड़कने की चेतावनी जारी की गई है। इसके साथ ही, जम्मू कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश में 20 अप्रैल, उत्तराखंड में 20 अप्रैल को ओले गिरेंगे।

## सपा सांसद के घर पर हमला अखिलेश बोले

# साजिश के तहत पीडीए को डराने की कोशिश

महानगर संवाददाता
आगरा



राणा सांगा पर राज्यसभा में दिए बयान के बाद छिड़े सियासी घमासान के बीच शनिवार को सपा मुखिया एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन से मिलने संजय प्लेस स्थित उनके आवास पहुंचे। इस दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि करणी सेना नहीं ये योगी सेना है, जिसके लिए सरकार से फंडिंग हो रही है। सीएम के स्वजातीय लोगों ने जिस तरह तलवारें लहराईं, वो पिछड़ा, दलित अल्पसंख्यकों को डराना चाहते हैं। जिस तरह हिटलर सेना रखता था, लोगों की आवाज दबाने के लिए उसी तरह ये योगी सेना लोगों को डरा रही है।

अखिलेश यादव ने कहा कि जिस समय सांसद सुमन के यहां आने का फैसला लिया, तभी साफ किया कोई प्रदर्शन नहीं करना है। कोई ताकत नहीं दिखाई है। अपनी पार्टी के नेता के घर जाना है, जो जा रहा हूं। उन्होंने कहा कि समाजिक न्याय का राज स्थापित करने की दलितों की राजधानी से घोषणा करते हैं। आगरा सामाजिक न्याय की लड़ाई में कुरुक्षेत्र बनेगा। अखिलेश के आने से पूर्व ही किसी तरह के उपद्रव की आशंका को देखते हुए हरीपर्वत चौराहे से स्पीड कलर लैब तक सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए हैं। सपा कार्यकर्ताओं ने कोई हंगामा किया तो उनसे निपटने के लिए भी रणनीति तैयार की गई।

### पीडीए को डराने की कोशिश

अखिलेश यादव ने सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के आवास पर करणी सेना द्वारा किए गए हमले को लेकर कहा कि ये पीडीए को डराने की कोशिश की गई है। सांसद के आवास पर अचानक हमला नहीं हुआ। ये हमला साजिश के तहत हुआ है। ये एक सोची समझी चाल है। हमलावरों का इरादा जान लेने का था। दलितों-अल्पसंख्यकों को डराने कोशिश पूरी कोशिश की गई। अखिलेश ने आगरा से सामाजिक न्याय की लड़ाई का एलान किया।

# दुष्कर्म के दोषी दंपती को उम्रकैद

महानगर संवाददाता
वाराणसी



विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) विनोद कुमार की अदालत ने किशोरी से दुष्कर्म के मामले में आरोपी दंपती पुनवासी गुप्ता और विमला देवी को दोषी पाया है। अदालत ने दोषी दंपती को उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही, दोनों आरोपियों को 50-50 हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, वादी ने रोहनिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

आरोप था कि पांचवीं में पढ़ने वाली उनकी बेटी सात अक्तूबर 2018 की रात घर से घड़ी का पाउडर लेने दुकान जा रही थी। रास्ते में विमला देवी उसे मिली और अपने घर ले गई। हाल-चाल लेने के बाद विमला देवी ने उसकी बेटी को खाना खिलाया और कमरे की लाइट बंद कर दी। इसके बाद कमरे में उसका पति पुनवासी गुप्ता आया और उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया। सोशल मीडिया पर मुस्लिम महिला के नाम से फर्जी अकाउंट बनाकर गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा वीडियो वायरल करने पर चोलापुर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस साइबर सेल की मदद से जांच कर रही है। चोलापुर थाना क्षेत्र के राजापुर गांव के अश्वनी कुमार पाठक ने पुलिस को तहरीर दी।

# प्रेमिका के घर मिली प्रेमी की लाश

महानगर संवाददाता
जौनपुर

जिले में शहर कोतवाली क्षेत्र के चितरसारी गांव में एक युवक का शव शुक्रवार की भोर में उसके पड़ोसी के घर फंदे से लटकता मिला। शव जिसके घर मिला था, उसी ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस टीम ने शव को कब्जे में ले लिया।

पुलिस के मुताबिक जिस घर में युवक का शव मिला, वह उसकी प्रेमिका का है। पुलिस को मोबाइल फोन से दोनों के बीच लंबी वाट्सएप चैट भी मिली है। उधर, युवक के परिजनों ने पड़ोसी पर ही हत्या का आरोप लगाया है। शहर कोतवाली क्षेत्र के चितरसारी गांव किशन मौर्य मोनू का शव पड़ोसी के घर में फंदे से लटकता मिला।

### एफआईआर

पड़ोसी ने ही पुलिस को बुलाया। कोतवाली प्रभारी मिथिलेश मिश्रा ने बताया कि पुलिस जब मौके पर पहुंची, उस समय घर के लोग भी वहां मौजूद थे। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला प्रेम प्रसंग का लग रहा है। युवक ने आत्महत्या की है या उसकी हत्या की गई है, यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद स्पष्ट होगा। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर जांच की है। मृतक के मोबाइल और अन्य सामानों को जब्त कर लिया गया है। उधर, मृतक किशन के परिजनों ने पड़ोसी पर ही हत्या का आरोप लगाया है।

# डीजे पर गाने को लेकर बाराती पक्ष आपस में भिड़े

**आजमगढ़।** तरवां थाना क्षेत्र के ठाटा तरवां गांव से बेल्थरा बलिया गई बारात में बारातियों के दो पक्ष डीजे पर गाना बजाने को लेकर आपस में भिड़ गए। बारात के वापस आने पर गांव के लोगों ने रिश्तेदारों को रोक लिया और उनकी पिटाई शुरू कर दी। उनकी गाड़ियां तोड़ दी। सूचना पर पहुंची पुलिस की गाड़ी को भी लोगों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने 14 लोगों को हिरासत में लिया और थाने ले आई। ठाटा तरवां गांव निवासी हरेंद्र चौहान पुत्र रामायण चौहान की बारात शुक्रवार को बेल्थरा बलिया गई थी।

# वरमाला के समय दूल्हा-दुल्हन को स्टेज पर दोस्तों ने थमाया 'नीला ड्रम'

### गंभीर मामलों को मजाक में बदलना गलत

महानगर संवाददाता
हमीरपुर



मेरठ में सौरभ हत्याकांड के बाद चर्चा में आया नीला ड्रम अब सोशल मीडिया पर मीम मटेरियल टूल बन गया है। लोग इसे बतौर अब गिफ्ट की तरह पेश करने लगे हैं। ड्रम शादियों में हंसी-मजाक और गिफ्ट का हिस्सा बन गया है। दरअसल यूपी के हमीरपुर का एक सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें स्टेज पर दूल्हे के साथियों ने उसे गिफ्ट में नीला ड्रम देने पहुंच गए।

पिछले महीने मेरठ में एक घटना सामने आई थी, जहां सौरभ नामक युवक की हत्या कर उसके शव को एक नीले ड्रम में भरकर ऊपर से सीमेंट डाल दिया गया था। इस जघन्य अपराध ने पूरे देश का ध्यान खींचा था। इसके बाद से ही सोशल मीडिया पर नीले ड्रम और सीमेंट की बोरियों को लेकर मीम्स, रील्स और चुटकुले बनाए जा रहे हैं। अब यह ट्रेंड शादियों तक पहुंच गया है। हमीरपुर के राठ कोतवाली क्षेत्र के दादा गार्डन में हाल ही में हुए एक शादी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें दूल्हे के दोस्तों ने वरमाला के समय स्टेज पर जाकर उसे नीला ड्रम गिफ्ट किया। इसे लेकर सोशल मीडिया पर कुछ लोग आपत्ति जता रहे हैं। कई लोगों ने चिंता भी जाहिर की है कि गंभीर मामलों को मजाक में बदलना एक गलत प्रवृत्ति बनती जा रही है।

# लखनऊ के बाद अब प्रयागराज में चलेंगी डबल डेकर ई-बस



**प्रयागराज।** प्रदेश की राजधानी लखनऊ के बाद प्रयागराज सूबे का दूसरा ऐसा शहर होगा जहां डबल डेकर ई -बसों का संचालन होगा। अगले माह प्रयागराज की सड़कों पर शहरियों को डबल डेकर ई-बसें दौड़ती दिखाई दे जाएंगी। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। डबल डेकर ई- बस के रूट का भी निर्धारण हो गया है। यहां दो रूट पर इन बसों को चलाए जाने की तैयारी है।

दरअसल प्रयागराज में लगे महाकुंभ के दौरान ही यहां दो डबल डेकर ई-बस मुख्यालय से यहां भेजी गई। इन बसों का संचालन महाकुंभ के दौरान ही होना था, लेकिन संगम नगरी में कई रेलअंडर ब्रिज की कम ऊंचाई होने की वजह से इन बसों के रूट का निर्धारण नहीं हो पा रहा था। इस वजह से दोनों ई-बस बीते दो माह से राजापुर स्थित प्रयाग डिपो के वर्कशॉप में ही खड़ी हैं। उधर इन बसों के प्रयागराज आगमन के बाद यूपी रोडवेज प्रशासन ने उन मार्गों का सर्वे किया, जहां इन बसों के संचालन में दिक्कत न आए। तमाम मार्ग का सर्वे करने के बाद दो रूट का अब जाकर निर्धारण किया गया है। इसमें प्रयागराज एयरपोर्ट से सिविल लाइंस बस स्टेशन और दूसरा गोविंदपुर से प्रयागराज छिवकी रेलवे स्टेशन शामिल है।

# अमेठी में बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

महानगर संवाददाता
अमेठी



यूपी के अमेठी में शुक्रवार की रात बोलेरो ने बाइक में सामने से टक्कर मार दी। हादसे में ओदारी गांव निवासी 20 वर्षीय युवक साहिल की मौत हो गई। जबकि, उसके दो साथी पवन (21) और लक्ष्मण (20) गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद से पूरे गांव में मातम पसरा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

हादसा जायस कस्बा में टांडा-बांदा हाईवे पर हुआ। नकछेद ने बताया कि उनका चचेरा भांजा साहिल अपने दोस्त पवन और लक्ष्मण के साथ बाइक से जामों कस्बे में रिश्तेदार के घर आयोजित कार्यक्रम में जा रहा था। हाईवे पर एक वाहन को ओवरटेक करने के प्रयास में सामने से आ रही बोलेरो से भिड़ गए। हादसे में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना देकर घायलों को सीएचसी फुरसतगंज पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने साहिल को मृत घोषित कर दिया।

# औद्योगिक विकास को रफ्तार देने को यूपीसीडा का बजट पास

### बजट से प्रदेश के औद्योगिक ढांचे को मिलेगी मजबूती

महानगर संवाददाता
लखनऊ



उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास को नई रफ्तार देने के लिए यूपीसीडा (उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास प्राधिकरण) की 48वीं बोर्ड बैठक शुक्रवार को लखनऊ के लोक भवन में आयोजित हुई। इस बैठक में वर्ष 2025-26 के लिए 6190 करोड़ रुपये का बजट पास किया गया। साथ ही, औद्योगिक क्षेत्रों के लिए नई वर्गीकरण नीति, छह कताई मिलों के दोबारा उपयोग और एक्स-लीडा (पूर्व लखनऊ औद्योगिक विकास प्राधिकरण) के मास्टर प्लान को लेकर कई अहम फैसले लिए गए।

बैठक की अध्यक्षता राज्य के मुख्य सचिव और यूपीसीडा के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह ने की। इस दौरान यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि इस बजट से प्रदेश के औद्योगिक ढांचे को और मजबूत किया जाएगा, जिससे नए निवेश को बढ़ावा मिलेगा और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर तैयार होंगे। बैठक में यह तय किया गया कि अब राज्य के औद्योगिक क्षेत्रों को उनकी प्रगति के आधार पर तीन श्रेणियों—अति तीव्र, तीव्र और मंद गति—में बांटा जाएगा।

# शराब पार्टी करने वाले तीन अतिथि प्रवक्ताओं की सेवा समाप्त

महानगर संवाददाता
अयोध्या



रामनगरी अयोध्या में डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान पाठ्यक्रम के तीन अतिथि प्रवक्ताओं पर कार्यालय कक्ष में शराब की पार्टी किए जाने पर विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई। इन्हें शिक्षण कार्य के लिए प्रदान की गई अनुमति 17 अप्रैल को समाप्त कर दी गई है। विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान पाठ्यक्रम में इन अतिथि प्रवक्ताओं से सत्र 2024-25 में सत्रांत 30 जून, 2025 तक अथवा संबंधित पदों पर संविदा शिक्षकों की नियमानुसार नियुक्ति होने तक अध्यापन कार्य कराए जाने की अनुमति प्रदान की गई थी।

11 अप्रैल को दोपहर 1.15 बजे विश्वविद्यालय के प्रचेता भवन में कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल और राज्यपाल के विशेष कार्याधिकारी डॉ. पंकज एल जानी व अशोक देसाई 'नैक' की तैयारियों को परखने के लिए विभागों एवं पाठ्यक्रमों के शिक्षकों से संवाद व मूलभूत संसाधन की उपलब्धता को परखने के लिए गए थे।

# निवेश के झांसे में फंसे पूर्व आयकर आयुक्त

महानगर संवाददाता
गोरखपुर

बिटक्वाइन में निवेश का झांसा देकर सेवानिवृत संयुक्त आयकर आयुक्त से 47.86 लाख रुपये की जालसाजी का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि इंग्लैंड के नंबर से जालसाजी की गई है। शाहपुर इलाके के बशारतपुर निवासी संत प्रकाश की तहरीर पर पुलिस ने साइबर थाने में अज्ञात पर केस दर्ज किया है। निरीक्षक सुभाष चंद्र को जांच सौंपी गई है।

जानकारी के मुताबिक, पूर्व संयुक्त आयकर आयुक्त संत प्रकाश वर्तमान में गाजियाबाद के गैस गोदाम लेन गोला विस्ता में रहते हैं। स्थायी पता शाहपुर बशारतपुर है। उन्होंने शाहपुर पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सात नवंबर 2024 को फेसबुक पर विज्ञापन के माध्यम से बिटक्वाइन में निवेश का झांसा दिया गया था। इसमें 10 हजार निवेश करने पर लाखों रुपये कमाने का दावा किया गया था।




### इंग्लैंड के नंबरों से आई कॉल

उन्होंने बताया कि एक फॉर्म में अपना विवरण भर दिया। इसके बाद इंग्लैंड के कई नंबरों से फोन आया। कॉल करने वाले ने खुद को इंग्लैंड की एक बड़ी कंपनी का प्रतिनिधि बताया। इसके बाद एक ऐप का लिंक भेजा गया। इसमें निवेश करने लगा। बताया कि जूम मीटिंग में भी कनेक्ट किया जाता था। उन्होंने बताया कि झांसे में आकर 16 नवंबर 2024 से 05 फरवरी 2025 के बीच में 26 बार में अलग-अलग बैंकों से 47.86 लाख रुपये कंपनी के खाते में निवेश किया। शुरू में लाभ दिखाकर बाद में कंपनी के सारे लोग लापता हो गए। कॉल का उत्तर दिया जा रहा है, न ही रिफंड दिया जा रहा है।

# 14 दिन तक अंतरिक्ष में रहेंगे लखनऊ के IAF कैप्टन शुभांशु शुक्ला

महानगर संवाददाता
लखनऊ



अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) की यात्रा के लिए चुने गए भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने मंगलवार को कहा कि स्पेस सेक्टर में घरेलू स्टार्टअप की संख्या काफी तेजी से बढ़ रही है.

लखनऊ के रहने वाले शुक्ला निजी मिशन के तहत आईएसएस पर ऑर्बिटिंग लैब की यात्रा करने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री बनेंगे.

39 वर्षीय शुक्ला को अमेरिकी कंपनी एक्सिओम स्पेस के मिशन 4 (एक्स-4) के लिए पायलट के रूप में चुना गया है। यह नासा और इसरो के बीच एक सहयोगी मिशन है। शुक्ला ने भारतीय अंतरिक्ष नीति-2023 की सराहना की और कहा कि इससे देश में अंतरिक्ष क्षमताओं को बढ़ाने में मदद मिली है। एक्सिओम स्पेस मई में फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान का उपयोग करके मिशन को लॉन्च करेगा। शुक्ला ने कहा, 'भारत में स्टार्टअप जिस गति से बढ़ रहे हैं, वह अभूतपूर्व है।'

उन्होंने कहा कि 'आने वाले वर्षों में इसमें और भी वृद्धि होगी, क्योंकि हमारे पास देश में असाधारण प्रतिभाएं हैं।' उन्होंने बताया कि पहले के समय के मुकाबले आज देश के पास स्पेस सेक्टर के लिए एक क्लियर विजन और नीति है। शुक्ला ने कहा, 'भारतीय अंतरिक्ष नीति 2023 में इस बात की स्पष्ट रूपरेखा प्रस्तुत की गई है कि भारत को भविष्य में कहां जाना है और इसमें कार्यक्रमों, उनके विस्तार और फिर संभवतः 2040 तक चंद्रमा पर उतरने की रूपरेखा भी शामिल है.' उन्होंने आगे कहा, 'स्पेस सेक्टर में टेक्नोलॉजी और विशेषज्ञता की भारी मांग है, जो इस सेक्टर में स्टार्टअप्स के लिए एक जगह बनाता है.' शुक्ला ने कहा, 'मुझे लगता है हम भविष्य में इस सेक्टर में काफी तेजी से आगे बढ़ने वाले हैं। शुक्ला ने आगे कहा कि भारत हमेशा से ही अंतरिक्ष यात्रा करने वाला देश रहा है और देश को इस स्थिति तक पहुंचने में समय लगा। आज देश अंतरिक्ष मिशन के लिए जरूरी सभी पहलुओं जैसे अपनी स्वयं की टेक्नोलॉजी, लॉन्च व्हीकल, सैटेलाइट और ग्राउंड स्टेशन बना सकता है।

# बांग्लादेश में हिंदू नेता की पीट-पीटकर हत्या

## भारत बोला-बांग्लादेश बिना भेदभाव सबकी रक्षा करे

**महानगर नेटवर्क**
**ढाका**

बांग्लादेश में अज्ञात लोगों ने एक बड़े हिंदू नेता की हत्या कर दी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भाबेश चंद्र रॉय (58) को गुरुवार दोपहर को उनके घर से किडनैप किया गया और पीट-पीटकर मार डाला गया। वे बांग्लादेश पूजा उद्यापन परिषद की बीराल इकाई के उपाध्यक्ष थे। हिंदू समुदाय में उनकी बड़ी पकड़ थी। पुलिस ने बताया कि वे ढाका से कुछ 330 किमी दूर दिनाजपुर के बसुदेवपुर गांव के रहने वाले थे।

भाबेश चंद्र रॉय की पत्नी शांतना ने बताया कि गुरुवार को करीब 4:30 बजे उनके पति को एक फोन आया था। फोन करने वाला सिर्फ यह जानना चाहता था कि भाबेश घर पर हैं या नहीं। इसके करीब आधे घंटे बाद दो बाइक पर सवार चार लोग उनके घर आए और भाबेश को जबरदस्ती उठाकर ले गए।

चश्मदीदों के मुताबिक, उन्हें पास के नराबाड़ी गांव ले जाया गया और वहां बेरहमी से पीटा गया। गुरुवार शाम को ही हमलावरों ने भाबेश को बेहोश हालत में वैन से उनके घर भिजवा दिया। पहले उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, फिर दिनाजपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

बीराल पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी अब्दुस सबूर ने कहा कि इस मामले में केस दर्ज करने की तैयारी चल रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस संदिग्धों की पहचान करने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए काम कर रही है। भाबेश की पत्नी शांतना ने कहा कि वह हमलावरों में से दो को पहचान सकती हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस मामले में बयान जारी कर कहा- हमने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यक नेता भाबेश चंद्र रॉय की किडनैपिंग और हत्या के बारे में जानकारी मिली है। यह हत्या बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के तहत हिंदू अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न का एक पैटर्न दिखती है। पहले भी ऐसी घटनाएं हुई हैं, जिनमें आरोपी बिना सजा पाए आजादी से घूमते हैं। बयान में कहा गया कि हम इस घटना की निंदा करते हैं और एक बार फिर अंतरिम सरकार को याद दिलाते हैं कि वह बिना कोई बहाना बनाए या भेदभाव किए, हिंदुओं सहित सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा करने की अपनी जिम्मेदारी निभाए।




### बांग्लादेश पर अमेरिका ने जारी की एडवाइजरी

वाशिंग्टन। अमेरिका ने अपने नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बांग्लादेश की यात्रा के लिए फिर से एडवाइजरी जारी की है। इसमें कहा गया है कि अशांति, अपराध और आतंकवाद के कारण बांग्लादेश की यात्रा पर पुनर्विचार करें। अमेरिका की ट्रैवल एडवाइजरी में नागरिकों से सांप्रदायिक हिंसा, अपराध, आतंकवाद, अपहरण और अन्य सुरक्षा जोखिमों के कारण खगराचारी, रंगमती और बंदरबन हिल ट्रैक्ट्स जिलों (सामूहिक रूप से चटगांव हिल ट्रैक्ट्स के रूप में जाना जाता है) की यात्रा न करने का आग्रह किया गया। ये फैसला ऐसे समय में सामने आया है, जब बांग्लादेश में एक हिंदू नेता की हत्या कर दी गई है। एडवाइजरी में कहा गया है कि क्षेत्र में अपहरण की घटनाएं हुई हैं, जिनमें घरेलू या पारिवारिक विवादों से प्रेरित किडनैपिंग और धार्मिक अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने वाले अपहरण होते रहे हैं। अलगाववादी संगठन और राजनीतिक हिंसा भी इस क्षेत्र में आने वाले पर्यटकों के लिए अतिरिक्त खतरा पैदा करती हैं, आईईडी विस्फोट और सक्रिय गोलीबारी की घटनाएं भी हुई हैं।

### अमेरिकी सरकारी कर्मचारियों की यात्रा प्रतिबंधित

इसमें कहा गया कि अगर आप इन इलाकों की यात्रा करने की योजना बनाते हैं तो आपको बांग्लादेश सरकार के गृह मंत्रालय के सार्वजनिक सुरक्षा कार्यालय से पूर्व अनुमति लेनी होगी। जोखिमों के कारण बांग्लादेश में काम करने वाले अमेरिकी सरकारी कर्मचारियों को इस क्षेत्र की यात्रा करने से प्रतिबंधित किया गया है। बांग्लादेश में काम करने वाले अमेरिका के सरकारी कर्मचारियों को जोखिम के कारण ढाका के राजनयिक क्षेत्र के बाहर गैर-जरूरी यात्रा करने से प्रतिबंधित किया गया है।

# मालेगांव विस्फोट मामले की सुनवाई पूरी, एनआईए ने सुरक्षित रखा फैसला

**महानगर नेटवर्क**
**मालेगांव**

वर्ष 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले की सुनवाई पूरी हो गई है। जानकारी के अनुसार, एनआईए अदालत ने मालेगांव विस्फोट मामले में फैसला सुरक्षित रखा है। बता दें, साल 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में सुनवाई कर रही विशेष एनआईए अदालत के न्यायाधीश ए.के. लाहोटी का कुछ दिन पहले तबादला कर दिया गया था। यह तबादला जिला न्यायाधीशों के वार्षिक तबादला नीति के तहत किया गया था।

गौरतलब है कि यह तबादला ऐसे समय किया गया था, जब मालेगांव विस्फोट मामले को अदालत द्वारा फैसले से पहले सुरक्षित रखा जाना था। मालेगांव विस्फोट के पीड़ितों ने जज लाहोटी के तबादले पर नाराजगी जाहिर की थी और उनका कहना था कि इससे न्याय मिलने में और देरी होगी।



बता दें, पीड़ितों का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील शाहिद नदीम ने कहा था कि हम उच्च न्यायालय में एक आवेदन दायर करने पर विचार कर रहे हैं।

हमने पहले भी मुख्य न्यायाधीश को एक पत्र दिया था जिसमें फैसला आने तक जज का कार्यकाल बढ़ाने का अनुरोध किया गया था। अभियोजन पक्ष ने मुकदमे के दौरान 323 गवाहों की जांच की, जबकि बचाव पक्ष ने आठ गवाहों की जांच की।

### छह लोगों की हुई थी विस्फोट में मौत

बता दें, महाराष्ट्र के नासिक जिले के मालेगांव शहर में एक मस्जिद के पास विस्फोट हुआ था। यह विस्फोट मोटरसाइकिल में लगे विस्फोटक में हुआ था, जिसमें 6 लोगों की मौत हो गई थी और 100 से अधिक लोग घायल हो गए थे। इस मामले में भाजपा नेता प्रज्ञा ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित और पांच अन्य पर मुकदमा चल रहा था।

# भारतीय कंपनियों का चीन में जोरदार स्वागत

## ट्रंप के झटके से बदले चीन के सुर



**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

भारत और चीन के बीच व्यापार घाटा लगभग 100 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। भारत की कोशिश है कि इसे कैसे कम किया जाए। इस बीच डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ से परेशान चीन ने ही भारत के सामने एक बड़ा ऑफर पेश किया है। चीन अब भारत के साथ व्यापार घाटे को कम करने को तैयार है। उसने भारत के साथ मिलकर काम करने की इच्छा व्यक्त की है।

अपने एक इंटरव्यू में चीन के राजदूत जू फेइहोंग ने कहा कि चीन भारत के साथ मजबूत संबंध चाहता है। हम भारत के व्यापार घाटे को भी कम करने को तैयार हैं। चीन में भारतीय निर्यात को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि भारत में भी चीनी कंपनियों को उचित माहौल दिया जाएगा। जू फेइहोंग ने कहा कि प्रीमियम भारतीय प्रोडक्ट का चीनी बाजार में स्वागत है। चीनी राजदूत ने आगे कहा कि दोनों देशों के बीच आर्थिक और व्यापारिक संबंध लाभदायक होंगे। व्यापार घाटे पर कहा कि चीन ने कभी जानबूझकर व्यापार अधिशेष को नहीं बढ़ाया है। यह बाजार की प्रवृत्ति और बदलती आर्थिक स्थितियों के कारण होता है। मगर हम भारत के साथ व्यापार घाटे क कम करने को तैयार हैं।

### चीन के बाजार में अपार संभावनाएं


चीनी राजदूत ने शी चिनफिंग के हवाले से कहा कि चीन दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार है। यहां के विशाल मध्यम-आय वर्ग में निवेश और खपत की अपार संभावनाएं हैं। भारतीय व्यवसायों को इसका लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले वित्त वर्ष में भारत से चीन ने मिर्च, लौह अयस्क और सूती धागे का आयात किया। भारत भी क्रमाश: 17%, 160% और 240% से अधिक निर्यात वृद्धि का गवाह बना। जू फेइहोंग ने इंटरव्यू में कहा कि मुझे उम्मीद है कि भारत भी चीन की चिंताओं को गंभीरता से लेगा। चीन के उद्योगों के लिए निष्पक्ष, पारदर्शी और भेदभाव पूर्ण माहौल देगा। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय कंपनियां चीनी खरीदारों और उपभोक्ताओं से जुड़ने के लिए चाइना इंटरनेशनल इम्पोर्ट एक्सपो, चाइना- एशिया एक्सपो और चाइना इंटरनेशनल कंज्यूमर प्रोडक्ट्स एक्सपो जैसे प्लेटफार्मों का लाभ उठा सकती हैं।

### मणिपुर सरकार का निर्देश

# हथियार लाइसेंसधारकों और डीलरों के जांचे जाएं कागजात

**महानगर नेटवर्क**
**इंफाल**

मणिपुर सरकार ने राज्य के सभी जिलों में हथियार लाइसेंस रखने वालों और हथियार डीलरों के कागज़ों की जांच करने का निर्देश दिया है। यह जानकारी शनिवार को एक अधिकारी ने दी। गृह विभाग के आयुक्त ने सभी जिलों के डिप्टी कमिश्नरों (उपायुक्तों) से कहा है कि वे अपने-अपने जिलों में हथियार लाइसेंसधारकों और डीलरों के दस्तावेजों की जांच करें। अधिकारी ने बताया कि इस आदेश का पालन नहीं करने पर लाइसेंस रद्द किया जा सकता है और संबंधित व्यक्ति को सजा भी हो सकती है।



इसी बीच, मणिपुर पुलिस ने कांगपोकपी जिले के लिए अलग आदेश जारी किया है।

इसमें कहा गया है कि इस जिले के सभी हथियार लाइसेंसधारक और डीलर 25 अप्रैल तक अपने हथियार लाइसेंस की खुद से सत्यापित प्रति और एक निर्धारित फॉर्म भरकर अपने नजदीकी पुलिस थाने में जमा करें। स्थानीय अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने गांवों में लाइसेंसधारकों को इस प्रक्रिया की जानकारी दें और यह सुनिश्चित करें कि सभी लोग समय पर दस्तावेज जमा करें।

हाल के दिनों में मणिपुर में हिंसा और हथियारों के दुरुपयोग की घटनाओं के बाद सरकार ने यह कदम उठाया है। सरकार का मकसद है कि सभी हथियार कानूनी रूप से लाइसेंस प्राप्त हों और कोई भी अवैध हथियार का उपयोग न कर सके।

# भारत आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे मस्क

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने शनिवार को कहा कि वह इस साल के अंत में भारत आने के लिए उत्सुक हैं। शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत के बाद मस्क ने यह जानकारी दी है। मस्क इस साल भारत में टेस्ला को लॉन्च करने की भी तैयारी कर रहे हैं। पिछले दिनों टेस्ला ने शोरूम के लिए मुंबई और दिल्ली में जगह भी किराए पर ले ली है।

एलन मस्क ने फोन पर पीएम मोदी के साथ बातचीत के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, "पीएम मोदी से बात करना सम्मान की बात थी। मैं इस साल के अंत में भारत आने का बेसब्री से



इंतजार कर रहा हूं।" प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी एक्स पर अपनी बातचीत का विवरण साझा किया। पीएम मोदी ने लिखा था, "एलन मस्क से बात की और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें इस साल की शुरुआत में वॉशिंगटन डीसी में हमारी बैठक के दौरान शामिल किए गए विषय भी शामिल हैं।

# वक्फ बिल पर फजीहत के बाद 9वीं बार BJD अध्यक्ष बने पटनायक

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक एक बार फिर बीजू जनता दल (BJD) के अध्यक्ष चुने गए हैं। यह लगातार नौवीं बार है जब उन्हें यह पद मिला है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से भारतीय जनता पार्टी (BJP) के 'झूठे' दावों का पर्दाफाश करने को कहा है। यह घोषणा पार्टी के मुख्यालय शंख भवन में हुई। इस मौके पर नवीन पटनायक ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में उन्हें कम अंतर से हार मिली। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी को वोट ज्यादा मिले थे। पर वो BJP के झूठे दावों का सामना नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि झूठी बातें फैलाना BJD के खिलाफ एक रणनीति है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सोशल मीडिया पर सक्रिय रहने को कहा।

# रूस-यूक्रेन जंग पर लगा ब्रेक

**मॉस्को।** रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन मे शनिवार को एक बड़ा ऐलान किया। बीते तीन साल में पहली बार रूस-यूक्रेन युद्ध में सीजफायर का ऐलान हुआ है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ईस्टर के मौके पर युद्ध विराम की घोषणा की। क्रेमलिन में एक बैठक के दौरान पुतिन (सुप्रीम कमांडर-इन-चीफ) ने रूस के सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ के प्रमुख वालेरी गेरासिमोव द्वारा संपर्क रेखा पर स्थिति के बारे में एक रिपोर्ट सुनी और घोषणा करते हुए कहा कि रूसी पक्ष (19 अप्रैल) 06:00 बजे (मॉस्को समय) से 21 अप्रैल, 00:00 बजे एमएसके तक सभी सैन्य कार्रवाई रोक रहा है।

# CG : भाजपा नेता की कार की टक्कर से कांग्रेस लीडर की मौत

**महानगर नेटवर्क**
**कोण्डागांव**

छत्तीसगढ़ के कोण्डागांव जिले में स्थानीय भाजपा नेता की कार ने एक बाइक को टक्कर मार दी, जिसकी वजह से उस पर सवार स्थानीय कांग्रेस नेता की मौत हो गई, जबकि उनकी एक रिश्तेदार घायल हो गई। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना शुक्रवार शाम डोगरी गुडा गांव के पास हुई, जिसमें कांग्रेस नेता हेमंत भोयर की मौत हो गई, जबकि उनकी भाभी घायल हो गईं। भाजपा के जिस नेता की कार से यह हादसा हुआ, उसने सरपंच पद का चुनाव लड़ा था, लेकिन वह कांग्रेस नेता की भाभी से हार गया था।




मृतक के परिवार का आरोप है कि पंचायत चुनाव में मिली हार के बाद रंजिश के चलते भाजपा नेता ने भोयर की हत्या कर दी। हादसे के बाद पुलिस ने आरोपी भाजपा नेता पुरेंद्र कौशिक को हिरासत में ले लिया है।

# परीक्षा के दौरान जनेऊ और कलावा उतरवाने के मामले में एफआईआर

**महानगर नेटवर्क**
**शिवमोगा**

कर्नाटक के शिवमोगा जिले में CET परीक्षा के दौरान छात्रों से जनेऊ और रक्षा सूत्र (कलावा) उतरवाने के मामले में बड़ा एक्शन लेते हुए एग्जाम अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। शिवमोगा जिले के शरावतिनगर में आदिचुंचनगिरी स्कूल में सीईटी परीक्षा के दौरान यह घटना सामने आई थी। कर्नाटक कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (सीईटी) में शामिल होने वाले छात्रों से कथित तौर पर उनके जनेऊ और रक्षा सूत्र (कलावा) उतारने के लिए



कहा गया था। पुलिस के मुताबिक नटराज भगवत नामक व्यक्ति द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर बीएनएस, 2023 की धारा 115(2), 299, 351(1) और 352 के साथ धारा 3(5) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि किन परिस्थितियों में छात्रों को कथित तौर पर धार्मिक प्रतीकों को उतारने के निर्देश दिए गए थे।

# आज भी मेरी गर्दन पर तलवार लटक रही है: ओवैसी

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

वक्फ कानून को लेकर मुस्लिम संगठनों ने आर-पार की लड़ाई का ऐलान किया है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट में भी इसकी सुनवाई चल रही है। इस बीच एआईएमआईएम के चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने भी क्लियर कर दिया है कि जब तक ये कानून वापस नहीं हो जाता तब तक मुसलमान इसका विरोध करते रहेंगे। उन्होंने एक खास बातचीत में उन लोगों का भी विरोध किया जो दावा कर रहे हैं कि संसद भवन वक्फ की जमीन पर बना है। असदुद्दीन ओवैसी से सवाल किया गया कि क्या वक्फ को लेकर गोरख धंधे नहीं हो रहे थे? गैरवाजिब दावे किए जा रहे थे कि संसद के आस-पास की जमीन भी वक्फ की है या फिर प्रयागराज में कुंभ का मेला हुआ, उसमें 55 बीघा जमीन वो वक्फ की है। इस तरह के दावे भी किए जाते हैं।


उन्होंने कहा, "दुनिया में बहुत से दीवाने लोग हैं जिनकी रहने की जगह मेंटल हॉस्पिटल है। ऐसे दीवाने लोग बकवास कर देते हैं। जिन्हें अपने बारे में होश नहीं है वो करते रहते हैं बकवास। मैं आपसे सिर्फ इतना कह रहा हूं कि संसद के सामने की मस्जिद अगर वक्फ बाय यूज निकाल दिया जाए तो वो मस्जिद चली जाएगी। इस पर मैं आज भी स्टैंड करता हूं। आज भी मेरी गर्दन पर तलवार लटक रही है।"

### सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई पर ओवैसी

एआईएमआईएम चीफ ने कहा, "11 साल से मॉब लिंचिंग पर रोक नहीं लग रही है, धर्म के नाम पर अनाप शनाप बका जा रहा है। बुलडोजर इस्तेमाल किया जा रहा है। आपके पास तो एक मुस्लिम एमपी नहीं है। यहां तक कि गठबंधन में भी एक भी मुसलमान सांसद नहीं है। उसके बाद भी बड़ी बेशर्मी से कह रहे हैं कि उम्मीद जगा रहे हैं। जितनी बातें हमने कही थीं वही सुप्रीम कोर्ट भी कह रहा है। सीजेआई ने जो भी सवाल उठाए हैं वो सभी वाजिब हैं। अब बीजेपी जो बाजा बजा रही थी वो जवाब दे न इस पर।" उन्होंने आगे कहा, "जब तक ये कानून वापस नहीं हो जाता तब तक हम सभी के सिर पर तलवार लटक रही है। मैं उम्मीद करता हूं कि इसकी सुनवाई जारी रहेगी, इसे ठंडे बस्ते में नहीं डाला जाएगा।"



# महिला वनडे विश्व कप के लिए भारत की यात्रा नहीं करेगी पाकिस्तानी टीम




**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने शनिवार को एलान किया कि उनकी टीम भारत में होने वाले आईसीसी महिला वनडे विश्व कप के लिए भारत की यात्रा नहीं करेगी। नकवी ने कहा कि उनकी टीम इस टूर्नामेंट के सभी मुकाबले तटस्थ स्थल पर खेलेगी। क्योंकि इस साल हाइब्रिड मॉडल को मंजूरी दी गई थी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल ही में संपन्न हुए आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय पुरुष टीम को पाकिस्तान भेजने से मना कर दिया था जिसके बाद टीम ने फाइनल सहित अपने सभी मैच दुबई में खेले थे।

नकवी बोले- हम भी तटस्थ स्थल पर खेलेंगे इस बात पर सहमति बनी थी कि भारत और पाकिस्तान में से कोई देश अगर आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी करता है तो वे अपने मैच हाइब्रिड मॉडल के तर्ज पर खेलेंगे। नकवी ने कहा, जिस तरह भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी में अपने मैच पाकिस्तान में नहीं खेले, हम भी उसी तरह तटस्थ स्थल पर खेलेंगे। जहां भी वेन्यू पक्का किया जाएगा, हम वहां खेलेंगे। जब कोई करार होता है तो सभी को उसका पालन करना पड़ता है। पीसीबी प्रमुख ने कहा कि टूर्नामेंट का मेजबान होने के नाते भारत और आईसीसी तटस्थ स्थल पर फैसला लें।

# वो गालियों के नहीं, जूतों के काबिल हैं : गुलाम हैदर

**लाहौर।** पाकिस्तान से भारत आई सीमा हैदर का पूर्व पति गुलाम हैदर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव है। उसने यूट्यूब पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उसने सीमा हैदर के बारे में कई बातें कही हैं। उसने सीमा के पति सचिन मीणा पर निशाना साधते हुए कहा कि मैं गाली उसी शख्स को देता हूं, जो गाली के काबिल है। मैं उसको नाम लेकर गाली देता हूं।

गुलाम हैदर ने वीडियो में बताया कि वो पिछले दो साल से अदालत में केस लड़ रहा है। उसे उम्मीद है कि उसके बच्चे जल्द उसके पास आएंगे। इसके अलावा, उसने सीमा हैदर पर गंभीर आरोप लगाए। हैदर ने कहा,



"उसने मेरे परिवार को नुकसान पहुंचाया है। अब यह तय करना मुश्किल है कि हम उसके लिए दुआ करें या उसे भूल जाएं।" उसने यह भी कहा कि वो यह लड़ाई लड़ेगा और एक न एक दिन उसे जीत मिलेगी। सीमा ने पिछले साल भारत में शरण मांगी थी और गुलाम हैदर से अलग हो गई थी। इस मामले में कानूनी लड़ाई चल रही है, जिसमें बच्चों की कस्टडी भी शामिल है।

पेज-1 का शेष

**सुप्रीम कोर्ट ने सीमा लांघी....**

कोर्ट का एकमात्र उद्देश्य है- Show me the face, we will show you the Law है। सुप्रीम कोर्ट अपनी सीमा से बाहर जा रहा है। कोर्ट की सीमा है कि भारत का संविधान जिस कानून को बनाता है, उसका व्याख्या करे। यदि वह व्याख्या नहीं कर सकता और सबकुछ के लिए सुप्रीम कोर्ट ही जाना है तो इस संसद का कोई मतलब नहीं है, इसे बंद कर देना चाहिए। जब निशिकांत दुबे से पूछा गया कि वक्फ कानून पर जगदंबिका पाल ने कहा कि अगर इसे असंवैधानिक बोला जा रहा है तो मुझे इस्तीफा दे देना चाहिए, इस पर टीएमसी सांसद के बयान पर दुबे ने जवाब दिया, "इस देश में जितने भी गृह युद्ध हो रहे हैं, उसके जिम्मेदार केवल चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया संजीव खन्ना हैं।"

# भक्तों के लिए केदारनाथ धाम के दो मई से खुलेंगे कपाट



**केदारनाथ धाम।** बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति की अग्रिम टीम श्री केदारनाथ धाम पहुंच गई है। श्री बद्रीनाथ- केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के प्रवक्ता ने कहा कि श्री केदारनाथ धाम के कपाट आधिकारिक तौर पर 2 मई को फिर से खुलेंगे। विज्ञप्ति के अनुसार, श्री बद्रीनाथ धाम के कपाट 4 मई को खुलेंगे। श्री मद्महेश्वर मंदिर (द्वितीय केदार) के कपाट 21 मई को खुलेंगे, और तीसरे केदार, श्री तुंगनाथ मंदिर भी 2 मई को फिर से खुलेंगे। इससे पहले, बीकेटीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने सोमवार को श्री ओंकारेश्वर मंदिर, उखीमठ में श्री मद्महेश्वर मंदिर के कपाट खोलने की तिथि को अंतिम रूप देने के लिए एक बैठक में भाग लिया। मंगलवार को बीकेटीसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने मंदिर समिति के मां बाराही मंदिर, संसारी, मस्त नारायण कोटि, श्री त्रियुगीनारायण मंदिर, गौरीमाता मंदिर, गौरीकुंड, सोन प्रयाग में मंदिर समिति विश्राम गृह और शोणितपुर में संस्कृत महाविद्यालय का स्थल निरीक्षण किया।

# राम मंदिर के परकोटे की दीवारों पर उकेरी जाएगी श्रीराम कथा

**महानगर नेटवर्क**
**अयोध्या**

श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर निर्माण के बाद अब राम मंदिर परिसर को और भव्य व सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बनाने की दिशा में कार्य तेज हो गया है। राम मंदिर के चारों ओर लगभग 800 मीटर लंबा परकोटा बनाया जा रहा है, जो श्रद्धालुओं को श्रीराम के जीवन से जुड़ी प्रेरणादायक कथाओं की झलक देगा।

इस परकोटे की दीवारों पर कांस्य से बने कुल 90 म्यूरल (भित्तिचित्र) लगाए जा रहे हैं, जो भगवान श्रीराम के जीवन के विभिन्न प्रसंगों को दर्शाएंगे। इन म्यूरल्स के माध्यम से श्रद्धालुओं को राम जन्म से लेकर रामराज्याभिषेक तक की कथा देखने को मिलेगी। अब तक 25 म्यूरल दीवारों पर लगाए जा चुके हैं और यह कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है।

रामकथा के प्रमुख प्रसंगों की झलक इन भित्तिचित्रों में निषादराज से भेंट, शबरी मिलन, अहिल्या उद्धार, सीता स्वयंवर, वनवास यात्रा, हनुमान मिलन, लंका विजय और रामराज्याभिषेक जैसे प्रमुख प्रसंग शामिल हैं। इसके अलावा कुछ म्यूरल अयोध्या की ऐतिहासिक और धार्मिक महत्ता को भी दर्शाएंगे। हर म्यूरल की लंबाई 7 फीट और चौड़ाई 6 फीट है, और इनका निर्माण कुशल शिल्पकारों



की देखरेख में किया जा रहा है। परकोटा निर्माण के दौरान कुल 166 पत्थर के स्तंभ बनाए जा रहे हैं। इन स्तंभों पर देवी-देवताओं, यक्षों और यक्षिणियों के चित्र भी उकेरे जा रहे हैं।यह नक्काशी कार्य प्राचीन भारतीय शिल्प कला का प्रतीक है, जो मंदिर की भव्यता को और बढ़ाएगा. अभी तक आधे से अधिक स्तंभों का काम पूरा किया जा चुका है।

### अक्टूबर 2025 तक काम पूरा करने का लक्ष्य

राम मंदिर ट्रस्ट के अनुसार परकोटे का निर्माण कार्य अक्टूबर 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य है। इसके साथ ही पूरे परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पाथवे, प्रवेश द्वार, जल-निकासी, सुरक्षा व्यवस्था, शौचालय और विश्राम स्थल जैसी सुविधाएं भी विकसित की जा रही हैं। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण कार्य 5 अगस्त 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भूमि पूजन के साथ शुरू हुआ था। मंदिर निर्माण का पहला चरण यानी गर्भगृह और मुख्य मंदिर जनवरी 2024 में पूरा हुआ। इस मंदिर का शिल्प भारतीय नागर शैली पर आधारित है और इसमें कोई स्टील या सीमेंट का प्रयोग नहीं किया गया है। मंदिर का निर्माण कार्य लार्सन एंड टुब्रो द्वारा किया जा रहा है। इसे टाटा कंसल्टिंग इंजीनियर्स की निगरानी में तैयार किया जा रहा है।



# दान करना सबसे पुण्य का कार्य

**व्यक्ति बड़ी मेहनत से पैसे कमाता है और उस पैसे से परिवार समेत अपना जीवन यापन करता है। शास्त्रों में मेहनत से कमाए हुए धन को परिवार और अपने जीवन यापन पर खर्च करना तो बताया ही गया है। इसी के साथ उस पैसों से दान कर के पुण्य कैसे कमाया जाए यह भी बताया गया है। कुछ लोग मेहनत से धन तो कमाते हैं। परंतु उस कमाए हुए धन से एक भी दान नहीं करते हैं और ढेर सारा पैसा कमाने के बाद भी धन की कमी का आभास करते हैं। धन अर्जित करने के बाद भी इन लोगों के पास पैसा नहीं रुकता है या अनावश्यक कार्यों में पैसा खर्च हो जाता है। आइए आज हम आपको बता रहे हैं कि शास्त्र में मेहनत से कमाई हुई पूंजी को शुभ कार्यों में कितना अंश दान करने से धन की बरकत होती है।**

### दान देने से पहले इन बातों का रखें ध्यान

शास्त्रों में बताया गया है कि मनुष्य को न्यायपूर्वक ढंग से अर्जित किए हुए धन के 10वें भाग को दान करना चाहिए। यदि आप अपनी कमाई का 10वां अंश शुभ कार्यों या मंदिर में दान करते हैं,तो यह दान परिवार का भरण पोषण करने के बाद ही दान दें। परिवार की इच्छा और उनको कष्ट देकर यदि आप दान देते हैं,तो यह दान फलित नहीं माना जाता है। इसलिए पत्नी, पुत्र और परिवार को कष्ट पहुंचा कर दान नहीं देना चाहिए।

दान देने के लिए श्रद्धा होनी चाहिए। मान्यता है कि वही दान फलित होता है,जो स्वयं जाकर भेंट किया जाए। किसी को घर पर बुलाकर दिया हुआ दान उत्तम श्रेणी का दान नहीं माना जाता है। उसका फल मिलता तो हैं परंतु मध्यम श्रेणी के अनुसार उसका पुण्य एकत्रित होता है। किसी को भी दान करें,तो उसके द्वार जाकर ही दान देना चाहिए ऐसा शास्त्रों में बताया गया है।

माना जाता है कि दान करते समय यदि उस व्यक्ति के कोई कान भरता है या फिर उसे दान जैसे पुण्य कर्म करने से रोकता है,तो वह व्यक्ति शीघ्र ही कंगाल हो जाता है। ब्राह्मणों, असहाय लोगों और गौओं की सेवा में दी गई कमाई का दान महादान कहलाया जाता है। यदि इनकी सेवा में दिए हुए दान को कोई रोकता है या बाधा उत्पन्न करता है,तो वह भयंकर दुःख का भोगी होता है।

दान की सामग्री को हमेशा दोनों हाथ लगाकर ही सम्मान पूर्वक सामने वाले को दान देना श्रेष्ठ माना जाता है। ब्राह्मण को दान देते समय हमेशा उस दान का सामर्थ अनुसार संकल्प लेना चाहिए। वही दान आपके कर्म में संचित होता है और उसका शुभ फल आपको शीघ्र मिलता है। मान्यता है जो दान हम पूर्ण विधि विधान से देते हैं,वही फल हमें आगे चल कर मिलता है।

पितृ के निमित्त दिया दान तिल को होठ में रख कर देना चाहिए वहीं देवताओं के निमित्त दिए हुए दान के समय चावल का प्रयोग हाथों में करना चाहिए। तभी वह दान फलित होता है और देव एवं पितृ उसे खुशी से स्वीकार कर आशीर्वाद देते हैं।

शास्त्रों में घर, वस्त्र, कन्या, अन्य और गौ माता का दान देने का विधान उत्तम बताया गया है। एक ही व्यक्ति को दान देना चाहिए।





# महिलाओं के लिए सुपरफूड

**बढ़ती उम्र के साथ हमें अपनी डाइट और लाइफस्टाल में बदलाव कर लेने चाहिए। खासतौर से महिलाओं को अपनी डाइट का ज्यादा ख्याल रखने की सलाह दी जाती है। ऐसे इसलिए कहा जाता है,क्योंकि 40 साल के बाद महिलाओं के शरीर में काफी हार्मोनल बदलाव आने लगते हैं। जिसका असर उनकी सेहत पर भी होने लगता है। बढ़ती उम्र चेहरे पर दिखने लगती है। शरीर धीरे-धीरे कमजोर होने लगता है। अगर आप लंबे समय तक जवां रहना चाहती हैं और एजिंग को दूर करना चाहती हैं।**

**आंवला-** महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए आंवला बहुत फायदेमंद माना गया है। आयुर्वेदिक दवाओं में आंवला का इस्तेमाल किया जाता है। इसे चिर यौवन फल भी कहा जाता है। यानि आंवला खाने से आपकी बढ़ती उम्र थम जाती है। आंवला शरीर के तीनों दोषों को कंट्रोल करता है। इससे कब्ज, गैस, एसिडिटी और हड्डियों से जुड़ी बीमारियों को दूर किया जा सकता है। आंवला खाने से त्वचा, बाल और इम्यूनिटी मजबूत बनती है। एजिंग को कम करने के लिए आंवला कमाल का काम करता है।



**अशोका-** अशोका एक आयुर्वेद टॉनिक है जिसे काफी हेल्दी माना जाता है। महिलाओं को के लिए अशोका बहुत फायदेमंद है। इससे फीमेल की फर्टाइल हेल्थ अच्छी रहती है। 40 की उम्र के बाद मेंस्ट्रुअल साइकिल को ठीक बनाए रखने में अशोका से मदद मिलती है। इससे मेनोपॉज के दौरान आने वाली परेशानियों को भी कम किया जा सकता है।

**शतावरी-** ये महिलाओं के लिए एक जादुई जड़ी-बूटी की तरह काम करती है। महिलाओं के हार्मोन्स को बैलेंस करने में शतावरी मदद करती है। इससे दिमाग और शरीर काफी रिलैक्सिंग फील करता है। पीरियड्स, फर्टिलिटी और मेनोपॉज के दौरान शतावरी काफी फायदेमंद साबित होती है। 40 साल के बाद महिलाओं को इसका सेवन जरूर करना चाहिए।



# स्वस्थ, सुंदर और ग्लोइंग स्किन पाने के लिए हेल्दी फूड्स

उम्र बढ़ने के साथ आपको शरीर और त्वचा का खास ख्याल रखने की जरूरत है। खान-पान का असर आपकी सेहत और त्वचा दोनों पर पड़ता है, ऐसे में चेहरे पर झुर्रियां दिखने लगती हैं। त्वचा लटकने लगती है या फिर रंगत फीकी पड़ने लगती है। अगर आपको भी ऐसी समस्या हो रही हैं,तो आपको अपनी लाइफस्टाइल और भोजन में कुछ बदलाव करने चाहिए। त्वचा को हेल्दी और लंबे समय तक जवान बनाए रखने के लिए आपको डाइट में कुछ सुपरफूड जरूर शामिल करने चाहिए। ये हैं चमकदार स्किन के लिए 5 सुपरफूड।



### टमाटर

हेल्दी और खूबसूरत त्वचा पाने के लिए टमाटर बहुत अच्छा विकल्प है। आप खाने में रोज एक टमाटर खाएं इससे शरीर को विटामिन ए, विटामिन सी और पोटैशियम अच्छी मात्रा में मिलेगा। ग्लोइंग स्किन के लिए डाइट में टमाटर ज़रूर शामिल करें।

### पालक

आपके स्वास्थ्य के लिए हरी सब्जियां बहुत फायदे मंद हैं। पालक थकान दूर करने, नींद की कमी पूरा करने, एनीमिया और डार्क सर्कल की समस्या को दूर करने में मदद करता है। पालक से शरीर को भरपूर आयरन, विटामिन के और सी मिलता है।

### नट्स और सीड्स

स्वस्थ त्वचा पाने के लिए आप खाने में नट्स और सीड्स जरूर शामिल करें। डाइट में बादाम, काजू, किशमिश, अखरोट शामिल करने चाहिए। फ्लैक्स सीड्स, कद्दू के बीज, चिया सीड्स को भी अपने आहार का हिस्सा बनाएं। इनसे विटामिन ई मिलता है, जो त्वचा की नमी को बरकरार रखता है।

### दही और ओटमील

आपको डाइट में विटामिन बी से भरपूर दही और ओट्स जैसी चीजें भी अपनी डाइट में शामिल करनी चाहिए। त्वचा में नमी बरकरार रखने के लिए विटामिन बी बहुत जरूरी है। इसके लिए आप दही जरूर खाएं।

### बेरीज़

त्वचा को हेल्दी रखने के लिए डाइट में खट्टे फल और बेरीज़ जरूर शामिल करनी चाहिए। खट्टे फलों से शरीर को विटामिन सी मिलता है और बैरीज शरीर में कोलेजन की मात्रा बढ़ाने में मदद करते हैं। कोलेजन त्वचा को मुलायम और जवान बनाए रखने में मदद करता है। बेरीज़ में मौजूद एंटीऑक्सीटेंड बढ़ती उम्र को भी कम करते हैं।

# विटामिन और मिनरल का अच्छा सोर्स है बाजरा

आयुर्वेद में कहा गया है कि अगर आपको स्वस्थ रहना है तो सीजन के हिसाब से भोजन करना चाहिए। यानि ऋतु फल, सब्जियां और अन्न को अपने भोजन का हिस्सा बनाएं। ठंड में ऐसे फल सब्जियां आते हैं,जो शरीर को गर्म रखते हैं और बीमारियों से बचाते हैं। बाजरा की रोटी खाने में स्वादिष्ट लगती है और सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होती है। सर्दियों में बाजरा की रोटी और सरसों का साग खाने को मिल जाए तो मज़ा आ जाता है। पंजाब से लेकर हरियाणा और यूपी में बाजरा काफी खाया जाता है। फाइबर से भरपूर बाजरा प्रोटीन, विटामिन और मिनरल का अच्छा सोर्स है।

### बाजरा में कौन से पोषकतत्व पाए जाते हैं

सबसे पहले जान लें कि बाजरा में कौन-कौन से पोषक तत्व पाए जाते हैं। बाजरा में भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। डाइट्री फाइबर, प्रोटीन और विटामिन भी भरपूर होता है। बाजरा आयरन और जिंक का अच्छा सोर्स है। इसके सेवन से शरीर को विटामिन बी3, विटामिन बी6 और विटामिन बी9 मिलता है।

### बाजरा से क्या क्या बनता है

बाजरा से आप कई तरह की डिश बनाकर खा सकते हैं। आप गेहूं के आटे में बाजरा मिक्स करके खाने में शामिल कर सकते हैं। आप सिर्फ बाजरा की ही रोटी बनाकर खा सकते हैं। बाजरा के पराठे और मीठी टिक्की भी बनती है। बाजरा की खिचड़ी भी खाने में बहुत टेस्टी लगती है। आप चाहें तो बाजरा को उबालकर स्पाउट्स की तरह खा सकते हैं।



### बाजरा खाने के फायदे

**हार्ट अटैक से बचाए-** आजकल हार्ट अटैक के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। खासतौर से सर्दियों में हार्ट अटैक का खतरा काफी बढ़ जाता है। ऐसे में दिल के मरीज को बाजरा का सेवन करना चाहिए। इसमें काफी मात्रा में मैग्नीशियम पाया जाता है जो हार्ट के लिए अच्छा होता है।

**डायबिटीज को कंट्रोल करे-** डायबिटीज के मरीज को खाने में आटा सोच समझकर खाना चाहिए। डायबिटीज में बाजरा का आटा बहुत फायदेमंद होता है। बाजरे की रोटी खाने से ब्लड शुगर कंट्रोल में रहता है। क्योंकि इसमें फाइबर काफी होता है। बाजरा खाने से कब्ज से भी राहत मिलती है।

**हाई ब्लड प्रेशर में फायदा-** हाइपरटेंशन के शिकार लोगों को बाजरा की रोटी खानी चाहिए।

**बैड कोलेस्टॉल घटाता है-** फिटनेस फ्रीक लोग बाजरा यानि मिलेट्स का सेवन करने लगे हैं। पहले बाजरा गांव- देहात के लोग ज्यादा खाते थे। यही वजह है कि उनका शरीर बीमारियों से दूर रहता था। बाजरा खाने से बैड कोलेस्ट्रॉल को कम किया जा सकता है।

# बादाम खाने का सही तरीका

हेल्दी रहने के लिए डॉक्टर्स नट्स और सीड्स खाने की सलाह देते हैं। सबसे ज्यादा फायदेमंद ड्राईफ्रूट में बादाम का नाम सबसे ऊपर आता है। रोजाना बादाम खाने से शरीर को कई फायदे मिलते हैं। ज्यादातर लोग सुबह के वक्त ही बादाम खाते हैं। कुछ लोग पानी में भिगोकर बादाम खाते हैं तो कुछ लोग रोस्टेड बादाम खाते हैं।



### बादाम खाने का सही समय

बादाम खाने का सही समय सुबह का वक्त होता है। आप खाली पेट बादाम खाएंगे तो इससे शरीर को तुरंत एनर्जी मिलेगी। आप ठंड में बिना भिगोए भी बादाम खा सकते हैं। वैसे भीगे हुए बादाम सबसे ज्यादा फायदा करते हैं। बादाम में फाइबर भी होता है जिससे पेट भर जाता है। आप चाहें तो शाम को स्नैक्स के रूप में भी रोस्टेड बादाम खा सकते हैं। बच्चों को बादाम का पाउडर बनाकर दूध में डालकर या फिर दलिया और हलवा में मिक्स करके खिला सकते हैं।

### दिन में कितने बादाम खाने चाहिए

मुट्ठी बंद करके जितने बादाम हाथ में आएं आप उतने बादाम एक दिन में खा सकते हैं। यानि आप करीब 8-10 बादाम रोजाना खा सकते हैं। सर्दियों में बादाम की मात्रा थोड़ी बढ़ा सकते हैं। गर्मी के मौसम में आपको भिगोकर ही बादाम खाना चाहिए। भीगे हुए बादाम ज्यादा फायदा करते हैं इन्हें पचाना आसान हो जाता है। बच्चों को 2-3 बादाम खिला सकते हैं। बुजुर्ग लोगों को 5-6 भीगे बादाम खाने के लिए दे सकते हैं।

### बादाम खाने के फायदे

दिमाग को तेज बनाए- रोजाना बादाम खाने से मैमोरी तेज होती है। बादाम में फाइबर और प्रोटीन अच्छी मात्रा में होता है। जो दिमाग को तेज बनाता है। बच्चों के ब्रेन को शार्प बनाने ते लिए बादाम जरूर खिलाएं। बादाम में विटामिन ई और बी 6 होता है जो अल्ज़ाइमर के खतरे को कम करता है। रोज बादाम खाने से भूलने की बीमारी नहीं होती है।

### खराब कोलेस्ट्रॉल को घटाए

दिल के मरीज के लिए बादाम बहुत फायदेमंद माना जाता है। बादाम खाने से शरीर को पोटेशियम, मैग्नीशियम और प्लांट प्रोटीन मिलता है, जो बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करता है। भीगे हुए बादाम में कम कैलोरीज होती हैं जिससे वजन घटाने में भी मदद मिलती है।

**आजकल की लाइफस्टाअल और स्ट्रेस लोगों में नसों की बीमारी का कारण बन रही है। स्थिति ये है कि बहुत से लोग साइटिका, सर्वाइकिल और फिर वैरिकोज वेन्स की समस्या से गुजर रहे हैं। ये समस्या ऐसी है कि लोगों को उठने-बैठने और चलने फिरने तक में परेशान करती है। ऐसे में सोने का तरीका या कहें कि तकिया लगाकर आप कैसे सोते हैं ये सब इस समस्या को प्रभावित करता है। ऐसे में जानना जरूरी है कि सोते समय आप तकिया कहां और कैसे लगाएं। तो, जानते हैं इन तमाम चीजों के बारे में विस्तार से।**



# नसों की बीमारी वाले सोते समय तकिया कहां लगाएं?

### साइटिका में कैसे सोएं और तकिया कहां लगाएं?

साइटिका में आपके हिप्स और आपके पैर के पिछले हिस्से में दर्द बहुत होता है। ऐसी स्थिति में सोने से आपकी पीठ के निचले हिस्से और कूल्हों में मरोड़ हो सकती है, जिससे तंत्रिका पर और अधिक दबाव पड़ने से दर्द बढ़ सकता है। ऐसे में अपने घुटनों के बीच तकिया रखकर सोने से आपको अपनी रीढ़ को सीधा रखकर दर्द को कम करने में मदद मिल सकती है।

### वैरिकोज में कैसे सोएं और तकिया कहां लगाएं?

वैरिकोज मुड़ी हुई नसें होती हैं जो त्वचा के ठीक नीचे होती हैं। ये आमतौर पर पैरों में होते हैं। कभी-कभी वैरिकाज नसें शरीर के अन्य हिस्सों में भी बन जाती हैं। ऐसे में बाईं करवट सोने से वैरिकोज वेन्स और अन्य संवहनी समस्याओं में आराम मिलता है। बाईं करवट सोने से वेना कावा पर पड़ने वाले अतिरिक्त दबाव से राहत मिलती है और इससे दर्द कम होता है। ऐसे में तकिया पैरों के नीचे लगाएं ताकि पैर आराम में आएं और नसों का प्रेशर कम हो। तो, अगर आपको इन दोनों समेत नस की कोई भी बीमारी है तो सिर में तकिया लगाने की जगह पैरों मे लगाएं और बाईं करवट सोएं। इससे आराम महसूस करेंगे जिसकी वजह से इसके दर्द से राहत मिलती है।

# विटामिन की कमी पहचानने के सरल तरीके

**हमारे शरीर में हर विटामिन की अपनी खास भूमिका है। ये शरीर की अलग-अलग स्थितियों के लिए काम करता है। जहां कभी ये आपके मेटाबोलिक रेट से जुड़ी स्थितियों के लिए काम करता है, तो कभी ये ब्रेन से जुड़ी दिक्कतों को दूर करता है। जैसे कि विटामिन ए आपकी आंखों की सेहत के लिए फायदेमंद है। तो, विटामिन बी आपकी ब्रेन और शरीर के अंदर मैसेजिंग को सही करता है। इसके अलावा विटामिन सी आपको कई प्रकार से संक्रामक रोगों से बचाता है। तो, विटामिन डी डिप्रेशन के लक्षणों को कम करने में मदद करता है। लेकिन, जब इनकी कमी होने लगे तो हम इसे कैसे पहचान सकते हैं।**

### मूड स्विंग्स विटामिन डी की कमी

विटामिन डी की कमी से मूड स्विंग्स की समस्या ज्यादा हो सकती है। ये डिप्रेशन की भावना दे सकती है। विटामिन डी की कमी वाले लोगों में ये अवसाद का कारण बन सकता है। इससे आप ज्यादा दुखी रह सकते हैं और हर समय चिड़चिड़ापन महसूस कर सकते हैं। तो, अगर आपको मेंटल हेल्थ से जुड़ी कोई समस्या हो रही है तो आपके शरीर में विटामिन डी की कमी हो सकती है।

### आंखों की कमजोरी विटामिन ए की कमी

आंखों की कमजोरी का एक बड़ा कारण विटामिन ए की कमी है। दरअसल, ये आंखों की रोशनी बढ़ाने के साथ कॉर्निया की सेहत के लिए जरूरी है। साथ ही ये आपको डिजनरेटिव नुकसानों से भी बचाता है। तो, अगर आपकी आंखें कमजोर हो रही हैं तो ये विटामिन ए की कमी हो सकती है। ऐसे में विटामिन ए से भरपूर फूड्स का सेवन करें।

### बार-बार बीमार पड़ना विटामिन सी की कमी

बार-बार बीमार पड़ना विटामिन सी की कमी से जुड़ा हुआ हो सकता है। दरअसल, विटामिन सी वो विटामिन है जो कि इम्यूनिटी बढ़ाने में मददगार है। ये मौसमी बीमारियों और फ्लू आदि से बचाता है। इसके अलावा ये टी सेल्स को बढ़ावा देता है और आपको कई बीमारियों से बचाव में मदद कर सकता है।

### थकान और कमजोरी विटामिन बी की कमी

थकान और कमजोरी विटामिन बी की कमी से जुड़ा हुआ हो सकता है। दरअसल, अगर आपको लंबे समय तक के लिए थकान महसूस हो रही है या फिर हर समय आप कमजोरी महसूस हो रही है तो ये विटामिन बी की कमी हो सकती है। तो, इन लक्षणों पर नजर रखें और समय रहते डॉक्टर दिखा लें।



# हींग है गुणों की खान

अनियमित जीवनशैली और गलत खानपान की वजह से पेट से जुड़ी समस्याएं पैदा होती हैं, कब्ज भी उन्हीं में से एक है। कब्ज के मरीजों को मल त्यागने में बेहद कठिनाई होती है। उनका स्टूल जल्दी पास नहीं होता है, इस वजह से वे घंटों टॉयलेट में बैठे रहते हैं। वहीं, कुछ लोग ऐसे होते हैं, जिन्हें मल त्याग करते समय तेज दर्द होने लगता है और बाद में उन्हें खून भी निकलता है। ऐसे में कब्ज की समस्या को बिलकुल भी अनदेखा नहीं करना चाहिए। अगर आपको भी कब्ज की परेशानी है, तो अपने डाइट में हींग का सेवन शुरू कर दें। चलिए आपको बताते हैं कब्ज में हींग कैसे असरदार है। हींग का इस्तेमाल यूं तो दाल का स्वाद बढ़ाने के लिए किया जाता है,लेकिन यह छोटा दिखने वाला मसाला आपको कब्ज और पेट की कई बीमारियों से छुटकारा दिला सकता है। हींग में एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-वायरल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं जो कब्ज, अपच और पेट में गैस और की समस्या से राहत दिलाने में बेहद कारगर हैं। खाली पेट हींग का पानी पियें।



### ऐसे करें हींग का इस्तेमाल

सबसे पहले एक गिलास पानी को गर्म कर लें। अब गर्म पानी में 1 चम्मच हींग मिलाएं। पानी में हींग को अच्छी तरह घोल लें। जब पानी हल्का गुनगुना हो जाए तब इसका सेवन करें। प्याज को न समझें कम, कोलेस्ट्रॉल को धमनियों से छानकर बाहर निकाल फेकती है, ऐसे सेवन करने से मिलेंगे लाभ पेट से जुड़ी इन परेशानियों में है।

### पाचन में असरदार

हींग आपकी पाचन क्षमता को मजबूत बनाता है। खाली पेट एक चुटकी हींग खाने से आपको पेट से जुड़ी परेशानियों में फायदा मिलेगा। अपच या पाचन तंत्र से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए आप डॉक्टर की सलाह पर हींग का सेवन करते हैं।

### पेट दर्द में कारगर

हींग में मौजूद प्रॉपर्टीज़ ब्लोटिंग, पेट में दर्द और गैस की समस्या को चुटकियों में खत्म करते हैं। कई बार पेट में दर्द गैस या ब्लोटिंग की वजह से होता है। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए रोजाना चुटकी भर हींग का सेवन खाली पेट करना फायदेमंद माना जाता है।

# बॉडी टेंपरेचर को कैसे करें कंट्रोल

**रात में अगर अच्छी नींद न आए तो सुबह चेहरा उतरा हुआ और बीमार सा दिखाई देता है। घर हो या ऑफिस नींद न आने से दिनभर आप थकान महसूस करते हैं। लंबे समय तक नींद पूरी नहीं होने से चिड़चिड़ापन भी आने लगता है। बार-बार नींद टूटने या रात में अच्छी नींद नहीं आने के कई कारण हो सकते हैं। कुछ लोगों को रात में सोते वक्त बहुत गर्मी लगती है तो वहीं कुछ लोग ठंड की वजह से नहीं सो पाते हैं। अब सवाल उठता है कि रात में अचानक ठंड लगने या गर्मी लगने के क्या कारण हो सकते हैं। एक रिसर्च में ये पता चला है कि बॉडी के डिहाइड्रेट होने के कारण शरीर का तापमान बदलता है। शरीर में पानी की कमी होने से नींद में खलल पड़ता है।**

### बॉडी टेंपरेचर को कंट्रोल करता है पानी

रात में सोने से पहले पानी पीने की सलाह डॉक्टर्स भी देते हैं। सोने से पानी दवाई के जैसे असर करता है। अगर आप रूम टेंपरेचर के हिसाब से पानी पिएंगे, तो इससे सुबह आप एकदम फ्रेश फील करेंगे। रात में पानी पीने से स्किन ग्लो करती है। इससे पेट साफ होगा और आप दिनभर एनर्जेटिक महसूस करेंगे।

### रात में सोने से पहले कैसा पानी पीना चाहिए?

अब सवाल आता है कि रात में सोने से पहले कैसा पानी पीना चाहिए? क्या ठंडा पानी अच्छा होता है या गर्म पानी पीने से नींद अच्छी आती है? इसके लिए डॉक्टर रात में गुनगुना पानी पीने की सलाह देते हैं। ठंड के दिनों में आपको हल्का गर्म पानी पीना चाहिए। अगर बहुत तेज गर्मी है तो आप नॉर्मल पानी पी सकते हैं। रात में ठंडा पानी पीने से बचना चाहिए। इससे आपको नींद अच्छी आएगी। पेट और पाचन मजबूत बनेगा। सुबह आपकी त्वचा खिली-खिली और फ्रेश नज़र आएगी।

### रात में गहरी नींद कैसे पाएं?

आजकल लोगों को नींद की समस्या काफी होने लगी है। इसकी वजह फोन, लाइफस्टाइल और खान-पान भी है। अच्छी नींद के लिए जरूरी है कि आप टाइम से सोने की कोशिश करें। जब रात में सोने जाएं तो फोन, लैपटॉप, टीवी को से खुद को दूर कर लें। करीब आधा या 1 घंटा पहले इन चीजों से दूर हो जाएं।



# गुजरात ने सात विकेट से मुकाबला किया अपने नाम

## बटलर ने खेली 97 रनों की शानदार पारी



**अहमदाबाद।** आईपीएल 2025 का 35वां लीग मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच में गया जिसको गुजरात की टीम 7 विकेट से अपने नाम करने में कामयाब रही। इस मैच में गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया था। दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर्स में 203 रनों का स्कोर बनाया है, जिसमें उनकी तरफ से कप्तान अक्षर पटेल ने 39 रनों की पारी खेली तो वहीं आशुतोष शर्मा ने 37 जबकि ट्रिस्टन स्टब्स ने 31 रन बनाए। गुजरात के लिए गेंदबाजी में प्रसिद्ध कृष्णा ने 4 विकेट अपने नाम किए। गुजरात टाइटंस की तरफ से स्कोर का पीछा करते हुए जोस बटलर के बल्ले से जहां 97 रनों की नाबाद पारी देखने को मिली तो वहीं शेरफेन रदरफोर्ड ने भी 43 रनों की पारी खेली जिसके दम पर जीटी ने इस टारगेट को 19.2 ओवर्स में हासिल कर लिया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और उसने जल्द ही कप्तान शुभमन गिल का विकेट गंवा दिया था। गिल सात रन बनाकर रन आउट हो गए। इसके बाद साई सुदर्शन और बटलर ने दूसरे विकेट के लिए 60 रन जोड़े और टीम को संभाला। सुदर्शन अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे, लेकिन 21 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 36 रन बनाकर आउट हुए। फिर बटलर और रदरफोर्ड ने बेहतरीन बल्लेबाजी कर दिल्ली के गेंदबाजों को जमकर परेशान किया। बटलर और रदरफोर्ड ने तीसरे विकेट के लिए 119 रनों की साझेदारी की।

# पिछली हार का बदला लेने उतरेगी आरसीबी

## जीत का लय बरकरार रखना चाहेगी मुंबई इंडियंस

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग-2025 के 18वें सीजन में एक बार फिर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स आपस में भिड़ेंगी। दरअसल, आईपीएल 2025 का 37वां मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स के बीच आज रविवार, 20 अप्रैल को होगा। यह मुकाबला मोहाली के मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मुकाबले में आरसीबी की टीम अपने पिछले मैच में पंजाब से पांच विकेट से हार का बदला लेने के इरादे से उतरेगी। वहीं दिन का दूसरा 38वां मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेला जाएगा। इन दोनों के बीच ये इस सीजन की दूसरी भिड़ंत है। इससे पहले इन दोनों का आमना-सामना चेन्नई में हुआ था, तब सीएसके ने चार विकेट से जीत



दर्ज की थी। ऐसे में मुंबई अपने घर में उस हार का बदला चुकता करना चाहेगी। गौरतलब हो कि रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु और पंजाब किंग्स के बीच आज रोमांचक मुकाबले की सभी फैंस को उम्मीद हैं, क्योंकि पिछले मुकाबले में बारिश के कारण रंग में भंग पड़ गया था और सिर्फ 14-14 ओवर का खेल देखने को मिला था, लेकिन इस बार सभी फैंस को पूरा मुकाबला देखने की उम्मीद होंगी। आईपीएल 2025 में दोनों ही टीमें अब तक 7 मैच खेले चुकी हैं.

वहीं दूसरी तरफ आईपीएल सीजन 18 में मुंबई इंडियंस और या तो चेन्नई सुपर किंग्स अभी तक बेहद कमजोर नजर आई हैं। चेन्नई सुपर किंग्स की खराब फॉर्म इंडियन प्रीमियर लीग के की चमक को कम कर सकती है, वहीं मुंबई इंडियंस के लिए आज वानखेडे में अपनी जीत की लय बरकरार रखने के इरादे से उतरेगा। गौरतलब हो कि मुंबई ने सीजन के शुरुआती मैचों में काफी निराश किया है। हालांकि पिछले दो मैचों में दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद को मात देकर अच्छी वापसी की है। उसे अपनी वही लय वानखेड़े में सीएसके के खिलाफ भी बरकरार रखनी होगी। हार्दिक पंड्या की अगुवाई



वाली टीम तालिका में सातवें पायदान पर है और वह मौजूदा सत्र में जीत की हैट्रिक लगाने के साथ सत्र के अपने पहले मैच में इस टीम से मिली हार का बदला चुकता करना चाहेगी। मुंबई इंडियंस ने अपने पिछले मैच में शानदार गेंदबाजी से सनराइजर्स हैदराबाद की आक्रामक बल्लेबाजी को बड़ा स्कोर खड़ा करने का मौका नहीं दिया .टीम ने इसके बाद आसानी से जीत के लिए मिले 163 रन के लक्ष्य को छह विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया था.उस मैच में पिच से स्पिनरों को काफी मदद मिली थी. लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ स्पिनरों की मददगार पिच पर खेलना टीम के लिए जोखिम भरा हो सकता है।

## आज का मैच

TATA IPL

| | | |
|---|---|---|
| पंजाब | शाम 3.30 बजे VS | बंगलूरु |
| मुंबई | शाम 7.30 बजे VS | चेन्नई |



## हेजलवुड ने PBKS से हार के बाद पिच को दिया दोष

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने कहा कि चिन्नास्वामी की असामान्य पिच और बल्लेबाजों द्वारा पिछले मैचों से सीखे गए सबक को अमल में लाने में असमर्थता ने उनकी टीम को घरेलू मैदान पर लगातार तीसरी हार का कारण बनाया। रॉयल चैलेंजर्स ने शुक्रवार रात को 14 ओवर के मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ पांच विकेट से हार का सामना किया, इससे पहले वे गुजरात टाइटन्स और दिल्ली कैपिटल्स से हार चुके थे। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में हेजलवुड ने कहा, 'हां, मुझे लगता है कि यह चिन्नास्वामी की सामान्य विकेट नहीं है। जाहिर है कि उछाल हमेशा से रहा है, लेकिन पिछले कुछ सालों में यह अधिक सुसंगत रही है।' यह याद किया जा सकता है कि आरसीबी के मेंटर दिनेश कार्तिक भी यहां उपलब्ध 22 गज की पिच से संतुष्ट नहीं थे और कैपिटल्स के खिलाफ हार के बाद स्थानीय क्यूरेटर से बात करना चाहते थे। हेजलवुड ने कहा कि पावरप्ले सेगमेंट की कमी ने RCB की परेशानी को और बढ़ा दिया। उन्होंने कहा, 'हां, जाहिर है कि घर पर यह लगातार तीन हार है। यह सिर्फ इसलिए है कि हम पहले दो मैचों से सीख लेने में थोड़े धीमे रहे हैं और हमने इसे उतना अच्छा तरीके से लागू नहीं किया जितना हम कर सकते थे।

# केएल राहुल ने पीटरसन की मालदीव यात्रा पर ली चुटकी



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स इस सीज़न में अब तक शानदार प्रदर्शन कर रही है और वर्तमान में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की अंक तालिका में शीर्ष पर है। अक्षर पटेल की अगुवाई वाली दिल्ली कैपिटल्स ने छह मैचों में 10 अंक हासिल किए हैं और टीम का मनोबल काफी ऊँचा है, जिसका उदाहरण अहमदाबाद में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ होने वाले मैच से एक दिन पहले के अभ्यास सत्र में देखने को मिला। ब्रेक के दौरान, गुजरात टाइटन्स के कप्तान शुभमन गिल दिल्ली कैपिटल्स की टीम से मिलने आ गए और टीम के सदस्यों को गले लगाया, जिनमें मेंटर केविन पीटरसन भी शामिल थे। इंग्लैंड के पूर्व स्टार खिलाड़ी पीटरसन, जो हमेशा मज़ाक के मूड में रहते हैं, ने हँसते हुए शुभमन गिल से मज़ाकिया अंदाज़ में पूछा, "भाई, मेंटर क्या होता है?"शुभमन गिल कुछ जवाब दे पाते, उससे पहले ही विकेटकीपर बल्लेबाज़ केएल राहुल ने बीच में आते हुए दिल्ली कैपिटल्स के मेंटर



पर हल्का फुल्का तंज कस दिया। राहुल ने मज़ाकिया अंदाज़ में कहा, "मेंटर वो होता है जो सीज़न के बीच में दो हफ्ते मालदीव चला जाता है! और ये सुनकर पूरी टीम ज़ोर-ज़ोर से हँसने लगी, जिनमें केविन पीटरसन भी शामिल थे। दिल्ली कैपिटल्स ने इस पल का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करते हुए कैप्शन लिखा, "शुक्रिया, केएल! अब हमें पता चल गया कि मेंटर क्या करता है!" गौरतलब है कि दोनों के बीच पुराना इतिहास भी रहा है — जब केएल राहुल लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए खेल रहे थे।

# रजत पाटीदार ने तोड़ा सचिन का रिकॉर्ड




**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) को पंजाब किंग्स के खिलाफ IPL मैच में 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि RCB के कप्तान रजत पाटीदार ने सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। पाटीदार IPL इतिहास में 1000 रन बनाने वाले दूसरे सबसे तेज भारतीय बन गए हैं। पाटीदार ने यह उपलब्धि मात्र 30 पारियों में हासिल की, जो गुजरात टाइटन्स के साई सुदर्शन के बाद दूसरे स्थान पर है, जिन्होंने 25 पारियां लीं। ऐसा करके पाटीदार ने सचिन तेंदुलकर, रुतुराज गायकवाड़ और तिलक वर्मा को पीछे छोड़ दिया। तेंदुलकर और गायकवाड़ ने 31 पारियां में यह कमाल किया था जबकि तिलक ने 33 इनिंग्स में 1000 रन बनाए थे। पाटीदार आईपीएल इतिहास में 35 से ऊपर की औसत और 150 से अधिक की स्ट्राइक रेट के साथ 1000 रन तक पहुंचने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज भी बने। मैच की बात करें तो बारिश के बाद मैच 14 ओवर प्रति टीम कर दिया गया। आरसीबी पहले खेलते हुए एक समय 63 रन पर ही 9 विकेट गंवा चुकी थी। तभी टिम डेविड का बल्ला चला। डेविड ने 26 गेंदों पर 50 रन बनाए और स्कोर 95 तक पहुंचा दिया। जवाब में खेलने उतरी पंजाब के लिए प्रियांश 16, प्रभसिमरन 13 तो कप्तान श्रेयस जब 7 रन बनाकर आऊट हो गए तो नेहल वडेहरा ने एक छोर संभाला और ताबड़तोड़ शॉट लगाते हुए पंजाब किंग्स को पांच विकेट से जीत दिला दी।

# स्वर्ण पदक विजेता सुरुचि ने खोले सफलता के राज

**नई दिल्ली।** निशानेबाज सुरुचि सिंह की अंगुलियों में सटीक निशाना साधने की प्रतिभा पहले से ही थी लेकिन राष्ट्रीय शिविर में पिस्टल के दिग्गज जीतू राय से मिले सुझाव से वह दक्षिण अमेरिका में आईएसएसएफ विश्व कप में कई स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहीं। भारत की शीर्ष घरेलू प्रतियोगिताओं में कई पदक जीतने वाली इस 18 साल की निशानेबाज को भारतीय निशानेबाजी में अगली बड़ी खिलाड़ी के रूप में देखा जा रहा है। सुरुचि ने अपनी प्रतिभा और धैर्य से काफी प्रभावित किया है।



उन्हें अपनी घरेलू सफलता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने के लिए थोड़ी सलाह की जरूरत थी और ऐसे में उन्हें जीतू से मार्गदर्शन मिला। इस सुझाव के बाद उन्होंने बेहद ही कम समय में आईएसएसएफ विश्वकप में दो व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीते। सुरुचि ने कहा, जीतू ने मुझे कुछ सुझाव दिए, जिनसे मुझे यहां बहुत मदद मिली और खेल में आगे बढ़ने के लिए ये सलाह महत्वपूर्ण हैं। मैंने उनकी सलाह का पालन किया और इसका फल मुझे मिला। वर्तमान में राष्ट्रीय टीम के पिस्टल कोचों में से एक जीतू को सुरुचि लंबे समय से जानती हैं। जब झज्जर की निशानेबाज ने अपने राष्ट्रीय कोच के रूप में सेना के इस पूर्व निशानेबाज को चुना तो कोई आश्चर्य नहीं हुआ। सुरुचि के पिता भी सेना से हवलदार के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। जीतू ने कहा, जब मैंने उसे प्रशिक्षण के दौरान निशाना साधते हुए देखा तो मैंने महसूस किया कि उसका हाथ थोड़ा बाईं ओर झुका हुआ था। अभ्यास के साथ उसने इसे जल्दी ही ठीक कर लिया। हमने 15 दिनों तक कर्णी सिंह रेंज में प्रशिक्षण लिया और यह एक बहुत ही उपयोगी शिविर था। जीतू ने कहा, जब मैंने उसे प्रशिक्षण के दौरान निशाना साधते हुए देखा तो मैंने महसूस किया कि उसका हाथ थोड़ा बाईं ओर झुका हुआ था।

# ऋषिकेश को खो-खो में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार



**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार द्वारा जारी किया गया "शिव छत्रपति राज्य खेल पुरस्कार 2023-24" वर्ष का खो खो खेल श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार ऋषिकेश मुरचावड़े को बीते शुक्रवार को राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री अजित पवार और खेल मंत्री दत्ता भरणे की मौजूदगी में प्रदान किया गया। यह कार्यक्रम शिवछत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, म्हालुंगे, बालेवाड़ी, पुणे में आयोजित किया गया था। ऋषिकेश महाराष्ट्र और राष्ट्रीय खो-खो टीम के लिए खेलते हैं और लगातार दो वर्षों तक खो-खो प्रीमियर लीग में भी खेल चुके हैं, पहले वर्ष वह राजस्थान के लिए और पिछले वर्ष मुंबई टीम के लिए खेले थे। ऋषिकेश को इससे पहले अभिमन्यु पुरस्कार और छत्रपति संभाजी पुरस्कार मिल चुका है। ऋषिकेश वर्ष 2023-24 के लिए शिव छत्रपति पुरस्कार पाने वाले मुंबई के खो-खो खेल श्रेणी के एकमात्र खिलाड़ी हैं।

# पंजाब ने बैंगलोर को पांच विकेट से हराया

## आरसीबी का अपने घर में हारने का सिलसिला जारी

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के एक बार फिर अपने घरेलू मैदान पर हार का सामना करना पड़ा। इस बार उन्हें पंजाब किंग्स ने 5 विकेट से मात दी. शुक्रवार को चिन्नास्वामी स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग 2025 का मैच बारिश के कारण दो घंटे की देरी से शुरू हुआ। जिसकी वजह से मैच को घटाकर 14 ओवर-प्रति-साइड कर दिया गया, जिसमें विशेष खेल परिस्थितियों के कारण केवल तीन गेंदबाजों को अधिकतम 4 ओवर गेंदबाजी करने की अनुमति दी गई, और एक को दो ओवर की अनुमति दी गई। 96 रनों के लक्ष्य को पंजाब ने 13वें ओवर की पहली गेंद पर ही हासिल कर लिया. नेहाल वडेरा ने 33 रनों की बेहतरीन पारी खेली,जिसमें 3 चौके और 3 छक्के शामिल थे. लेकिन मैन ऑफ द मैच का अवॉर्ड टिम डेविड को दिया गया, क्योंकि उनकी



50 रनों की पारी की वजह से ही आरसीबी को मैच में बने रहने का मौका मिला था। इस हार के साथ ही आरसीबी एकमात्र टीम है जिसने इस सीजन में अभी तक कोई घरेलू मैच नहीं जीता है. उसे पहले गुजरात के खिलाफ 8 विकेट से हार का सामना करना पड़ा, उसके बाद दिल्ली के खिलाफ 6 विकेट से हार मिली और अब पंजाब ने 5 विकेट से हरा दिया. इस के अलावा आरसीबी एक स्थान पर सबसे ज्यादा मैच हारने वाली टीम भी बन गई है। टॉस हारने के बाद, आरसीबी को पहले बल्लेबाजी करने के लिए कहा गया, और तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने पहले ओवर में खतरनाक फिल साल्ट को आउट कर दिया, उसके बीद विराट कोहली (1), लियाम लिविंगस्टोन (4) जितेश शर्म (2) रजत पाटीदार (23) क्रुणाल पांड्या (1) और इम्पैक्ट सब्सटीट्यूट मनोज भांडगे (1) के जलदी जलदी विकेट गिर गए. एक समय आरसीबी का स्कोर 42/7 कर दिया और फिर भुवनेश्वर कुमार को 8 रन पर आउट कर दिया।

# मेजर लीग क्रिकेट 2025 में खेलते नजर आएंगे वार्नर

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर मेजर लीग क्रिकेट (MLC) में खेलते नजर आएंगे। वार्नर MLC के आगामी तीसरे संस्करण के लिए सिएटल ऑर्कस फ्रैंचाइजी से जुड़े, जो 12 जून से शुरू होगा। यह यूएसए-आधारित टी20 लीग में वार्नर की पहली उपस्थिति होगी। वार्नर वर्तमान में पाकिस्तान सुपर लीग 2025 में भाग ले रहे हैं, जहां वे टूर्नामेंट में कराची किंग्स का नेतृत्व कर रहे हैं। अपने क्रिकेटिंग करियर में अब तक, बाएं हाथ के बल्लेबाज ने कुल 401 टी20 मैच खेले हैं, जहां वे 140.27 की स्ट्राइक रेट से 12,956 रन बनाने में सफल रहे हैं। सिएटल ऑर्कस ने 2023 में उद्घाटन मेजर लीग क्रिकेट सीजन में शानदार शुरुआत की, अंक तालिका में शीर्ष पर रहा, लेकिन एमआई न्यूयॉर्क के खिलाफ फाइनल में पिछड़ गया। हालांकि, दूसरे सीजन में उनके प्रदर्शन में भारी गिरावट देखी गई क्योंकि वे हेनरिक क्लासेन की कप्तानी में सात मैचों में से सिर्फ एक में जीत हासिल कर सबसे निचले पायदान पर रहे। मेजर लीग क्रिकेट का 2025 संस्करण 12 जून से 13 जुलाई तक चलेगा। पिछले साल के विपरीत, यह टूर्नामेंट द हंड्रेड के साथ ओवरलैप नहीं होगा जिससे डेविड वार्नर बिना किसी शेड्यूलिंग संघर्ष के लंदन स्पिरिट के लिए खेल सकेंगे। डेविड वार्नर आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में नहीं बिके और 2009 के बाद पहली बार टूर्नामेंट से बाहर हैं। बाएं हाथ के बल्लेबाज़ वर्तमान में आईपीएल में चौथे सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 184 पारियों में 6565 रन बनाए हैं। वार्नर ने इस साल बिग बैश लीग में दमदार प्रदर्शन किया, सिडनी थंडर के कप्तान के रूप में वापसी की और टीम को फाइनल तक पहुंचाया।



# नई प्रतिभाओं को खोजने पर जोर : क्रेग फुल्टन

**नई दिल्ली।** झांसी में 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 के समापन के बाद, भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने आगामी एशिया कप 2025 की तैयारी शुरू करने के साथ ही प्रतिभा की गहराई और गुणवत्ता के बारे में आशा व्यक्त की। फुल्टन, जिन्होंने प्रतियोगिता पर बारीकी से नज़र रखी, ने शीर्ष टीमों के एक-दूसरे से भिड़ने पर मैचों की प्रतिस्पर्धात्मकता पर प्रकाश डाला।" क्षेत्रीय प्रदर्शनों पर टिप्पणी करते हुए, फुल्टन ने देखा कि विजेता पंजाब ने अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के मजबूत प्रतिनिधित्व के साथ प्रदर्शन किया, जबकि शीर्ष चार टीमों ने कुल मिलाकर अच्छा संतुलन और गुणवत्ता का प्रदर्शन किया। "कुछ क्षेत्र निश्चित रूप से दूसरों की तुलना में अधिक मजबूत थे। उदाहरण के लिए, पंजाब सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ सबसे आगे रहा, जिसने उन्हें बढ़त दिलाई। साथ ही, शीर्ष चार टीमों में प्रतिभा का एक स्वस्थ संतुलन था। हालाँकि, इसके अलावा, गहराई और समग्र गुणवत्ता में थोड़ी गिरावट आई।" एशिया कप चक्र के लिए एक नए कोर ग्रुप के गठन के साथ, फुल्टन ने जोर देकर कहा कि प्राथमिक ध्यान उम्र पर नहीं बल्कि विशिष्ट भूमिकाओं के लिए सही खिलाड़ियों को खोजने पर है। उन्होंने कहा, "यह अधिक युवाओं को लाने के बारे में नहीं है - यह सही पदों के लिए सही खिलाड़ियों की पहचान करने के बारे में है।" 54 संभावितों के साथ एक प्रशिक्षण शिविर जल्द ही निर्धारित किया गया है, जिसमें से 40 खिलाड़ियों का एक कोर ग्रुप चुना जाएगा। फुल्टन ने बताया, "हम पिछले कुछ समय से गहराई बनाने के बारे में बात कर रहे हैं। अगले 18 महीने पर्याप्त बेंच स्ट्रेंथ वाली टीम बनाने के लिए





महत्वपूर्ण हैं।" कोच ने अपने स्काउटिंग मानदंडों पर भी प्रकाश डाला। "हमने निश्चित रूप से व्यक्तियों को देखा, लेकिन यह भी कि वे अपनी टीम के सामरिक ढांचे के भीतर कैसे काम करते हैं। हमने जिस सबसे बड़ी विशेषता का मूल्यांकन किया, वह थी रक्षा - एक-पर-एक और समूह रक्षा दोनों।" जब स्थितिगत अंतराल के बारे में पूछा गया, तो फुल्टन ने फील्ड गोल स्कोर करने और विभिन्न सामरिक परिदृश्यों को संभालने में सुधार की आवश्यकता को स्वीकार किया। उन्होंने कहा, "हम ऐसे खिलाड़ी चाहते हैं जो मैन-टू-मैन और ज़ोनल डिफेंस दोनों के खिलाफ़ गेंद को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ा सकें, बुद्धिमानी से दबाव बना सकें और दबाव में आउटलेट कर सकें।" शारीरिकता और खेल की बुद्धिमत्ता को गैर-परक्राम्य के रूप में पहचाना गया। फुल्टन ने टिप्पणी की, "बहुमुखी प्रतिभा मुख्य फ़ोकस नहीं है - यह एथलेटिकवाद, खेल जागरूकता और नई रणनीति को जल्दी से अपनाने की क्षमता के बारे में अधिक है।"

# प्रियंका की सिटाडेल को लगा झटका!

## सीजन 2 के बाद खत्म हो जाएगी पॉपुलर सीरीज?



सिटाडेल को ग्लोबल फ्रेंचाइजी के तौर पर बनाया गया था। इसके पहले सीजन में प्रियंका चोपड़ा के काम को पसंद किया गया। इन दिनों ओटीटी लवर्स इसके दूसरे सीजन का इंतजार कर रहे हैं। अब अपडेट सामने आया है कि सिटाडेल का दूसरा सीजन इसके यूनिवर्स का आखिरी पार्ट होगा। इसके बाद रूसो ब्रदर्स इसके किसी अपकमिंग सीजन को लेकर नहीं आएंगे। इसका मतलब है कि कहानी को दूसरे पार्ट में ही खत्म कर दिया जाएगा। ऐसे में सिटाडेल का दूसरा पार्ट और ज्यादा रोचक होने वाला है।

वरुण धवन और समांथा रुथ प्रभु की सिटाडेलः हनी बनी के पहले सीजन को पसंद किया गया, लेकिन मेकर्स ने इसके दूसरे सीजन को बनाने से पहले ही मना कर दिया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक, मेकर्स ने इसके दूसरे सीजन की कोई योजना ही नहीं बनाई थी। ऐसे में इसका दूसरा सीजन कैंसिल नहीं किया गया है, क्योंकि वह कभी आने वाला ही नहीं था।

### प्रियंका चोपड़ा की सिटाडेल का नहीं आएगा तीसरा सीजन

इसके बाद अब अपडेट सामने आया है कि प्रियंका चोपड़ा और रिचर्ड मैडन स्टारर मेन अमेरिकी सीरीज सिटाडेल का दूसरा सीजन इस यूनिवर्स का आखिरी पार्ट होगा। इसके बाद मेकर्स कहानी को आगे नहीं बढ़ाएंगे, क्योंकि इस यूनिवर्स को इस पार्ट के साथ खत्म कर दिया जाएगा।

# 'मैं थोड़ी घमंडी हूं...'

## जब करीना ने स्वीकार किया अपना इगो

### वायरल हो रहा पुराना इंटरव्यू

40 की उम्र में भी वो खूबसूरती के मामले में 20 साल की एक्ट्रेस को टक्कर दे सकती हैं। जाहिर है उनमें थोड़ा सा घमंड होगा ही। इस बात को एक्ट्रेस ने खुद एक इंटरव्यू में स्वीकार की थी। एक्ट्रेस का एक पुराना इंटरव्यू इस समय एक्स पर वायरल हो रहा है और बेबो के फैंस इसे काफी पसंद कर रहे हैं।

### करीना ने खुद को बुलाया घमंडी

अभिनेत्री सिमी ग्रेवाल के टॉक शो में एक बार करीना कपूर से बात करते हुए उन्होंने कहा, मेरे अंदर थोड़ा अहंकार है और मैं घमंडी भी हूं। हां, मैं थोड़ी घमंडी हूं... लेकिन यह अच्छा है। आत्म-सम्मान - यह किसी भी चीज से ज्यादा महत्वपूर्ण है। खासतौर पर हम स्वतंत्र महिलाओं के लिए।उ जब उनसे उनके प्रतिस्पर्धियों के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने आत्मविश्वास से जवाब दिया,₹अगर आप चाहते हैं कि मैं वास्तव में ईमानदार रहूं,तो मेरे लिए कोई प्रतिद्वंद्वी नहीं है।

बेबो ने यह कहा कि किसी को सफल होने के लिए आदमी की जरूरत नहीं है। वह एक दशक तक इंडस्ट्री पर राज करना चाहती हैं। करीना ने कहा, मैं अगले 10 सालों तक इस इंडस्ट्री पर राज करने जा रही हूं, मैं इस तथ्य को नहीं छुपाना चाहती। मैं यह कहने जा रही हूं। मैं कम से कम 5 से 10 साल तक यहां रहना चाहती हूं। निश्चित रूप से! मैं दुनिया की किसी भी चीज के लिए अपनी जगह नहीं छोड़ने जा रही हूं। मैं बहुत दुखी हूं, मुझे पता है कि लोग ऐसा कहने के लिए मुझसे नफरत करेंगे लेकिन मैं कहीं नहीं जा रही हूं। करीना ने जब यह इंटरव्यू दिया था, तब उसकी उम्र सिर्फ 21 साल थी। करीना ने कहा कि वो अगले 10 साल तक कहीं नहीं जा रही और उन्होंने ये प्रूफ भी किया। उन्हें इंडस्ट्री में 25 साल हो गए हैं।

> करीना कपूर का जब वी मेट का डायलॉग 'मैं अपनी फेवरेट हूं'काफी ज्यादा पॉपुलर हुआ। एक्ट्रेस ने अभिषेक बच्चन के साथ फिल्म रिफ्यूजी से डेब्यू किया था। इसके बाद वो शाह रुख खान के साथ फिल्म अशोका में नजर आईं। हालांकि आज भी सबसे ज्यादा याद उन्हें जब वी मेट के उनके गीत के रोल के लिए किया जाता है।



# साइकोलॉजिकल थ्रिलर में नजर आएंगी सोनाक्षी सिन्हा

हाल ही में सोनाक्षी सिन्हा अभिनीत साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म 'निकता रॉय' का पोस्टर रिलीज हुआ है। अभिनेत्री के इस फिल्म के पोस्टर ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। सोनाक्षी के तनाव और सीरियस लुक ने सभी को हैरान कर दिया है। फिल्म निर्माताओं द्वारा फिल्म की रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी गई है।

### क्या है फिल्म का पोस्टर?

सोनाक्षी सिन्हा अपने दमदार लुक के साथ इस बार सिनेमाई पर्दे पर नजर आने वाली हैं। अभिनेत्री की आगामी फिल्म निकिता रॉय' के पोस्टर ने उनके लुक के बारे में कई सवाल पैदा कर दिए हैं। इस पोस्टर में सोनाक्षी सिन्हा के अलावा अर्जुन रामपाल, परेश रावल और सुहैल नय्यर भी नजर आ रहे हैं। फिल्म के पोस्टर में सभी किरदार सस्पेंस लुक में दिख रहे हैं। यह फिल्म एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है।


### कब रिलीज होगी फिल्म?

'निकिता रॉय' फिल्म का निर्देशन कुश एस सिन्हा कर रहे हैं, जो इस फिल्म से डायरेक्टर के तौर पर डेब्यू कर रहे हैं। यह फिल्म रहस्य, मनोवैज्ञानिक थ्रिलर की कहानी के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है।

सोनाक्षी सिन्हा की ये फिल्म 30 मई को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। इस फिल्म को निक्की विक्की भगनानी फिल्म्स और निकिता पाई फिल्म्स लिमिटेड के बैनर तले बनाया जा रहा हैं। वहीं, इस फिल्म का प्रोडक्शन निक्की खेमचंद भगनानी, किंजल आहूजा घोन और विक्की भगनानी ने किया है।



शाहरुख खान लोगों में खुशी बांटने के लिए जाने जाते हैं। पूरी दुनिया में उनके फैंस हैं। स्क्रीन पर वह एक रोमांटिक अभिनेता के तौर पर जाने जाते हैं। ऐसे में उन्होंने एक बात से अपने फैंस को हैरान कर दिया। एक बार उन्होंने कहा था कि वह अपने आपको व्यस्त रखने के लिए काम करते हैं ताकि वह अपनी बहन की तरह अवसाद में न जाएं। शाहरुख खान का एक पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में उन्होंने अपने मां-बाप के गुजर जाने के बाद अपनी बहन की हालत के बारे में बात की है।



# शाहरुख का पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

### शाहरुख खान की बहन बोल नहीं सकी

शाहरुख खान ने कहा 'मुझे याद है कि मेरी बहन मेरे पिता की लाश के सामने खड़ी थी। वह सिर्फ देख रही थी, वह रोई नहीं, उसने कुछ नहीं कहा। वह बस गिरी और उसका सर जमीन से लगा। उसके बाद दो सालों तक वह रो नहीं सकी, वह बोल भी नहीं सकी, वह सिर्फ आसमान में देखती थी। इससे दुनिया बदल गई।'

### मां के गुजरने के बाद बढ़ गया दर्द

शाहरुख खान ने आगे कहा 'जब 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' फिल्म बन रही थी, तब वह दोबारा अस्पताल में भर्ती हुई। डॉक्टर्स ने कहा वह बच नहीं पाएगी। मैं उसे स्विटजरलैंड ले गया। जब मैं 'तुझे देखा तो ये जाना सनम' की शूटिंग कर रहा था तभी उसका इलाज कराया। लेकिन पिता के जाने के बाद वह कभी ठीक नहीं हो पाई। उसका दर्द तब दुगना हो गया जब पिता के गुजरने के 10 साल बाद मां भी गुजर गई। हम यतीम हो गए। मुसलमानों में यतीम उसे कहते हैं जिसके मां-बाप नहीं होते हैं।'

### अवसाद से बचने के लिए करता हूं काम

शाहरुख खान ने कहा कि 'मेरी बहन मुझसे अच्छी इंसान थी। मेरे बच्चे मुझसे ज्यादा उससे प्यार करते थे। हम उससे बहुत खुश थे। लेकिन मेरे अंदर बहुत सिंपल रहने का हुनर नहीं है। मैं परेशान नहीं रह सकता। इसलिए मैं काम करता रहता हूं। मेरे आस पास चीजें दुख भरी रहती हैं, फिर भी मैं अपने आपको खुश रखता हूं। मैं जोक्स करता रहता हूं। अगर मैं ऐसा नहीं करूंगा तो मैं भी अवसाद में चला जाउंगा। अवसाद को कम करने के लिए मैं अभिनय करता हूं। ये एक बड़े स्टार बनने और पैसा कमाने से ज्यादा है। यह सोने जैसा सच है।'

# प्रीति जिंटा ने दिया दिल जीतने वाला जवाब

## प्रशंसक ने मिलने और सेल्फी लेने की जताई थी इच्छा



अभिनेत्री प्रीति जिंटा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह यहां अपने फैंस से जुड़ी रहती हैं। हाल ही में उन्होंने उस फैन को जवाब दिया है जो उनसे मिलना चाहता है और सेल्फी लेना चाहता है। फैन ने कहा कि वह अपनी जिंदगी की सबसे अच्छी सेल्फी लेना चाहता है। फैन ने आईपीएल मैच के दौरान प्रीति जिंटा का एक वीडियो भी शेयर किया है।

**यूजर ने की प्रीति जिंटा की तारीफ**

वीडियो में अदित्य भनोट नाम का यूजर प्रीति जिंटा को दूर से देख रहा रहा है और मुस्कुरा रहा है। वीडियो के ऊपर लिखा है 'हर फैन टी-शर्ट चाहता है लेकिन मैं उन्हें निहार रहा हूं।' वीडियो में देखा जा सकता है कि प्रीति जिंटा ग्राउंड में खड़ी होकर फैंस को टी-शर्ट बांट रही हैं। प्रीति पंजाब किंग्स की सहमालिक हैं।

**प्रीति जिंटा ने वीडियो पर किया कमेंट**

फैन ने कैप्शन में लिखा 'आप इस मैच में आईं इसलिए मैं अपने आपको किस्मतवाला समझ रहा हूं, मैं बता नहीं सकता कि आपको यहां देखकर मैं कितना खुश हुआ। मैं चाहता हूं कि मैं आपसे अकेले में मिलूं और आपके साथ अपनी जिंदगी की सबसे अच्छी सेल्फी लूं।' इस पोस्ट पर प्रीति जिंटा ने दिल वाला इमोजी कमेंट करते हुए लिखा 'मैं भी आपको प्यार करती हूं।'

# जैस्मिन भसीन ने लिप फिलर्स के लिए करवाया बोटोक्स?



टेलीविजन इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन अपने अभिनय के साथ-साथ अपने लुक्स को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर यह चर्चा जोरों पर थी कि जैस्मिन ने लिप फिलर करवाए हैं। उनके फैंस और आलोचकों के बीच इस विषय को लेकर कई तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आईं। कुछ ने उनके बदले हुए लुक की तारीफ की तो कुछ ने इसे लेकर सवाल उठाए। इन सबके बीच अब खुद जैस्मिन भसीन ने फिलर्स कराने पर चुप्पी तोड़ी है। जैस्मिन भसीन ने साफ-साफ कहा है कि अगर उन्होंने फिलर्स कराया भी है,तो इसमें किसी को कोई दिक्कत नहीं होना चाहिए। उन्होंने यह अपने कॉन्फिडेंस के लिए किया है।

**बोटोक्स कराने पर बोलीं जैस्मिन**

बॉलीवुड बबल के साथ बातचीत में जैस्मिन भसीन ने कहा, ₹अगर कोई चीज मुझे ज्यादा आत्मविश्वासी महसूस कराती है या मेरा आत्म-सम्मान बढ़ाती है, तो इसमें प्रॉब्लम क्या है? अगर मैं जिंदगी भर किसी चीज को लेकर असुरक्षित महसूस करती रही हूं और मैं उस पर काम करने का फैसला करती हूं, तो यह मेरी मर्जी है। इस पर क्यों आलोचना की जानी चाहिए?

**इस कारण सूजे जैस्मिन के होठ**

जैस्मिन भसीन का एक वीडियो सामने आया था जिसमें लोग उनके सूजे हुए होठ देखकर मान रहे थे कि उन्होंने फिलर्स कराया है। अब एक्ट्रेस ने इसका कारण बताया है। उन्होंने इंटरव्यू में बताया कि एक घटना की वजह से उनके होठों में सूजन आ गई थी। उन्होंने कहा,उस दिन मेरे मेकअप आर्टिस्ट ने मेरे होठों को काफी हद तक ओवरलाइन किया था। उस समय मुझे यह पसंद आया कि यह कैसा दिख रहा था। इसने मुझे इंस्टाग्राम फिल्टर की याद दिला दी जहां होंठ ज्यादा मोटे दिखते हैं लेकिन बाद में मुझे एहसास हुआ कि यह मेरे चेहरे पर उतना सूट नहीं करता।

साउथ सिनेमा के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन ने अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म 'पुष्पा 2' की सफलता के बाद दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है। उनकी आने वाली फिल्मों की चर्चा ने फैंस में काफी ज्यादा उत्साह है। इस बीच उनके साथ फिल्म में काम कर चुकीं पूजा हेगड़े ने अभिनेता के साथ भविष्य में काम करने को लेकर बड़ी बात कह दी है। हाल ही में अपनी आगामी फिल्म 'रेट्रो' के ऑडियो लॉन्च इवेंट में पूजा हेगड़े से अल्लू अर्जुन के साथ दोबारा काम करने के बारे में सवाल किया गया। इस पर पूजा ने साफ और सरल जवाब दिया। उन्होंने कहा, "अगर कोई अच्छी कहानी, मजबूत किरदार और सही मौका मिले तो हम जरूर साथ काम करेंगे।" पूजा के इस बयान ने फैंस की उम्मीदें जगा दी हैं।

# क्या पूजा हेगड़े और अल्लू अर्जुन बड़े पर्दे पर फिर आएंगे साथ?






### इन फिल्मों में दिखेंगी पूजा

पूजा हेगड़े साउथ सिनेमा में एक के बाद एक शानदार प्रोजेक्ट्स के साथ छाई हुई हैं। उनकी अगली फिल्म 'रेट्रो' है, जिसमें वह सूर्या के साथ नजर आएंगी। यह फिल्म 1 मई 2025 को रिलीज होने वाली है। इसके अलावा वह दलपति विजय की आखिरी फिल्म 'जन नायगन' में भी काम कर रही हैं। यह फिल्म इसलिए भी खास है, क्योंकि इसके बाद विजय पूरी तरह से राजनीति में कदम रखेंगे। पूजा की ये फिल्में उनके करियर के लिए अहम साबित हो सकती हैं।

### अल्लू अर्जुन के पास भी है ये बड़ा प्रोजेक्ट

दूसरी ओर, अल्लू अर्जुन भी एक के बाद एक बड़े प्रोजेक्ट्स के साथ सुर्खियां बटोर रहे हैं। उनकी अगली फिल्म का अस्थायी नाम 'एए22xए6' है। इसका निर्देशन एटली कर रहे हैं। 8 अप्रैल को इस प्रोजेक्ट की पहली झलक सामने आई, जिसने दर्शकों को उत्साहित कर दिया।



# सोनू सूद ने गरीब बच्चों की मदद के लिए बढ़ाया हाथ

सोनू सूद बॉलीवुड के ऐसे अभिनेता हैं जो असल जिंदगी में लोगों की मदद करने के लिए जाने जाते हैं। कोरोनाकाल में सोनू सूद ने कई लोगों की मदद की। अब सोनू सूद ने गरीब बच्चों की शिक्षा का जिम्मा उठाया है। सोनू सूद 'सोनू सूद फाउंडेशन' के जरिए 100 गरीब बच्चों को शिक्षा देंगे। ये बच्चे मध्य प्रदेश के देवास जिले के हैं। शिक्षा के क्षेत्र में सोनू सूद का यह पहला कदम है।

### शिक्षा बदलाव का सबसे ताकतवर हथियार

सोनू सूद की इस पहल का नाम 'शिक्षादान' है। अभिनेता सोनू सूद के मुताबिक यह सिर्फ बच्चों को स्कूल भेजने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि उनके भविष्य को बेहतर बनाने के लिए है। सोनू के मुताबिक शिक्षा बदलाव का सबसे ताकतवर हथियार है। सोनू सूद यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि बच्चों को वह मौके मिलें जिनके वे हकदार हैं। सोनू सूद ने ये बातें एक कार्यक्रम के दौरान कहीं।

### शिक्षा के लिए मिलेंगे संसाधन

सोनू सोद की पहल से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को अब शिक्षा मिलेगी। उनको शिक्षा के लिए फीस, बैग, किताबें और ड्रेस दी जाएगी। इन बच्चों को अच्छी शिक्षा दी जाएगी। इस पहल के जरिए बच्चों का चयन स्थानीय संस्थान करेंगे, ताकि इसमें गरीब बच्चों को ही लिया जा सके।

### आने वाले दिनों में होगा विस्तार

मध्य प्रदेश का जिला देवास पहला ऐसा जिला है जहां पर सोनू सूद ने शिक्षा की पहल की है। आने वाले दिनों में इसे और विस्तार दिया जाएगा। सोनू सूद का मकसद मच्चों को अच्छी शिक्षा देकर उनके भविष्य को बेहतर बनाना है।